RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 108
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 26 मई, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




त्वचा को खूबसूरत बनाने और ग्लो बढ़ाने में बहुत फायदेमंद है मैदा

पेज - 11

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,749 | ▼ 303 |
| निफ्टी | 16,025 | ▼ 99.35 |
| सोना | 51,020 | ▼ 137 /10 gm |
| चांदी | 61,772 | ▼ 204 /kg |

## मौसम (फरीदाबाद)

अधिकतम 37.00°C
न्यूनतम 29.00°C

## क्विक न्यूज

### देश की पहली महिला कॉम्बैट एविएटर बनीं कैप्टन अभिलाषा



**नई दिल्ली।** भारत की ओर से महिलाओं को रक्षा सेवाओं में अधिकारियों के रूप में शामिल करने के फैसले के तीन साल बाद कैप्टन अभिलाषा बराक बुधवार को सेना की पहली महिला लड़ाकू पायलट बन गईं। आर्मी एविएशन कॉर्प्स में शामिल होने से पहले अभिलाषा नासिक में कॉम्बैट आर्मी एविएशन ट्रेनिंग स्कूल में कोर्स को पूरा करने में लगी हुईं थीं। एक साल का ट्रेनिंग कोर्स पूरा होने के बाद उन्हें महिला लड़ाकू पायलट के रूप में सेना में शामिल कर लिया गया। बराक हरियाणा की रहने वालीं हैं और रिटायर्ड कर्नल की बेटी हैं।

### 80 घंटे बाद कुएं से मृत निकला किसान

**हिसार।** हरियाणा में हिसार जिले के स्याहड़वा गांव में किसान जयपाल हुड्डा के शव को सेना और एनडीआरएफ ने आखिरकार करीब 80 घंटे बाद निकाल लिया। बता दें कि किसान जयपाल हुड्डा और उसके साथ खेत में काम करने वाला मजदूर जगदीश उर्फ फौजी रविवार सुबह सवा सात बजे के करीब कुएं में मिट्टी गिरने से दब गए थे। सेना और एनडीआरएफ की टीम ने जगदीश को 21 घंटे बाद मृत हालत में निकाला था, लेकिन जयपाल को 80 घंटे बाद निकाला जा सका। जयपाल का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। इस हादसे के बाद ऑपरेशन के दौरान रात को कुएं में दो बार मिट्टी गिरी, जिसमें बचाव दल के दो जवान बड़ी मुश्किल से बचाए गए।

### स्वास्थ्य विभाग और कर्मचारी राज्य बीमा निगम में होगा एमओयू

**चंडीगढ़।** हरियाणा के श्रमिकों को नागरिक अस्पतालों की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की दिशा में प्रदेश स्वास्थ्य विभाग और कर्मचारी राज्य बीमा निगम के बीच एमओयू होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह जानकारी नई दिल्ली में केंद्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन व श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में दी। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने मीडिया से बातचीत के दौरान हरियाणा में श्रमिकों की सामान्य सेवाओं-सुविधाओं, श्रमिक कल्याण योजनाओं के सही रूप में कार्यान्वयन के संदर्भ में हरियाणा सरकार की प्रशंसा की। मनोहर लाल ने बताया कि हरियाणा में श्रमिकों को पर्याप्त चिकित्सा सेवा-सुविधाओं के लाभ देने की दिशा में ईएसआई अस्पताल सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है।

### पाक में खून-खराबे का खतरा, लाहौर में हिंसा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को इस्लामाबाद तक लॉन्ग मार्च शुरू कर दिया है। वो यहां बेमियादी धरने पर बैठेंगे। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इमरान और सरकार के बीच फौज ने डील करा दी है। हालांकि, खान ने इससे साफ तौर पर इनकार किया। लाहौर में इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (टीएई) के समर्थकों और पुलिस के बीच झड़पें भी हुईं। पुलिस ने खान समर्थकों पर टियर गैस का इस्तेमाल किया। हालात बिगड़ते देख अब तक कथित तौर पर न्यूट्रल रहने वाली फौज भी एक्शन में आई। होम मिनिस्ट्री से बातचीत के बाद इस्लामाबाद के ज्यादातर हिस्सों में फौज और रेंजर तैनात हैं।

---

कपिल सिब्बल ने कांग्रेस छोड़ी

# सिब्बल ने सपा के समर्थन से राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया

**सिब्बल मनमोहन सिंह की सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे हैं**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के दिग्गज नेता कपिल सिब्बल ने पार्टी छोड़ दी है। बुधवार को उन्होंने समाजवादी पार्टी के समर्थन से राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया। सिब्बल कांग्रेस हाईकमान खासकर राहुल गांधी पर सवाल उठा चुके हैं, ऐसे में माना जा रहा था कि कांग्रेस उन्हें शायद ही राज्यसभा भेजे। नामांकन से पहले सिब्बल सपा दफ्तर गए थे और वे अखिलेश के साथ ही राज्यसभा पहुंचे।

नामांकन दाखिल करने के बाद सिब्बल ने कहा कि वे 16 मई को ही कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे चुके हैं। सिब्बल अभी यूपी से कांग्रेस कोटे से सांसद हैं, लेकिन इस बार यूपी में पार्टी के पास इतने ही विधायक नहीं हैं, जो उन्हें फिर से राज्यसभा भेज सकें। लिहाजा, सिब्बल के भविष्य को लेकर कयास लगाए जा रहे थे, अब समाजवादी पार्टी के टिकट पर नामांकन दाखिल कर उन्होंने तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया।

दिलचस्प बात है कि जब कांग्रेस में सिब्बल के टिकट पर सस्पेंस बरकरार था, उस वक्त तीन बड़ी विपक्षी पार्टियां उन्हें अपने कोटे से राज्यसभा भेजने को तैयार थीं। उत्तर प्रदेश से सपा, बिहार से राजद और झारखंड से झामुमो सिब्बल को



राज्यसभा भेजने का मूड बना चुकी थीं। हालांकि, सिब्बल ने अखिलेश के साथ जाने का मन बनाया। सिब्बल पिछले दिनों कांग्रेस के चिंतन शिविर में भी शामिल नहीं हुए। उन्होंने मार्च में एक इंटरव्यू के दौरान गांधी परिवार पर जमकर हमला बोला था।

बता दें, यूपी, पंजाब समेत पांच राज्यों की विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद कपिल सिब्बल ने गांधी परिवार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। एक इंटरव्यू में सिब्बल ने कहा कि घर की कांग्रेस नहीं अब सबकी कांग्रेस होगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस में अध्यक्ष न होते हुए भी फैसला राहुल गांधी ले रहे हैं, जबकि हार की जिम्मेदारी कोई नहीं लेता। राहुल के रहते कांग्रेस कई चुनाव हार चुकी है, ऐसे में नए लोगों को नेतृत्व दिया जाना चाहिए।

यह भी विदित रहे कि कपिल सिब्बल 2004 से लेकर 2014 तक मनमोहन सिंह की सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे। सिब्बल वीपी सिंह की सरकार में एडिशनल सॉलिसिटर जनरल भी रह चुके हैं। वहीं 2016 में कांग्रेस ने उन्हें यूपी से राज्यसभा भेजा था। सोनिया-राहुल गांधी पर चल रहे नेशनल हेराल्ड केस में पैरवी भी कर रहे हैं। नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया-राहुल समेत पांच नेताओं पर आरोप है कि हेराल्ड की संपत्तियों का अवैध ढंग से इस्तेमाल किया, जिसमें दिल्ली का हेराल्ड हाउस और अन्य संपत्तियां शामिल हैं। इस मामले में सोनिया-राहुल जमानत पर हैं।

---

# गंगोत्री राजमार्ग पर वाहन खाई में गिरा, छह तीर्थ यात्रियों की मौत

**बड़ा हादसा**

**एजेंसी।** टिहरी

**गंगोत्री** राजमार्ग कंडीसौड़ तहसील अंतर्गत कोटी गाड़ के समीप एक बड़ा हादसा हो गया। एक बोलेरो वाहन खाई में गिरने से छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वाहन के खाई में गिरते ही उसमें आग लग गई। बुधवार दोपहर साढ़े तीन बजे एक बोलेरो वाहन चंबा से उत्तरकाशी की तरफ जा रहा था।

गंगोत्री राजमार्ग पर कंडीसौड़ तहसील के पास कोटी गाड (बरसाती नाला) में वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। कंडीसौड़ के तहसीलदार किशन सिंह महंत का कहना है कि अभी तक शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई



है। उनके परिचितों से संपर्क किया जा रहा है। वाहन में सवार तीर्थयात्री पश्चिम बंगाल के थे।

दुर्घटनाग्रस्त वाहन उत्तराखंड का ही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि खाई में गिरने के दौरान वाहन में आग लग गई थी। जिस कारण शव बुरी तर से झुलसे हुए हैं। ऐसे में उनकी पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा है।

---

टेरर फंडिंग के दो मामलों में सुनाई सजा, 10 लाख का जुर्माना भी

# यासीन मलिक को आजीवन कारावास की सजा

**एनआईए कोर्ट पहले ही दोषी करार दे चुका था**

**सजा सुनने के बाद यासीन ने अपने वकील को गले लगाया**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**अलगाववादी** नेता यासीन मलिक को पटियाला हाउस कोर्ट में टेरर फंडिंग केस में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। यासीन को एनआईए कोर्ट पहले ही दोषी करार दे चुका था। एडवोकेट उमेश शर्मा ने बताया कि यासीन को दो मामलों में उम्रकैद, 10 मामलों में 10 साल की जेल और 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ये सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। यासीन पर पाकिस्तान के समर्थन से कश्मीर में आतंकी घटनाओं के लिए फंडिंग करने और आतंकियों को तबाही का सामान मुहैया कराने के केस दर्ज थे।

सजा सुनने के बाद यासीन मलिक ने अपने वकील एपी सिंह को गले लगाया। माना जा रहा था कि यासीन को फांसी की सजा दी जा सकती थी। सजा से पहले पटियाला हाउस कोर्ट की सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी। वहीं, श्रीनगर के कई बाजार बंद हो गए और वहां भारी फोर्स तैनात है। सुरक्षा के लिहाज से श्रीनगर और आसपास के इलाकों में मोबाइल और इंटरनेट सर्विस बैन कर दी गई है।



**इमरान ने मलिक की सजा का किया विरोध**

**इस** बीच पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान ने यासीन मलिक को सजा दिए जाने का विरोध किया है। इमरान ने लिखा, मैं कश्मीरी नेता यासीन मलिक के खिलाफ मोदी सरकार की उस फासीवादी रणनीति की कड़ी निंदा करता हूं, जिसके तहत उन्हें अवैध कारावास से लेकर फर्जी आरोपों में सजा दी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को फासीवादी मोदी शासन के राजकीय आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

इससे पहले, बुधवार को मलिक की सजा पर बहस हुई। एनआईए ने यासीन के लिए फांसी की मांग की थी, वहीं यासीन के वकील उसके लिए उम्रकैद चाहते थे। 19 मई की सुनवाई के दौरान यासीन ने अपने गुनाह कबूल किए थे। कोर्ट में एनआईए के स्पेशल जज प्रवीण सिंह ने कहा कि एनालिसिस से पता चलता है कि गवाहों के बयान और सुबूतों से लगभग सभी आरोपियों का एक-दूसरे से संपर्क और पाकिस्तानी फंडिंग साबित हुई है।

बुधवार को फैसला आने से पहले कोर्ट पहुंचे यासीन ने कहा, अगर मैं 28 साल के दौरान किसी आतंकवादी गतिविधि या हिंसा में शामिल रहा हूं और खुफिया एजेंसियां यह साबित करती हैं, तो मैं भी राजनीति से संन्यास ले लूंगा। मुझे फांसी मंजूर होगी। मैंने सात प्रधानमंत्रियों के साथ काम किया है। मैं अपने लिए कुछ भी नहीं मांगूंगा। मैं अपनी किस्मत का फैसला अदालत पर छोड़ता हूं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक लाल चौक की कुछ दुकानों सहित मैसूमा और आसपास के इलाकों में ज्यादातर दुकानें बंद रहीं। पुराने शहर के कुछ इलाकों के बाजार भी बंद रहे, हालांकि परिवहन सामान्य रहा। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर में सुरक्षा बलों को भारी संख्या में तैनात किया गया है।

दोषी करार होने के बाद मलिक ने कोर्ट में कहा था कि वह यूएपीए की धारा 16 (आतंकवादी गतिविधि), 17 (आतंकवादी गतिवधि के लिए धन जुटाने), 18 (आतंकवादी कृत्य की साजिश रचने), व 20 (आतंकवादी समूह या संगठन का सदस्य होने) और भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) व 124-ए (देशद्रोह) के तहत खुद पर लगे आरोपों को चुनौती नहीं देना चाहता। मलिक 2019 से दिल्ली की तिहाड़ जेल में केद है।

10 मई को पिछली सुनवाई में अदालत ने कहा था कि मलिक ने आजादी के नाम पर जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए दुनिया भर से फंडिंग के नाम पर पैसे लिए। कोर्ट ने फारूक अहमद डार उर्फ बिट्टा कराटे, शब्बीर शाह, मसर्रत आलम, मोहम्मद यूसुफ शाह, आफताब अहमद शाह, अल्ताफ अहमद शाह, नईम खान, मोहम्मद अकबर खांडे, राजा मेहराजुद्दीन कलवाल, बशीर अहमद भट, जहूर अहमद शाह वटाली, शब्बीर अहमद शाह, अब्दुल राशिद शेख, और नवल किशोर कपूर सहित अन्य कश्मीरी अलगाववादी नेताओं के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय किए थे।

---

अमेरिका के स्कूल में फायरिंग : स्टूडेंट ने पहले दादी को गोली मारी

# स्कूल पहुंचकर 19 बच्चों समेत 21 की जान ली, हमलावर छात्र ढेर किया

**एजेंसी।** टेक्सास

**अमेरिकी** राज्य टेक्सास से एक दिल दहलाने वाली खबर आई है। टेक्सास के युवाल्डे में रॉब एलिमेंट्री स्कूल में एक 18 वर्षीय युवक ने अंधाधुंध फायरिंग की। इस हमले में 19 विद्यार्थियों और दो अध्यापकों की मौत हो गई। फायरिंग में 13 बच्चे, स्कूल के स्टाफ मेंबर्स और कुछ पुलिस वाले भी घायल हुए हैं। हमलावर ने स्कूल में फायरिंग से पहले अपनी दादी को भी गोली मारी है। उन्हें एयरलिफ्ट करके अस्पताल ले जाया गया है। घटना के बाद अमेरिका में चार दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है।

घटना के बाद राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि एक राष्ट्र के तौर पर हमें पूछना चाहिए कि गन लॉबी के खिलाफ हम कब खड़े होंगे और वो करेंगे जो हमें करना चाहिए। माता-पिता अपने बच्चे को कभी नहीं देख पाएंगे। बहुत सारी आत्माएं आज कुचली गई हैं। यह वक्त है जब हमें इस दर्द को एक्शन में बदलना है। पुलिस अधिकारियों ने हमलावर को मारने का दावा किया है। उसकी पहचान 18 साल के साल्वाडोर रैमोस के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि हमलावर खुद भी उसी स्कूल का छात्र है, जिसमें उसने वारदात को अंजाम दिया। टेक्सास के स्कूल में फायरिंग की यह घटना कनेक्टिकट में 2012 में हुई फायरिंग से मिलती हुई है। कनेक्टिकट के न्यूटाउन में सैंडी हुक एलिमेंट्री हाईस्कूल में 14 दिसंबर 2012 को 20 वर्षीय युवक ने फायरिंग की थी। इस हमले में 26 लोगों की जान गई थी, इनमें 20 बच्चे थे। यह अमेरिका के इतिहास की सबसे भयावह मास शूटिंग थी। अमेरिकी उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने घटना पर दुख जताया।



**हर साल बढ़ रहीं गोलीबारी की घटनाएं**

**इस** साल में अब तक अमेरिका के 27 स्कूलों में गोलीबारी हो चुकी है। वहीं देशभर में गोलीबारी की 200 से ज्यादा घटनाएं सामने आ चुकी हैं। नेशनल गन वायलेंस मेमोरियल के आंकड़ों के मुताबिक, 2021 में अमेरिका में गोलीबारी के 693 मामले सामने आए, 2020 में 611 मामले और 2019 में गोलीबारी की 417 घटनाएं दर्ज की गई थीं। आंकड़ों से साफ जाहिर है कि अमेरिका में गोलीबारी के मामले हर साल बढ़ रहे हैं।

---

# रेवाड़ी में एसआरएस का टावर सील, निवेशकों का करोड़ों अटका

**झांसे में आकर सौ से ज्यादा लोग फ्लैट बुक कर चुके हैं**

**पायनियर समाचार सेवा।** रेवाड़ी

**हरियाणा** के रेवाड़ी एसआरएस रियल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट का लाइसेंस रद्द होने पर बुधवार को जिला नगर योजनाकार ने निर्माणधीन टावर को सील कर दिया है। एसआरएस टावर में फ्लैट लेने के लिए करोड़ों रुपये इंवेस्ट कर चुके 100 से ज्यादा निवेशों के करोड़ों रुपये अटक गए हैं।

दरअसल, शुरू से ही विवादों से घिरी रियल एस्टेट कंपनी एसआरएस ने रेवाड़ी शहर के पॉश इलाके गढ़ी बोलनी रोड पर 6.643 एकड़ जमीन पर 210 ग्रुप हाउसिंग फ्लैट बनाने के लिए 8 सितंबर 2008 को हरियाणा सरकार से लाइसेंस नंबर 167 लिया था। फ्लैट बुक कराने के लिए कंपनी की ओर से जोर-शोर से प्रचार भी किया गया। कंपनी के प्रचार के झांसे में फंसे 100 से ज्यादा लोगों ने फ्लैट बुक कर दिए। इन फ्लैटों के साइज के अनुसार निवेशकों ने 32 से 40 लाख रुपये प्रति फ्लैट के हिसाब से बुकिंग की थी।

---

# करनाल के व्यापारी ने बैंक से मिलकर 155 करोड़ का फ्रॉड किया

**करनाल।** हरियाणा के जिले करनाल से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक व्यापारी को गिरफ्तार किया है। व्यापारी के खिलाफ करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े मामले में मनी लॉन्ड्रिंग रोधी कानून के तहत कार्रवाई की है। महेश टिंबर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अशोक कुमार मित्तल को गिरफ्तार किया गया। उन्हें चार दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। उन्होंने बैंक अधिकारी के साथ मिलकर धोखाधड़ी से लेटर ऑफ क्रेडिट की सीमा 21 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 195 करोड़ रुपये कर दी है। बाद में इसे नकली आयात से सिंगापुर स्थित मित्तल की संबंधित संस्थाओं को भेज दिया।

---

# देश के 2100 राजनीतिक दलों पर बड़ी कार्रवाई करेगा चुनाव आयोग

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**साल** 2024 में होने वाले आम चुनाव से पहले चुनाव आयोग 2100 राजनीतिक दलों पर बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। ये वो पार्टियां होंगी जो टैक्स समेत कई गड़बड़ियां की हैं। नियमानुसार एनुअल ऑडिट भी सही तरीके से नहीं करा पाईं हैं।

कई पार्टियां ऐसी भी हैं जो कि चुनाव में खर्च का ब्योरा भी नहीं दे पाई हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने बुधवार को कहा कि वो आरपी अधिनियम 1951 की धारा 29ए और 29सी का अनुपालन नहीं करने वाली देश की 2100 से अधिक पंजीकृत




गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के खिलाफ कार्रवाई करेगा।

राजनीतिक पार्टियों को विधानसभा चुनाव खत्म होने के 75 दिन और लोकसभा चुनाव खत्म होने के 90 दिन के भीतर चुनावी खर्च का ब्योरा देना अनिवार्य होता है। चुनाव आयोग ने 2100 से अधिक राजनीतिक पार्टियों में से 2056 ऐसी हैं जो कि एनुअल ऑडिट एकाउंट को भरने में असमर्थ रही हैं।

---

# निकाय चुनाव पार्टी सिंबल पर लड़ेगी आप

**29 मई के बाद पार्टी करेगी उम्मीदवारों की घोषणा : गुप्ता**

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**आम** आदमी पार्टी हरियाणा के कुरुक्षेत्र में 29 मई को होने वाली रैली के बाद नगर निकाय उम्मीदवारों की घोषणा करेगी। हरियाणा पार्टी प्रभारी सुशील गुप्ता ने चंडीगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी।

इस मौके पर पार्टी का नया गाना 'हरियाणा के लाल ने, एक मौका केजरीवाल' ने जारी किया। गुप्ता ने कहा कि हरियाणा में बिना टेंडर के विकास कार्य जारी किए जा रहे हैं।



अभी तक सरकारों ने 75 साल से सभी पार्टियां राजा के बेटे को राजा बनाती आ रही हैं। अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी को सांसद और विधायक बनाना शुरू किया। भारत की जनता चाहती है कि देश में परिवर्तन आए। आम युवाओं को रोजगार, अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं चाहिए, जोकि आप उपलब्ध कराएगी।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में पहली बार अपने मंत्री को कैबिनेट से हटाया था। दूसरा उदाहरण पंजाब के सीएम भगवंत मान ने डॉ. सिंगला को हटाकर दिया।

पंजाब ने भी दिखा दिया कि भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दूसरी पार्टियों की सरकारें अपने मंत्रियों को बचाती रही हैं। सांसद ने कहा कि हरियाणा में निकाय चुनावों में जो उम्मीदवार उतारे जाएंगे, वे अपराधी नहीं होंगे और न ही भ्रष्टाचारी। जनता की सेवा करने की भावना मन में हो। मेयर और पार्षद के चुनाव पार्टी सिंबल पर लड़ेंगे।

पंचायती चुनाव सिंबल पर लड़ने का फैसला पार्टी बाद में करेगी। पार्टी में कोई भी स्थायी अध्यक्ष नहीं होता। आज मुझे जिम्मेदारी दी गई है, कल किसी को मिल सकती है। इस मौके पर चित्रा सरवारा ने कहा कि निर्मल सिंह ने आत्मा के साथ पार्टी जॉइन की है। वे देश के पहले पूर्व विधायक है, जिन्होंने अपनी तीन पेंशन छोड़ी। इस मौके पर आप नेता अशोक तंवर और सिंगर केडी भी रहे।

---

# अगले तीन दिनों में उम्मीदवारों के नाम फाइनल करेंगे : दिग्विजय चौटाला

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** की 28 नगर पालिकाओं और 18 नगर परिषदों में होने वाले चुनाव को लेकर जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने कमर कस ली है। 19 जून को होने वाले नगर निकाय चुनाव के संबंध में जजपा की पंचकूला में एक महत्वपूर्ण बैठक चल रही है। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने की।

जबकि पार्टी के प्रदेशायक्ष निशान सिंह, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. केसी बांगड़, राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी, जजपा प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला, पार्टी के मंत्री एवं विधायक मौजूद है। इस मौके पर जजपा नेता दिग्विजय चौटाला ने अगले तीन दिनों में उम्मीदवारों का चयन कर लिया जाएगा। साथ ही मीटिंग में चर्चा की गई कि चुनाव गठबंधन में लड़े जाएंगे और इसके लिए पार्टी हाईकमान और राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा से बातचीत करेंगे। चुनाव में जो मुद्दे होंगे, उनको लेकर पार्टी कार्यकर्ता जनता के बीच जाएगी। 29 मई से पहले नॉमिनेशन फाइल किया जाएगा।



दिग्विजय चौटाला ने बीजेपी सांसद अरविंद शर्मा के बयान के मामले पर कहा कि ये उनकी पार्टी का मामला है पर एक नेता को पब्लिक मीटिंग में एक सीमित दायरे का ध्यान रखना चाहिए और उचित फोरम पर बात रखनी चाहिए। वहीं भगवंत मान द्वारा पंजाब में अपने मंत्री को बर्खास्त करने पर कहा कि ये अच्छा स्टेप है और कोई भ्रष्टाचार में लिप्त हैं तो उस पर कारवाई भी होनी चाहिए।

# फरीदाबाद पायनियर

Good Morning!

हरियाणा, बृहस्पतिवार, 26 मई, 2022 | वोटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com


### शहर का तापमान

- अधिकतम 36.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 25.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- एयरफोर्स रोड पर दुर्गा मंदिर की वाली गली है श्री श्याम अखाडा: शाम 7 बजे।
- बीके अस्पताल में ओपीडी शुरू: सुबह 8 बजे।
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्पों का आयोजन: सुबह 9 बजे।

### निवेश गुरु

**इन** दिनों फंड मैनेजर और इंवेस्टमेंट एडवाइजर ईएसजी फंडों की खूब बात कर रहे हैं। ईएसजी का मतलब एनवॉयमेंट, सोशल और गवर्नेंस से है। ईएसजी फंड पर्यावरण, समाज और गवर्नेंस संबंधी ऊंचे मानकों को पूरा करने वाली कंपनियों में पैसा लगाते हैं। क्या ईएसजी थीम में पैसा लगाना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है? अभी बाजार में 8 ईएसजी म्यूचुअल फंड उपलब्ध हैं। अभी सब्सक्रिप्शन के लिए तीन एनएफओ (न्यू फंड ऑफर) भी खुले हुए हैं।

### यूटीलिटी न्यूज

#### मीडिया के 7 छात्रों का चयन

**फरीदाबाद।** संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग, जे. सी. बोस विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में आज समर इंटर्नशिप ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में रेडियो महारानी ने मीडिया विभाग के 7 छात्रों का चयन किया। संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने कहा कि विभाग छात्रों के लिए इंटर्नशिप और रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन करता है। जिसमें भारत भर के मीडिया संस्थान तथा कम्पनी हिस्सा लेती हैं। आज इस ड्राइव में रेडियो महारानी ने विभाग के छात्रों का कौशल आधारित एक परीक्षा ली जिसमें दो राउंड थे। इस ड्राइव में 40 छात्रों ने भाग लिया। पहले राउंड में 15 विद्यार्थी शॉर्टलिस्ट हुए। दूसरे राउंड इंटरव्यू में छात्रों का रेडियो प्रस्तुतीकरण तथा वॉयस मॉडुलेशन टेस्ट लिया गया, जिसमें से 7 विद्यार्थी बीजेएमसी द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिया गुलाटी, प्रथम वर्ष की छात्र आस्था, खुशी, चिराग, यशिता, कुसुम और बीएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष के छात्र साहिल का चयन हुआ।

### क्विक न्यूज

#### शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेंद्र कुमार की टीम ने 15 मुकदमों में शामिल एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी मुस्तकीम फतेहपुर तगा का रहने वाला है। पुलिस द्वारा इससे पहले आरोपी के तीन अन्य साथियों राहुल, कन्हैया उर्फ रफीक तथा आलम को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जो चोरी और स्नैचिंग के 3 मुकदमों में इसके साथ शामिल थे।आरोपी एक बहुत ही शातिर किस्म का चोर है। आरोपी के खिलाफ फरीदाबाद में कुल 15 मुकदमे दर्ज हैं। ज्यादातर मुकदमे स्नैचिंग और चोरी के शामिल हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को थाना धौज़ एरिया से गिरफ्तार कर लिया।

# नगर निगम की कार्यशैली ने ऐप 311 को भी बना दिया नकारा

## जनता की समस्याओं के निपटारे के लिए बनाया गया ऐप बना दिखावटी

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**केंद्र** और राज्य सरकार आम जनता की सुविधा के लिए आए दिन नई-नई योजना बना रही है। इन सुविधाओं का लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए सरकार ऑनलाइन प्रणाली को लगातार बढ़ावा दे रही है। ताकि पारदर्शिता के साथ जनता को निश्चित समय पर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सके।

साथ ही जनता की समस्याओं के तुरंत निपटारे के लिए कई ऐप और सोशल मीडिया पर अन्य प्लेटफार्म लॉन्च किये गए हैं। जिसके माध्यम से सरकार सीधा शिकायत पर नजर भी रख रही है। इसी कड़ी में जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए राज्य सरकार की तरफ से ऐप 311 लॉन्च किया गया था। लेकिन नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली ने इस महत्वपूर्ण ऐप को नकारा साबित कर दिया है।

इस ऐप पर आम जनता की तरफ से ढेरों शिकायत तस्वीरों के साथ अपलोड की जाती है, लेकिन इन शिकायतों को दूर करने की बजाए ज्यादातर मामलों में निगम कर्मचारी सिर्फ लीपापोती करके अपना कर्तव्य पूरा कर लेते हैं। जबकि दूसरी तरफ शहर में समस्याओं का अम्बार लगा हुआ है। जहां देखों वहीं गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। सीवर ओवरफ्लो हो रही है। वहीं सड़कों और फ्लाईओवरों पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं। ऐप पर शिकायत करने का भी असर नहीं हो रहा।



शहर के व्यस्त हार्डवेयर चौक के खतरनाक गड्ढे।




बाटा रेलवे फ्लाईओवर पर बने जानलेवा गड्ढे।

### निगमायुक्त की चेतावनी का भी असर नहीं

**मूलभूत** समस्याओं को तेजी के साथ निपटाने के लिए सरकार ने ऐप 311 लॉन्च किया था। इस ऐप पर कोई भी व्यक्ति अपने आसपास की जन समस्याओं की शिकायत तस्वीर के साथ अपलोड कर सकता है। जिसमें गंदगी, सीवर जाम अथवा ओवरफ्लो, खराब स्ट्रीट लाइट, पेयजल, टूटी सड़कों और अन्य कई तरह शिकायतें शामिल हैं। इस ऐप के लॉन्च होने के बाद नगर निगम प्रशासन द्वारा इसका थोड़ा बहुत प्रचार-प्रसार भी किया गया था। ताकि आम जनता को इसके बारे में पता चल सके। जिन लोगों को इस ऐप के बारे में पता है, वे अपने आसपास की समस्याओं की शिकायतें भी लगातार दर्ज करवा रहे हैं। लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव इस ऐप पर आने वाली शिकायतों का तुरंत निपटारा करवाने के लिए कई बार अधिकारियों और कर्मचारियों को आदेश दे चुके हैं। उन्होंने कई बार सूचना जारी कर शिकायत का निपटारा न होने पर संबंधित अधिकारी अथवा कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है। लेकिन उन्हें निगमायुक्त के आदेशों की परवाह नहीं है।

### फेल हो चुका है ऐप



नीलम बाटा रोड पर लगा कूड़े का ढेर।

**सरकार** ऐप लॉन्च करें या फिर सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्मों के माध्यम शिकायतों का निपटारा करने का दावा करे, लेकिन नगर निगम के अधिकारी आज भी पुराने ढर्रे पर चल रहे हैं। साथ ही अधिकारियों की आम जनता की समस्याओं के समाधान की तरफ रूचि ही दिखाई नहीं देती। एनआइटी और हाइवे को जोड़ने वाले रेलवे फ्लाईओवरों पर पिछले काफी समय से गड्ढे बने हुए हैं। बरसात के बाद गड्ढों की संख्या और साइज काफी बढ़ गया है। यहीं हालत हार्डवेयर चौक और शहर की सड़कों की है। लेकिन अधिकारियों को इन समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। प्रशासन के लाख दावों के बावजूद जहां देखो वहीं कूड़े और गंदगी के ढेर लगे हैं। यहां तक कि शहर के पॉश सेक्टर भी गंदगी के से अछूते नहीं हैं। शहर में जगह-जगह मेडिकल वेस्ट तक बिखरा रहता है। नगर निगम के लाख दावों के बावजूद अभी शहर में जगह जगह कूड़ा जलाया जा रहा है। स्ट्रीट लाइटें खराब होने से शहर के कई हिस्से शाम ढलते ही अंधेरे में डूब जाते हैं। वहीं शहर की सड़कों की खस्ता हालत किसी से छिपी नहीं है।

### सरकार को कर रहे बदनाम

**नगर** निगम के अधिकारी और कर्मचारी सरकार के शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के सपने पर पानी फेरने पर तुले हुए हैं। सरकार द्वारा आम जनता की समस्याओं का आसानी के साथ समाधान करने वाले लिए फरीदाबाद 311 ऐप बनाया गया है। लेकिन निगम की तरफ से इस ऐप की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए दिखावे का प्रचार प्रसार किया गया। शहर के अधिकांश लोग इस ऐप के बारे में आज तक नहीं जानते। जिन थोड़े बहुत लोगों को इस ऐप के बारे में जानकारी है,

### नहीं हो रहा समस्याओं का समाधान



**सामाजिक** कार्यकर्ता रविंद्र चावला का कहना है कि सरकार आम जनता की सुविधा के लिए ऑनलाइन प्रणाली को लगातार बढ़ावा दे रही है, लेकिन आज भी पुराने ढर्रे पर चलने वाले नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की ऑनलाइन व्यवस्था की ओर रूचि दिखाई नहीं देती। शहर के लोग ऐप पर लगातार अपने आसपास की समस्याओं की शिकायतें कर रहे हैं। लेकिन इन शिकायतों का निपटारा करने के नाम पर सिर्फ लीपापोती हो रही है।

वह लगातार इसमें अपनी ऑनलाइन शिकायतें दर्ज करवा रहे हैं। ऐप में सबसे ज्यादा शिकायतें सीवर ओवरफ्लो, दूषित पेयजल आपूर्ति, खराब स्ट्रीट, जलभराव, अतिक्रमण, टूटी सड़कों और गलियों के बारे में लोगों द्वारा दर्ज करवाई जा रही है। ऐप द्वारा नंबर उपलब्ध करवाने के बावजूद संबंधित अधिकारी न तो इसमें कोई कमेंट दर्ज करते हैं और न ही समस्याओं के समाधान करवाने की तरफ कोई ध्यान दे रहे हैं। अधिकारियों की कार्यशैली के कारण सरकार द्वारा इस ऐप पर खर्च किया गया पैसा व्यर्थ हो रहा है।

# एकॉर्ड अस्पताल में स्मार्ट स्वास्थ्य सुविधाएं : डॉ. प्रबल

## चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय मुख्य अतिथि ओर हॉस्पिटल निदेशक डॉ. जितेंद्र कुमार पहुंचे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**इंडियन** मेडिकल एसोसिएशन आयुष की ओर से नीलम बाटा रोड स्थित एक होटल में वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एकॉर्ड हॉस्पिटल ने बढ़चढ़ का भाग लिया। कार्यक्रम में चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय मुख्य अतिथि ओर हॉस्पिटल निदेशक डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. युवराज कुमार, रोहित गुप्ता, डॉ. ऋषि गुप्ता और डॉ. रामचंद सोनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नरेश, जिला अध्यक्ष डॉ. वीपी सिंगला ने सभी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।




नीलम बाटा रोड स्थित होडल में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन आयुष की वार्षिक बैठक में मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते एसोसिएशन के सदस्य।

डॉ. प्रबल रॉय ने कहा कि ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल में अत्याधुनिक तकनीक से लैस स्मार्ट सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध कराई जा जाएगी। इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

डॉ. जितेंद्र कुमार ने कहा कि एकॉर्ड इंटीग्रेटेड मेडिसिन का कॉन्सेप्ट लेकर आया है विषय पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि नवीनतम सुविधाओं और पुरानी इलाज की पद्धति जिसमें एलोपैथी ओर आयुष शामिल है को मिल कर कार्य करने की जरूरत है जिससे मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जा सके।

न्यूरोलॉजी विभाग चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता ने दिमागी बीमारियों के नई इलाज तकनीक के विषय में जागरूक किया। इसी प्रकार अन्य सभी डॉक्टरों ने अपने विचार रखे। इस मौके पर आयुष के सभी डॉक्टरों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सभी ने मिलकर मरीजों का इलाज करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में आईएमए आयुष एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नरेश, जिला अध्यक्ष डॉ. वीपी सिंगला, संरक्षक डॉ. आरएस चौहान सहित 200 डॉक्टर मौजूद थे।

# तेलंगाना में अध्यापक एक दूसरे की संस्कृति को जानेंगे

## 30 जून को हेमलता व शैली रानी तेलंगाना के लिए होंगी रवाना

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**कल्चरल** एक्सचेंज प्रोग्राम अंडर-एक भारत , श्रेष्ठ भारत के तहत तेलंगाना में होने वाले कार्यक्रम में एक-दूसरे की संस्कृति को जानने का शहर के दो प्राध्यापकों को मौका मिलेगा। ये दोनों प्राध्यापक हरियाणवीं संस्कृति से विभिन्न प्रदेशों के प्राध्यापकों को अवगत कराएंगी और फिर ये दोनों उनकी संस्कृति से रूबरू होंगी।

दरअसल कोरोना काल में समग्र शिक्षा के अंतर्गत हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला द्वारा सेंटर फॉर कल्चरल रिसोर्सिस एंड ट्रेनिंग और मिनिस्ट्री ऑफ कल्चरल गर्वमेंट ऑफ इंडिया के तत्वावधान में फरीदाबाद में खंड और जिला स्तर पर कार्यक्रम हुए। दोनों प्रतियोगिता में म्यूजिक टीचर हेमलता और अर्थशास्त्री की प्राध्यापक शैली रानी ने भागीदारी की। इस कार्यक्रम के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा पेंटिंग भी करनी होती थी। कोरोना काल के चलते प्राध्यापकों को अपनी कला की विडियो बनाकर हेड ऑफिस पंचकूला भेजनी थी। हेमलता ने फॉग डांस में भाग लिया, जबकि शैली ने टूडी पेंटिंग मधुबनी में भागीदारी की। दोनों की कला पहले स्थान पर रही। फिर उन्होंने प्रदेश स्तर पर हुई प्रतियोगिता में भाग लिया। वहां भी वे पहले स्थान पर रही। हेमलता दो साल से स्टेट लेवल पर पहले स्थान पर रही, जबकि शैली एक साल से शानदार पेंटिंग बनाने में नंबर वन रही हैं।



हैमा।



शैली।

# जिले में जल संरक्षण की दिशा में उठाए ठोस कदम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जन** स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की तरफ से जल संरक्षण की दिशा में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। जिसके तहत राधा स्वामी कॉलोनी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो में जिला सलाहकार दीपक कुमार की अगुवाई में पीने के पानी को सब्जी की खेती में उपयोग करने वाले पांच कनेक्शन काटे गए।

जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि अरविंद रोहिल्ला कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर एक कैथल के निर्देशानुसार गांव में सब्जी के कनेक्शन को काटने का काम किया गया। अरविंद रोहिल्ला कार्यकारी अभियंता ने निर्देश दिए कि गांव में सब्जी कनेक्शनों को काटा जाए और लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाए, गांव में पानी की बर्बादी को रोका जाए। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि कैथल शहर में 2 नहरी पानी आधारित है तो वही 46 ट्यूबवेल है। जिन से जलापूर्ति दी जाती है। जिला सलाहकार दीपक कुमार शहर वासियों को बताया कि प्रत्येक उपभोक्ता का जहां स्वच्छ जल पीना अधिकार है। वहीं पेयजल की सुरक्षा करना भी हर उपभोक्ता का कर्तव्य होना चाहिए। जल संरक्षण हमारे व्यवहार में शामिल होना जरूरी है। तभी हम आने वाली पीढ़ी के लिए जल को संरक्षित कर पायेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार पेयजल बिल भी जारी कर दिये है। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि पेयजल के बिल का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं। बताया कि पीने के पानी का भुगतान पेटीएम, गूगल पे, भीम पे, फोन पे आदि के माध्यम से करने से 5 प्रतिशत की छूट मिलती है।



सब्जी के कनेक्शन कटवाते हुए जिला सलाहकार दीपक कुमार।

# सामाजिक समस्याओं को लेकर जागरुकता सत्र आयोजित

## जेसी बोस विश्वविद्यालय के वैकल्पिक परामर्श एवं मध्यस्थता प्रकोष्ठ द्वारा जागरुकता सत्र का हुआ आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते अतिथि।

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के नवगठित वैकल्पिक परामर्श एवं मध्यस्थता प्रकोष्ठ (एसीएमसी) द्वारा आज 'सामाजिक समस्याओं के लिए समाधान-मध्यस्थता, परामर्श और विवाद प्रबंधन' विषय पर जागरुकता सत्र का आयोजन किया। इस प्रकोष्ठ का गठन भयभीत करने वाले सामाजिक-मनोवैज्ञानिक मुद्दों के समाधान के लिए किया गया है।

जागरुकता सत्र में भारत वाल्व्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और डीएलएफ उद्योगों के अध्यक्ष जेपी मल्होत्रा सम्मानित अतिथि थे, जबकि भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता जीतेन्द्र गुप्ता मुख्य वक्ता रहे। सत्र की अध्यक्षता इलेक्ट्रॉनिक्स के अध्यक्ष डॉ प्रदीप डिमरी ने की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेपी मल्होत्रा ने विभिन्न विवादों से निपटने के अपने अनुभव को साझा किया और कई समस्या-समाधान तकनीकों पर बल दिया। एडवोकेट श्री जीतेन्द्र गुप्ता ने कहा कि मध्यस्थता एक वैकल्पिक उपाय है जो किफायती, समय बचाने वाला और समाधान उन्मुख है। उन्होंने मध्यस्थता के महत्व को भी बताया और कहा कि मध्यस्थता कभी विफल नहीं होती। इससे पहले प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ दिव्यज्योति सिंह ने बताया कि इस प्रकोष्ठ की शुरुआत कुलपति प्रो. एसके तोमर और कुलसचिव डॉ सुनील कुमार गर्ग के मार्गदर्शन में की गई है, जिसका उद्देश्य व्यक्तिगत तनाव को दूर करना और लैंगिक सीमाओं से हटकर सहानुभूति उत्पन्न करना है। यह प्रकोष्ठ विशिष्ट और सामान्य दोनों तरह समस्याओं के समाधान के लिए काम करेगा। प्रकोष्ठ के सदस्यों में मनोचिकित्सक, परामर्शदाता, स्वास्थ्य विशेषज्ञ, अधिवक्ता और उद्यमी शामिल हैं। इस सत्र का संचालन आयोजन समिति के सदस्यों भारत भूषण, ममता बंसल और पूजा छाबड़ा द्वारा किया गया।


### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103





**पता तो है सभी को एक दिन तो अंत है आगे**  
**मगर धन जोड़ने में आमजन से संत है आगे**  
**दिखाये सींखचें पल में ही अपने एक प्यादे को**  
**सियासी लोगों में तो आज बस भगवंत है आगे**

# पुलिस ने स्कूल के बच्चों को किया जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देश के तहत कार्य करते हुए स्टूडेंट पुलिस कैडेट प्रभारी इंस्पेक्टर सविता की अगुवाई में फरीदाबाद के गांव जुनहेड़ा स्थित सरकारी स्कूल पहुंचकर छात्र छात्राओं को बाल अपराध शोषण तरह सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक कर इनसे लड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उनके साथ ट्रैफिक ताऊ विरेंद्र तथा दुर्गा शक्ति की टीम मौजूद रही। वहीं स्कूल की तरफ से प्रिंसिपल नंदकिशोर तथा शिक्षक सुशील, राजकुमार, राजीव, जवाहरलाल ऋतुराज व सुरेश, शिक्षिका मोनिका, नीलम तथा पूनम भी मौजूद रही।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इंस्पेक्टर सविता की टीम छात्राओं को लगातार जागरूक करने में लगी हुई है और वह प्रतिदिन अलग-अलग स्थानों पर जाकर छात्रों को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक करने की कोशिश कर रही है ताकि इस देश की नौजवान पीढ़ी को समाज में घटित होने वाले अपराधों के बारे में समय पर जागरुकता करके उससे लड़ने में सफलता प्राप्त हो सके और शिक्षा के माध्यम से एक बेहतरीन समाज का निर्माण हो सके। इसी क्रम में आज पुलिस की विभिन्न टीमें छात्रों को जागरूक करने के लिए जुनहेड़ा गांव में स्थित राजकीय स्कूल में पहुंची जहां उन्होंने बच्चों के विरुद्ध घटित होने वाले लगभग सभी अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए सरकार द्वारा इनके निषेध के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में जानकारी दी।

अंत में पुलिस से संपर्क करने के माध्यमों के बारे में बच्चों को जागरूक करते हुए पुलिस टीम ने बताया कि वह किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना 112 पर दे सकते हैं। इसके अलावा महिला हेल्पलाइन 1091, साइबर अपराधों से संबंधित शिकायतें 1930 और बच्चों से संबंधित किसी भी अपराध के लिए वह 1098 पर संपर्क कर सकते हैं। इसी के साथ इस जागरूकता कैंपेन का समापन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा पूरी पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया।




गांव जुन्हैडा के सरकारी स्कूल में बच्चों को कानून की जानकारी देती इंस्पेक्टर सविता।

# भार्गवा इंटरप्राइजेज ने 130 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** 24वां ऑल इंडिया रविंद्र फागना मिक्स कॉर्पोरेट लीग का मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड फरीदाबाद में खेला गया। यह मैच भार्गवा इंटरप्राइजेज और केसरी मर्वेलस के बीच खेला गया। इस मैच में भार्गवा इंटरप्राइजेज ने केसरी मर्वेलस को 130 रन से हराया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 20-20 ओवर का था और केसरी मर्वेलस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। भार्गवा इंटरप्राइजेज टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने ओवर 20 में 3 विकेट पर 272 रन बनाए।



### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 21.05.2022 को विनय सिंह नेगी निवासी मं०नं० सी 5/3 धीरज नगर फरीदाबाद, बिना बताए कही चला गया है जिसका हुलिया रंग सांवला लम्बुतरा चेहरा पतला शरीर कद 5 फूट 8 इंच बा उम्र 36 जिसने गहरे कालेहरी रंग की ट्राउजर नीली शर्ट पैरों मे नीली हवाई चप्पल पहने हुए है। मु0न0 302 दिनांक 21.05.22 थाना पल्ला फरीदाबाद। सूचना मिलने पर निम्नलिखित नबंरो पर सुचित करें।

**कंट्रोल रूम फरीदाबाद- 0129-2227200, एसएचओ पल्ला फरीदाबाद- 9582200139**  
**आइओ- 9871606687**

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता हैं कि दिनाक 13.04.2022 को शिल्पा पत्नी सुशील कुमार निवासी मं०नं० 7602 गली नं०1 हनुमंत कलोनी फरीदाबाद बिना बताये अपनी मर्जी कही चला गया है जिसका हुलिया रंग गहुंआ गोल चैहरा, हष्ट पुष्ट शरीर कद 5 फुट 5 इंच उम्र 24 साल गुलाबी साड़ी ब्लाउज पैरों मे काली चप्पल पहने हुए है। मुकदमा नं० 272 दिनांक 09.05.2022 थाना पल्ला फरीदाबाद। जिसके बारे सूचना मिलने पर निम्नलिखित फोन नम्बरों सूचित किया जावे।

**कंट्रोल रूम फरीदाबाद- 0129-2227200, एसएचओ पल्ला फरीदाबाद- 9582200139**  
**एचसी बहादुर सिंह- 9871606687**

# फिजियोथेरेपी सेंटर बंद, मरीज हो रहे परेशान

### मरीजों ने बताया, उन्हें यहां घंटों तक खड़े रहना पड़ रहा

**कविता** । फरीदाबाद

**जिले** के बादशाह खान सिविल अस्पताल में आने वाले मरीजों को फिजियौथेरेपी की सुविधा जिला स्वास्थ्य विभाग और रेडक्रॉस सोसायटी की तरफ से वर्षों से अलग अलग दो सेंटरों पर उपलब्ध करवाई जा रही है। लेकिन पिछले कुछ दिनों से बीके अस्पताल के नए भवन में स्थित फिजियोथेरेपी सेंटर में मरीजों की काफी भीड़ लग रही है।

जब पायनियर संवाददाता ने इसका कारण जानना चाहा तो पता चला कि यहां बीके अस्पताल परिसर में मौजूद रेडक्रॉस सोसायटी का फिजियोथेरेपी सेंटर बंद पड़ा हुआ है। जिसके कारण मरीज स्वास्थ्य विभाग के सेंटर में इलाज के लिए पहुंच रहे है। जिससे इस सेंटर पर मरीजों की भीड बढ़ गई है। इलाज के लिए आए कुछ मरीजों ने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी का सेंटर होने के कारण उन्हें काफी हद तक राहत मिलती थी। लेकिन उस सेंटर के अचानक बंद होने के कारण उन्हें यहां इलाज के लिए घंटों इतजार करना पड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक बीके अस्पताल की ओपीडी में मौजूद कमरा नम्बर 31 में बुधवार को मरीजों की काफी भीड लगी हुई थी। वहां खड़े मरीजों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि कुछ मरीज तो रोजाना फिजियोथेरेपी करवाने आते हैं और कुछ मरीज मेडिकल करवाने के लिए आए हुए हैं। क्योंकि बुधवार को दिव्यांगजनों के सर्टिफिकेट बनते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के फिजियाथेरेपी सेंन्टर में भीड अधिक है। जब वहां तैनात कर्मचारी से कारण पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि बीके अस्पताल में मौजूद रेडक्रॉस सोसायटी का फिजियोथेरेपी सेंटर जोकि पुरानी इमारत के कमरा नम्बर 35 में चल रहा है, वह कुछ दिनों से बंद है, वहां से इलाज करवाने वाले मरीज भी यहां आ रहे है, वहीं स्टाफ के सदस्यों और वीआईपी के आने के कारण यहां भीड़ बढ़ रही है।


बीके अस्पताल के पुराने भवन में स्थित फिजियोथैरेपी सेंटर।

मरीजों ने बताया कि उन्हें यहां घंटों खड़े रहना पड़ रहा है। जिस कारण उन्हें यहां पिछले कुछ दिनों से परेशानी हो रही है। वहीं उन्होंने कहा कि यदि दोनो सेंटर चालू होते है, तो किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होती। वहीं जब पायनियर की तरफ से रेडक्रॉस सोसायटी के बने फिजियोथेरेपी सेंटर में जाकर देखा गया, तो कक्ष पूरी तरह से बंद था। वहां बंद कक्ष के बारे में किसी तरह की जानकारी नहीं दी गई।

## लापता युवक को किया परिजनों के हवाले

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए पुलिस चौकी सेक्टर 11 प्रभारी प्रदीप मोर की टीम ने 30 वर्षीय गुमशुदा युवक को सकुशल तलाश करके उसके परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक पुलिस 12 मई को पुलिस थाना सेक्टर 8 में गुमशुदगी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें मिलहार्ड कॉलोनी के रहने वाले युवक के परिजनों ने बताया कि उनका लड़का 10 मई से लापता है। उन्होंने उसे ढूंढने की हर संभव कोशिश की, दोस्तों रिश्तेदारों में भी पता किया परंतु उन्हें लड़के के बारे में कोई भी जानकारी प्राप्त नहीं हुई।

# कमल से प्रेरणा लेकर समस्याओं का समाधान करना हमारी जिम्मेदारी : सीएम

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फरीदाबाद की जिला कार्यालय अटल कमल का किया उद्घाटन

### केंद्र सरकार की 8 वर्षों की उपलब्धियों पर बुकलेट भी की रिलीज

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार अंत्योदय की भावना के साथ काम कर रही है। हमारा दायित्व 'कमल' के आशीर्वाद से प्रेरणा लेकर आमजन की दुख तकलीफों को दूर करना है। ऐसे में पार्टी कार्यकर्ता अंत्योदय की भावना के साथ समाज की अंतिम पंक्ति वैसे व्यक्ति की समस्या का समाधान करने के लिए कार्य करें। मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार को सेक्टर-15 स्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय 'अटल कमल' का उद्घाटन करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।


सेक्टर-15 में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर।

उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि उन्हें अपने नाम के साथ-साथ 'कमल' को भी याद रखना है। आमजन तक पहुंचकर जनसंपर्क करना है और सरकार की सभी नीतियों का जरूरतमंद व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि अगर हम समय पर जरूरतमंद की मदद करेंगे तो इसका लाभ पार्टी संगठन को भी होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन को चलाने के लिए पांच क की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि इसमें कार्यालय, कार्यकर्ता, कोष, कार्यक्रम और कार्यपद्धति शामिल है। उन्होंने कहा कि हमें इन सभी कार्यों के साथ-साथ कमल पर भी हमें गर्व है। उन्होंने कहा कि इसी संकल्प को लेते हुए हमने प्रदेश के सभी 22 जिलों में तैयार होने वाले पार्टी कार्यालय के नाम के साथ कमल शब्द जोड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय हम सभी के लिए सेवा का मंदिर हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 69 लाख लोगों का डाटा पीपीपी के जरिये हमारे पास है। 1,80,000 वार्षिक से कम आय वाले परिवार को आयुष्मान भारत का लाभ भी देंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत दस लाख नए परिवारों को बीपीएल योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व सड़क सुरक्षा बीमा योजना जैसी योजनाओं में प्रीमियम की आधी राशि केंद्र सरकार देती है लेकिन जरूरत पड़ी तो इसकी आधी राशि प्रदेश सरकार भी देगी।

## जनता की कमाई से भाजपा ने बनाया 5 स्टार दफ्तर : भड़ाना

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद

**सेक्टर-15** में बुधवार 25 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल पर कटाक्ष करते हुए आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का जिला कार्यालय प्रदेश की जनता की खून-पसीने की कमाई से बनाया गया है।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा बनाया गया 5 स्टार कार्यालय मात्र छह महीने में बनकर तैयार कर दिया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय जनता पार्टी केवल अपना विकास कर रही है। जगह-जगह मल्टीलेवल सभी सुविधाओं से सुसज्जित कार्यालय खोले जा रहे हैं, मगर जनता के विकास से उनका कोई लेना-देना नहीं है। आज फरीदाबाद शहर पूरा त्राहिमाम कर रहा है। एक दिन की बारिश में पूरा शहर जलमग्न हो गया। मगर, भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को एवं जिला प्रशासन को इससे कोई लेना-देना नहीं है। भड़ाना ने कहा कि अच्छी बात है भारतीय जनता पार्टी अपना 5 स्टार कार्यालय खोल रही है, मगर इससे पहले क्या जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करना इनका फर्ज नहीं बनता। जहां, ये लोग अपने कार्यालय को मात्र 6 माह में तैयार कर देते हैं, वहीं कई-कई बरसों से लोगों के विकास कार्य अधूरे पड़े हैं। गांव बड़खल में तीन साल से अधिक का समय हो गया है सीवर कार्यों के उद्घाटन को, मगर वहां आज भी कार्य पूरा नहीं हो पाया है। ठेकेदार द्वारा खोदे गए गड्ढों में लोग गिरते हैं। प्याली हार्डवेयर रोड की योजना बरसों से लटकी पड़ी है, कई लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा है, मगर प्रदेश की भाजपा सरकार आंखें बंद कर बैठी है। बल्लभगढ़ से सोहना तक बने टोल रोड की भी मुख्यमंत्री को सुध लेनी चाहिए।


धर्मबीर भड़ाना।

## मतदाता सूची का कार्य निर्धारित समय पर पूरा करें : डीसी


अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते डीसी जितेंद्र यादव।

**फरीदाबाद।** उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र यादव ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार एमसीएफ चुनाव के लिए मतदाता सूची के कार्य में लगे अधिकारी और कर्मचारी निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार कार्य को गंभीरता से निर्धारित समय पर पूरा करें।

उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि आगामी 11 मई को एमसीएफ की इलेक्ट्रोल का फाइनल प्रकाशन कर दिया गया था। दावे और आपत्ति के निपटारे के लिए 26 मई तक पूरा करना सुनिश्चित करें। इस कार्य के लिए गत माह से वार्ड बंदी का कार्य शुरू हो था। अधिकारी अब बूथ बनाने और दावे तथा आपत्तियो के कार्य को अधिकारी धरातल पर जाकर पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य में लगे बीएलओ, सुपरवाइजर व जेई और वार्डो के मौजिज व्यक्तियों के साथ धरातल पर जाकर कार्य को मूर्त रूप दे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हरियाणा निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर सभी अधिकारी व कर्मचारियों को चुनाव कार्य करना सुनिश्चित करें।

# दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए हुआ पंजीकरण शिविर का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद

**दिव्यांग** एवं बुजुर्गों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार पूरी तरह प्रयासरत है और इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। अंत्योदय की भावना के तहत भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य अंतिम छोर के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है।

इस वक्तव्य इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पुनीता हसीजा ने बुधवार को सेक्टर-21 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार (एलिमको) जिला प्रशासन, रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद, तथा अग्रसेन समाज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पंजीकरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद में 10 हजार से अधिक वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को उपकरण बांटे जाएंगे। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिमको द्वारा वरिष्ठ नागरिक के लिए छड़ी, वॉकर, कान की मशीन, चश्मा, छोटी सहित अपने बहुत से उपकरण इस योजना के अंतर्गत लोगों को उपलब्ध कराए जाएंगे।


सेक्टर-21डी स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में शिविर का शुभारंभ करते हुए।

डॉ. पुनीता हसीजा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि सभी दिव्यांगजनों को हम वह वैकल्पिक हर संसाधन उपलब्ध करवा सके, जिससे वे स्वयं आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार का लालन-पालन कर सकें। इससे एक सशक्त भारत के निर्माण में अपना सहयोग करें। जो रेडक्रॉस सोसाइटी समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है और जल्द ही फरीदाबाद को दिव्यांगजन मुक्त बनाने का संकल्प पूरा किया जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सरकार के सहयोग से इन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## एचएसवीपी करेगा हाईटेंशन लाइन को शिफ्ट

**फरीदाबाद।** सेक्टर-3 में गुरुग्राम कैनाल के साथ 60 वर्ग गज मकानों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन शिफ्ट करने का रास्ता साफ हो गया है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने इस 66 केवी हाईटेंशन लाइन शिफ्ट करने के लिए हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम को 41.10 लाख रुपये पहली अप्रैल को जमा करवा दिए हैं।

अब हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम ने लाइन शिफ्ट करनी है। उल्लेखनीय है कि सेक्टर 3 रेजिडेंट वेलफेयर फेडरेशन के प्रधान सुभाष लांबा व सचिव रतन लाल राणा के नेतृत्व में पीड़ित नागरिक करीब तीन चार साल से हाईटेंशन लाइन शिफ्ट करने के लिए मुहिम चलाए हुए थे। आखिरकार उनका संघर्ष रंग लाया और अब लाइन शिफ्ट की सभी अड़चनें दूर हो गई है। यहां लाइन की चपेट में आने से आधा दर्जन नागरिक मौत के मुंह से जा चुके हैं। मौतों के अलावा हादसे के वक्त आसपास के घरों में लगे इलैक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण जल जाते हैं।

# बरसाती जलभराव से बढ़ सकती हैं बीमारियां

**विवेक सिंह** । बल्लभगढ़

**जिले** में जहां एक तरफ स्वच्छता अभियान को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। स्मार्ट सिटी का दावा करने वाले शहर में 24 घंटे के भीतर हुई बरसात ने निगम की पोल खोल दी। बरसात ने जहां लोगों को राहत दी। वहीं निगम के स्वच्छ भारत अभियान के दावे को फेल करते हुए आने वाले दिनों में स्वास्थ्य विभाग के लिए मुसीबत बढ़ा दी है। ऐसा ही शहर के विभिन्न हिस्सों में देखने को मिल रहा है। जहां गंदगी के ढ़ेर और बरसाती पानी भरने से शहरवासियों पर बीमारियों और इंफैक्शन का खतरा बढ़ गया है। लेकिन दो दिनों बाद भी इस ओर किसी भी विभाग के अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया है, जोकि आने वाले समय में आम जनता के स्वास्थ्य के लिए खतरा साबित हो सकता है।

शहर के अस्पतालों में दो दिन पहले हुई बरसात के बाद से बदलते मौसम के मरीजों के आने की संख्या बढ़ गई है। लेकिन आने वाले दिनों में जिलेवासियों को गंदगी और जलभराव के कारण होने वाली बीमारियों और इंफैक्शन से जुझना पड़ सकता हैं, क्योंकि जिले के शहरी और ग्रामीण इलाके बारिश के कारण बदहाली चरम पर पहुंच गई हैं। जिससे निपटने का प्राधिकरण फ़िलहाल कोई प्रयास करता नहीं दिख रहा। यह दिखता है कि निगम केवल प्रचार में ही स्वच्छता की बात करता है। असल में ज़मीनी हालात निगम के प्रचार में स्वच्छता के दावे के ईतर हैं। अगर निगम के ढीले रवैये में बदलाव नहीं हुआ तो जल्दी ही शहर बीमारियों का केन्द्र बन जाएगा। जिसका सीधा असर पहले से कमज़ोर स्वास्थ्य व्यवस्था पर पड़ेगा। इसलिए निगम को चाहिए कि वह समय रहते इस ओर ध्यान दे ताकि मच्छर जनित बीमारियों पर काबू पाया जा सके। प्रदेश में डबल इंजन वाली सरकार के होने के बावजूद प्राधिकरण केन्द्र सरकार के स्वच्छता मिशन को आगे बढ़ाता नहीं दिख रहा। प्रशासन की अपनी ज़िम्मेदारी के प्रति यह उदासीनता शहर को स्मार्ट सिटी बनने के सपने से बहुत दूर लेकर जा रही है।


सड़क किनारे फैली गंदगी और बरसात का पानी।

अगर हालात नहीं सूधरे तो शहर जल्दी ही स्मार्ट शहर की दौड़ से बाहर हो जाएगा। इस पर सड़क किनारे रेहड़ी लगा कर फल बेचने वाले व्यक्ति का कहना था कि पहले से ज़मा कूडा और अब यह रूका पानी दोनों ही जानलेवा साबित हो रहें हैं। इस पर निगम को तत्काल कार्रवाई करने की जरुरत है।

## स्वच्छता दिवस पर माहवारी के पांच हजार कप देंगे दान

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद

**मैन्स्ट्रुअल** हाइजीन डे (28 मई 2022) यानी कि माहवारी स्वच्छता दिवस के मौके पर जाने-माने भारतीय महिला हाइजीन ब्राण्ड सिरोना ने अपनी सीएसआर शाखा सिरोना हाइजीन फाउंडेशन के साथ मिलकर देश भर में जरूरतमंद महिलाओं को 5000 मैन्स्ट्रुअल कप दान में देने की घोषणा की है। साथ ही कंपनी महिलाओं को इन कप्स के इस्तेमाल के बारे में जानकारी देगी और अगले तीन महीनों तक उन्हें प्रशिक्षण देती रहेगी।

सिरोना हाइजीन फाउंडेशन, सिरोना की सीएसआर शाखा है जो देश में पीरियड्स से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए काम करती है, ताकि सभी महिलाओं को एक समान रूप से सैनिटरी आइटम मुहैया कराए जा सकें। फाउन्डेशन ने अपने मुख्य प्रोजेक्ट -लाखों ख्वाइशें के माध्यम से महिलाओं की पीरियड संबंधी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए 1 लाख महिलाओं को मैन्स्ट्रुअल कप उपलब्ध कराने और इन्हें कप के इस्तेमाल के बारे में जानकारी देने का लक्ष्य रखा है। पिछले 1 साल में फाउन्डेशन 5000 कप दान में दे चुका है और इस मैन्स्ट्रुअल हाइजीन डे के मौके पर फाउन्डेशन ने 5000 और कप दान में देने की शपथ ली है। फाउन्डेशन के प्रयासों को सहयोग प्रदान करने के लिए सिरोना बेचे जाने वाले हर प्रोडक्ट पर रुपये एक का योगदान देता है, जिसका उपयोग देश में वंचित एवं जरूरतमंद महिलाओं के मैन्स्ट्रुअल स्वास्थ्य एवं हाइजीन में सुधार लाने के लिए किया जाता है। पीरियड्स से जुड़ी समस्याएं सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए बड़े संकट की तरह है, असंख्य



हेल्थ प्रोग्रामों के बावजूद इसे हल करना अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। खासतौर पर भारत जैसे देश में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है जहां पीरियड्स के बारे में खुलकर बात तक नहीं की जाती।

एनएफएचएस-5 के आंकड़ों के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, लक्षदीप, हिमाचल प्रदेश, गोवा, तेलंगाना, केरल, मिज़ोरम और दादरा एवं नागर हवेली सहित सिर्फ 7 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में 90 फीसदी या अधिक महिलाएं सैनिटरी आइटमों का इस्तेमाल करती हैं। इसके विपरीत जम्मू-कश्मीर, त्रिपुरा, असम, मेघालय, गुजरात और बिहार में 70 फीसदी या इससे भी कम महिलाएं सैनिटरी आइटमों का उपयोग करती हैं। 2021 में सरकार ने सैनिटरी नैपकिन को ज़रूरी वस्तुओं की सूची में शामिल किया है। पीरियड्स से जुड़ी गलत अवधारणाओं को दूर करने, नीतियों के माध्यम से अनुकूल माहौल बनाने और ज़रूरतमंद महिलाओं को हर ज़रूरी सहयोग प्रदान करने के लिए 2020 में सिरोना हाइजीन फाउन्डेशन की स्थापना की गई। दीप बजाज, सीईओ एवं सह-संस्थापक, सिरोना ने कहा, ''सिरोना हाइजीन फाउन्डेशन एक ऐसी दुनिया का निर्माण करना चाहता है जहां हर महिला और हर लड़की को स्वस्थ जीवन के साथ सशक्त बनाया जा सके।

# संक्षिप्त समाचार

## मानक ब्यूरो ने अधिकारियों को दी जानकारी



**फरीदाबाद।** भारतीय मानक ब्यूरो, फरीदाबाद शाखा कार्यालय की तरफ से उदित अग्रवाल, वैज्ञानिक-बी, आशुतोष राय, वैज्ञानिक-बी द्वारा 24 मई को जिला परिषद, भिवानी में राज्य सरकार विभाग (जिला परिषद) के अधिकारियों के साथ संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीओ, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता और अन्य कर्मचारियों सहित 40 अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को बीआईएस गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। सभी ऑनलाइन पोर्टल का भी प्रदर्शन किया गया। संबंधित उत्पादों पर भारतीय मानकों की जानकारी दी गई और निविदाओं में आईएसआई मार्क उत्पादों की मांग पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों द्वारा निविदाओं में आईएसआई मार्क उत्पादों की मांग पर उठाए गए सभी प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया गया। इसके अलावा, प्रीकास्ट पेविंग ब्लॉक (आईएस 15658) और प्रीकास्ट कंक्रीट पाइप (आईएस 458) के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई क्योंकि इन उत्पादों की निविदाएं जारी करने के लिए जिला परिषद मुख्य विभाग है।

## स्कूल में छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की



**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से तथा विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के सहयोग से हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित किया गया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि आज विद्यालय की कक्षाओं में अध्ययनरत छात्राओं की स्वास्थ्य की जांच स्वास्थ्य विभाग जिला नागरिक चिकिसालय से आई टीम द्वारा विगत दो दिन से की जा रही है। डिप्टी सिविल सर्जन तथा उन की टीम के सहयोगियों द्वारा सभी छात्राओं का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वेट तथा बीएमआई आदि की जांच की जा रही है। विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रही विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं की स्वास्थ्य की गहन जांच डिप्टी सिविल सर्जन, एएच काउन्सलर, स्टाफ नर्स एवम अन्य कर्मचारियों की टीम द्वारा की जा रही है। डिप्टी सिविल सर्जन की टीम का प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा, प्राइमरी मुख्य शिक्षिका अमृत कौर, शिक्षक दीपक मदान, शिक्षिका मंजू, परवीन कुमार एवम विद्यालय के समस्त अध्यापकों और कर्मचारियों ने स्वागत और अभिनंदन किया।

## मारपीट और छीना झपटी के आरोप में दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नीतीश अग्रवाल के दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए मुजेसर थाना प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने छीना-झपटी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विकास तथा सोनू का नाम शामिल है जो मुजेसर के रहने वाले हैं। आरोपियों ने दिनांक 23 मई को पीड़ित दुकानदार मोहित के साथ मारपीट की थी और उसके बाद उसका मोबाइल तथा पैसे छीनकर फरार हो गए थे। पीड़ित की शिकायत के अनुसार वह शाम करीब 5 बजे अपनी दुकान से घर जा रहा था कि मुजेसर फाटक के पास आरोपियों ने उसे पीछे से पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट की। मारपीट करने के पश्चात आरोपी उसका मोबाइल और पैसे छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में शामिल दो आरोपियों को कल मुजेसर ठेके के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## अफगानिस्तानी युवक को दी भारतीय नागरिकता



**फरीदाबाद।** जिलाधीश जितेंद्र यादव ने बुधवार को एक और अफगानिस्तान के नागरिक को नागरिकता प्रदान की है। उन्होंने नागरिकता प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि स्वयं के अच्छे भविष्य के साथ साथ देश के हित में बेहतर कार्य करें। जिलाधीश जितेन्द्र यादव ने अफगानिस्तान के 21 वर्षीय परमीत सिंह को भारतीय नागरिकता आज बुधवार को प्रदान की है। अफगानिस्तान निवासी परमीत सिंह ने बताया कि वे 21 जुलाई 2001 जन्म से ही उनके परिवार के साथ भारत के हरियाणा प्रांत के फरीदाबाद जिला में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने भारत सरकार के गृह मंत्रालय में अपनी भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के लिए आवेदन दिया था। उस आवेदन को आज बुधवार को डीसी जितेंद्र यादव ने मूर्त रूप देकर हमें भारतीय नागरिकता प्रदान की है।

## ह्रदयघात के कारण व बचाव पर कार्यशाला

**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद के कान्फ्रेंस हॉल में एसएसबी हार्ट हॉस्पिटल की तरफ से कम उम्र में हो रहे ह्रदयघात के कारण व बचाव पर कार्यशाला हुई। इस कार्यशाला में नगर निगम के आयुक्त यशपाल यादव, अतिरिक्त आयुक्त अभिषेक मीना, स्वास्थ्य अधिकारी नितिश परवाल एसएसबी हार्ट हास्पिटल के एमडी डा. एसएस बंसल तथा अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में डा एसएस बंसल ने वहां उपस्थित जनों को ह्रदयाघात को आकस्मिक मृत्यु का प्रमुख कारण बताया तथा बचाव के बारे में जानकारी दी। डा एसएस बंसल ने कहा कि ह्रदयाघात किसी भी उम्र में हो सकता है, ह्रदयाघात के लिए मरीज को पहले से ब्लड प्रेशर या शुगर की बीमारी हो यह जरूरी नहीं है। कम उम्र में ह्रदयाघात ज्यादा खतरनाक होते हैं और ऐसा होने पर मरीज को बचाया जाना कठिन होता है। डा. एसएस बंसल ने बताया कि ईसीजी द्वारा ह्रदयाघात को आरंभिक समय में पहचाना जा सकता है। ईसीजी ह्रदय की सामान्य जांच होती है। जिसमें ह्रदयाघात होने पर ईलेक्ट्रो फिजियोलॉजी में परिवर्तन को चिकित्सक द्वारा समझा जाता है। डा. बंसल ने बताया कि ह्रदय को स्वस्थ रखने के लिए नियमित दिनचर्या, कार्बोहाईड्रेट खाद्य पदार्थों का कम उपयोग व सप्ताह में कम से कम 150 मिनट की कसरत अर्थात् 30 मिनट प्रतिदिन व सप्ताह में 5 दिन कसरत करने की आदत डालनी चाहिए।

## जेसी बोस विवि के 'इंटरेक्शन नेटवर्क' सिस्टम को पेटेंट मिला

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद को इंटरैक्शन नेटवर्क की प्रणाली विकसित करने एवं विश्लेषण करने के लिए पेटेंट प्रदान किया गया है। इस प्रणाली के माध्यम से, प्रत्येक गैर सोशल नेटवर्क डोमेन उपयोगकर्ताओं को जानकारी और उसका विश्लेषण करने के लिए एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की तरह काम करेगी। पेटेंट का आइडिया विश्वविद्यालय की चार सदस्यीय टीम द्वारा तैयार किया गया था जिसमें तीन संकाय सदस्य और एक शोध छात्र शामिल थे। कुलपति प्रो. एस.के. तोमर और कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने अनुसंधान क्षेत्र में उपलब्धि पर टीम को बधाई दी है। प्रो. तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और एप्लाइड रिसर्च पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस शोध टीम के सदस्यों में शोधार्थी अतुल श्रीवास्तव के अलावा संकाय सदस्य डॉ अनुराधा पिल्लई, डॉ दीपिका पुंज और प्रो आशुतोष दीक्षित शामिल हैं। पेटेंट में प्रस्तुत आइडिया पैरामीटरयुक्त क्रॉलर प्रोग्राम का उपयोग करके 'वर्ल्ड वाइड वेब' से जानकारी एकत्र करता है और वेब पेजों की संरचना की तरह एक सामाजिक नेटवर्क तैयार करता है, जिसे इंटरेक्शन नेटवर्क कहा जाता है। पेटेंट के बारे में विस्तार से बताते हुए डॉ पिल्लई ने बताया कि सोशल नेटवर्क की संरचना व्यवहार विश्लेषण के लिए बहुत उपयुक्त है।

# छात्रों की समस्याओं को लेकर संयुक्त छात्र मंच ने उठाई आवाज

### समस्याओं के समाधान को संयुक्त छात्र मंच ने सौंपा ज्ञापन

### गुरुग्राम विवि, लॉ महाविद्यालय और सेक्टर-14 कन्या महाविद्यालय में भी दिया ज्ञापन



गुरुग्राम के शिक्षण संस्थानों में छात्रों की समस्याओं को लेकर लॉ कालेज में ज्ञापन सौंपते संयुक्त छात्र मोर्चा के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**विश्वविद्यालय,** महाविद्यालय, लॉ महाविद्यालय में छात्रों की समस्याओं को लेकर संयुक्त छात्र मोर्चा ने पहल करते हुए छात्र हित में संस्थान प्रमुखों को ज्ञापन सौंपे हैं। मांग की है कि यहां छात्रों को आने वाली समस्याओं का प्रमुखता से निराकरण किया जाए, ताकि विद्यार्थी अपनी पढ़ाई सुचारू रूप से जारी रखें।

गुरुग्राम विश्वविद्यालय में ऋषि राव के नेतृत्व में डीन एससी कुंडू को ज्ञापन दिया गया, जिसमें कहा गया है कि यूनिवर्सिटी कैंपस में सबको वाई-फाई सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जा रही और फीस सभी छात्रों से ले ली जाती है। विद्यार्थियों के लिए छात्रावास तक नहीं है। शौचालयों में उचित सफाई नहीं होती, जिससे बीमारियां फैलने की आशंका रहती है। यह मानवाधिकारों का हनन है।

इसी तरह राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि महाविद्यालय के शौचालयों में सफाई नहीं है और पानी का भी उचित प्रबंध नहीं होता। लाइब्रेरी में किताबें पूरी उपलब्ध नहीं हैं। सेक्टर-40 के कॉलेज में अजय तुषिर के नेतृत्व में निदेशक डा. कैलाश कुमार को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें पीने के पानी की समस्या, लाइब्रेरी में पुस्तकों की कमी, कालेज द्वारा फीस लेने के बावजूद कक्षाओं में एसी नहीं लगए गए हैं। साथ ही पिछले दो वर्षों से लॉ कालेज में कोर्ट और जेल की विजिट नहीं करवाई गई है, जो कि तुरंत होनी चाहिए। छात्रों के खेलने के लिए पर्याप्त मैदान तक नहीं है। लॉ कालेज में छात्रावास की भी सुविधा नहीं है, जो कि विद्यार्थियों के लिए बहुत जरूरी है। दूर-दूर से यहां आकर विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। उन्हें हजारों रुपये बाहर कमरे किराए पर लेकर खर्च करने पड़ रहे हैं। संयुक्त छात्र मोर्चा ने कहा कि अगर जल्द ही समाधान नहीं होता है तो संयुक्त छात्र मंच के द्वारा कॉलेज और यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन किया जायेगा। विद्यार्थियों के हक के लिए संगठन सदा लड़ाई लड़ने को तैयार है। कॉलेज और यूनिवर्सिटी विद्या के मंदिर हैं और इनमें से हर तरह की अव्यवस्था को दूर करना होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्दी इन समस्याओं का निवारण किया जाएगा। इस अवसर पर शुभम चौधरी, अंकित शर्मा, आशीष सैनी, प्रियंका, दीप्ति, रोहित वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

# महापंचायत में हजारों की संख्या में ग्रामीण पहुंचेंगे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**घामडौज** टोल विवाद को लेकर 29 मई को होने वाली महापंचायत के लिए गांव-गांव जा रही संघर्ष समिति को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। संघर्ष समिति एक दिन में 8 से 10 गांवों का दौरा करते हुए ग्रामीणों को महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह कर रही है।

एलिवेटेड मार्ग पर घामडौज में बना टोल से लगते 20 किलोमीटर क्षेत्र में आने वाले गांवों को फ्री किए जाने का उपजा विवाद 56 दिन बाद भी सुलझ नहीं पाया है। जिसको लेकर क्षेत्र के गांव व शहरवासियों की मिलकर बनी 51 सदस्यों की टोल संघर्ष समिति ने 29 मई को महापंचायत बुलाई है। महापंचात को सफ ल बनाने के लिए बनाई गई समिति एक दिन में 8 से 10 गांवों का दौरा कर रही है। समिति का दावा है कि ग्रामीण भारी संख्या में 29 मई को टोल पर होने वाली महापंचायत में शामिल होने के लिए पहुंचेंगे। बुधवार को टोल संघर्ष समिति ने खंड के गांव खेड़ला, दमदमा, अभयपुर, हरचंदपुर और लाला खेड़ली में नुक्कड़ सभाएं करते हुए ग्रामीणों को महापंचायत में पहुंचने का न्यौता दिया।



ग्रामीणों को महापंचायत का न्यौता देते टोल संघर्ष समिति के सदस्य।

### समिति ने किया है 70 गांवों को दौरा

**टोल** संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्य सतबीर पहलवान ने बताया कि समिति ने बीतें 6 दिन में अब तक गुरुग्राम समेत जिला नूंह, पलवल, फरीदाबाद के करीब 70गांवों को दौरा किया है। समिति के सदस्य बलबीर सिंह गब्दा ने बताया कि महापंचायत को सलफबनाने के लिए गांवों को दौरा कर रही समिति को इस बार भारी जनसमर्थन मिल रहा है। टोल से लगते गांव अलीपुर, भोंडसी, घामडौज, हरियाहेड़ा, बेरका, धुनेला, सोहना ढाणी, मौहम्मदपुर गूर्जर, खाईका, सिरसका, लोहटकी अभयपुर, दमदमा, खेड़ला, गढ़ीबाजीपुर से हजारों की संख्या में ग्रामीण महापंचायत में पहुंचेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### संगीत के बिना मनुष्य के जीवन में सुनापन : डॉ प्रेरणा



निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल महाविद्यालय में विस्तार व्याख्यान का आयोजन।

**सोहना।** निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल महाविद्यालय में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया। जिसमें शास्त्रीय संगीत एवं सुगम संगीत का अंत: संबंध: रखा गया। मंगलवार को शहर स्थित निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल महाविद्यालय में शास्त्रीय संगीत एवं सुगम संगीत का अंत: संबंध: रखा गया। जिसमें प्रवक्ता डॉक्टर लोकेश शर्मा, एसोसिएट, प्रोफेसर गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स सेंक्टर 14 गुरुग्राम तथा ऋषि शर्मा एवं तबले पर गुरु विजय सागर ने अपनी संगीत प्रदान किया। इस मौके पर कॉलेज उपप्रधानाचार्य प्रेरणा शर्मा ने कहा संगीत मनुष्य के शांतपन को समाप्त करता है। संगीत मनुष्य का मनोरंजन करते हुए उसकी लंबी उम्र करता है। संगीत के बिना मनुष्य का जीवन सुना है।

### जीयू में थिन फिल्म तकनीक के उपयोग पर हुई कार्यशाला



गुरुग्राम विवि में थिन फिल्म तकनीक के उपयोग पर आयोजित कार्यशाला में जानकारी देते एक्सपर्ट।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय में भौतिकी विभाग द्वारा थिन फिल्म तकनीक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में टेक्निकल एप्लीकेशन सर्विस नई दिल्ली के डॉ. आरके गर्ग ने भाग लिया। अध्यक्षता गुरुग्राम विवि के कुलपति दिनेश कुमार ने की। कार्यशाला में थिन फिल्म्स का आधुनिक प्रौद्योगिकी में महत्व तथा थिन फिल्म तकनीक से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर डॉ. आरके गर्ग ने छात्रों के साथ विस्तार से चर्चा की और उन्हें उसका उपयोग करने की ट्रेनिंग भी दी। जिसमें ऑप्टिकल उपकरणों, पर्यावरणीय उन्नत अनुप्रयोगों, दूरसंचार उपकरणों व ऊर्जा उपकरणों में प्रमुखता से उपयोग हो रही थिन फिल्म्स तकनीक की जानकारी शामिल थी। उन्होंने कहा कि थिन फिल्म्स तकनीक के बढ़ते उपयोग के कारण छात्रों के लिए अध्ययन की दृष्टि से इसकी अहमियत बढ़ गई है। कुलपति दिनेश कुमार ने कहा कि छात्रों को नई तकनीक निरंतर सीखने की आवश्यकता है। आज की कार्यशाला के आयोजन के लिए मैं गुरुग्राम विवि के डिपार्टमेंट ऑफ फिजिक्स को बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने छात्रों के लिए थिन फिल्म तकनीक पर कार्यशाला का आयोजन किया।

### सरेआम जुआ खेलते चार दबोचे, 26 हजार रुपये बरामद

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने चार युवकों को सरेआम ताश के पत्तों पर नगदी लगाकर जुआ खेलते हुए पकड़ा है। जिनके पास से पुलिस ने जुआ पर लगाई गई 26 हजार 30 रुपये की नगदी बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार भोंडसी थाना में तैनात एसआई सतीश ने रिठौज के निकट बना गोली पहलवान के फार्म हाउस निकट बैठकर सरेआम जुआ खेल रहे चार युवकों को दबोचा। जिनकी पहचान सुनील निवासी शरुड थाना कोटपुतली राजस्थान, सुनील मूल निवासी उत्तर प्रदेश, केदार सैनी मूल निवासी राजस्थान हाल निवास महताब ढाणी फेस-दो तथा जितेन्द्र निवासी भोंडसी के रूप में हुई है। ये चारों युवक एक साथ जमीन पर बैठकर ताश के पत्तों पर नगदी लगाकर जुआ खेल रहे थे। तलाशी के दौरान रविन्द्र के पास से 3700 रुपये, सुनील के पास से 6130 रुपये, केदार सैनी के पास से 6000 रुपये तथा जितेन्द्र के पास से 6500 रुपये की नगदी बरामद हुई। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ खेलने के मौके से बरामद किए गए सबूत व नगदी के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

### जिला अदालत परिसर में लगे शिविर में 45 यूनिट रक्तदान हुआ



गुरुग्राम जिला अदालत में बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर।

**गुरुग्राम।** जिला बार एसोसिएशन द्वारा रोटरी ब्लड सेंटर गुरुग्राम के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूर्याप्रताप सिंह ने विशेष तौर पर शिरकत की। रक्तदाताओं को उन्होंने पदक और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में 45 यूनिट रक्तदान हुआ। रोटेरियन रविंद्र जैन, रोटरी ब्लड सेंटर के अध्यक्ष रोटेरियन मुकेश शर्मा और रोटेरियन प्रवीन शर्मा एडवोकेट ने न्यायाधीश सूर्याप्रताप सिंह और बार अध्यक्ष विनोद कटारिया का स्वागत किया। पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के सदस्य प्रवेश यादव, सचिव बार एसो. राहुल भारद्वाज को विशेष तौर पर पदक व मोमेंटो देकर सम्मनित किया गया। असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन रविंद्र जैन ने बताया कि इस शिविर को सफल बनाने में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कटारिया एडवोकेट, सचिव राहुल भारद्वाज ने अहम भूमिका निभाई। ब्लड सेंटर के सीएमओ डा. सुनील तनेजा की देखरेख में ब्लड बैंक की टीम ने यहां बेहतर कार्य किया। अपने संबोधन में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूर्याप्रताप सिंह ने कहा कि रक्तदान के लिए हर क्षेत्र के लोगों को आगे आना चाहिए। यह हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इंसानों के लिए रक्त की जरूरत की पूर्ति इंसान ही कर सकते हैं। रोटेरियन रविंद्र जैन ने बताया कि रक्तदान शिविर के अलावा यहां पक्षियों के संरक्षण के लिए सभी गणमान्य सदस्यों को घोंसले भी भेंट किए गए। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी शहर में कई जगहों पर ये घोंसले लगाए गए हैं।

# हिपा में प्राथमिक चिकित्सा पर ज्ञान का किया जा रहा संचार



गुरुग्राम स्थित हिपा में प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर में फर्स्ट एड की जानकारी देते एक्सपर्ट।

### हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान में फर्स्ट एड शिविर में दी जा रही जानकारी

### रेडक्रॉस के सचिव विकास कुमार ने कहा आपातकाल से निपटना आना चाहिए

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) में 23 से 27 मई तक चल रहे प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को इस विषय पर गहनता से जानकारी दी जा रही है। इस शिविर को निदेशक डा. भूवन कुमार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शिविर में हरियाणा के सभी जिलों से अधिकारी भाग ले रहे हैं।

शिविर में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा से राज्य प्रशिक्षण अधिकारी संजीव धीमान ने प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के बारे में बारिकियों से बताया। इसके साथ-साथ उन्होंने आपातकालीन और प्राथमिक चिकित्सा, विभिन्न आपदाओं, सार्वभौमिक प्राथमिक उपचार प्रक्रिया, महामारी में स्वयंसेवकों/व्यक्तियों की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया जानकारी देने के साथ अभ्यास करके भी दिखाया गया। रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने कहा कि हर किसी को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जानकारी होनी चाहिए। फर्स्ट एड के बारे में भी जानकारी हो। रेडक्रॉस की ओर से समय-समय पर इस तरह के शिविर लगाकर लोगों को जागरुक किया जाता है।

इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी जितिन शर्मा और उनकी टीम में शामिल श्याामा राजपूत, लेक्चरार विपिन अरोड़ा, रोकी, नितिन पांचाल द्वारा प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण एवं विभिन्न प्रकार के फैक्चर केस सहित प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण की जानकारी उपलब्ध करवाई।

### पुलिस कमिश्नर के आदेश पर पति समेत सास व ससुर पर केस दर्ज

**सोहना।** जिला पुलिस कमिश्नर के आदेश पर भोंडसी थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर पति समेत सास व ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। विवाहिता ने शादी में कार न मिलने पर ससुर पर सिर में रॉड मारकर घायल करने का आरोप लगाया है। उत्तर प्रदेश के जिला मुजफ्फरनगर तहसील खथौली के गांव लाडपुर निवासी विवाहिता काजल ने गुरुग्राम जिला पुलिस कमिश्नर को पति दीपक समेत सास व ससुर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। विवाहिता ने पुलिस को बताया कि मारुति कुंज निवासी दीपक के साथ उसने 27 नवंबर 2020 में शादी की थी, लेकिन शादी के तीन माह बीत जाने के बाद से सास व ससुर ने उसे शादी में बेटा को कार न मिलने के ताने मारने शुरू कर दिए। जिसको लेकर उनके बीच तू तड़ाक होती रहती थी।

# नेहरु स्टेडियम में सड़ रहे कूड़े को उठाने में बरती जा रही लापरवाही

### जिला खेल अधिकारी ने कई बार कूड़ा उठाने को कहा, फिर भी नहीं उठाया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के नेहरू स्टेडियम में कई दिन से पड़ी गंदगी।

**सिविल** लाइन स्थित नेहरू स्टेडियम से कूड़ा उठाने में सफाई कर्मचारी घोर लापरवाही कर रहे हैं। करीब 20 दिन से यहां कूड़ा सड़ रहा है, लेकिन बार-बार कहने के बावजूद भी कूड़ा नहीं उठाया जा रहा। इस कारण यहां खिलाड़ी भी परेशान हैं और अधिकारी भी।

नेहरू स्टेडियम से सफाईकर्मियों द्वारा सफाई करके कूड़े को एक स्थान पर एकत्रित कर दिया जाता है। फिर उसे नगर निगम के सफाईकर्मी ट्रॉली में भरकर ले जाते हैं। इस सरकारी स्थल से कूड़ा उठाने में निगम कर्मचारियों द्वारा घोर लापरवाही बरती जा रही है। जिला खेल अधिकारी संधू बाला के मुताबिक इस समय जो कूड़ा पड़ा है, वह पिछले 20 दिनों से एक ही स्थान पर पड़ा हुआ है। इसे उठाने में कर्मचारी लापरवाही बरत रहे हैं। जब कूड़ा उठाते हैं तो उतना ही उठाया जाता है, जितना एक ट्रॉली में आता है। बाकी का बचा हुआ कूड़ा फिर से यहीं पड़ा सड़ता रहता है। कर्मचारियों की यह बहुत बड़ी लापरवाही है। इस बारे में सफाई निरीक्षक सुधीर ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की हड़ताल चल रही थी। अब आज और कल में कूड़ा उठवा लेंगे।

# भोपाल से पदक संग लौटे खिलाड़ियों का स्वागत

### विजेता खिलाड़ियों को 18 किमी फूलों से सजी खुली जीप बैठाकर घूमाया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



भोपाल में हुई ड्रैगन प्रतियोगिता में पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों को खुली जीप में घुमाकर जोरदार स्वागत करते ग्रामीण।

**भोपाल** की लोअर लेक में चल रही 32वीं राष्ट्रीय नौकायन प्रतियोगिता पद जीतकर अपने घर लौटे खिलाड़ियों ने जोरदार स्वागत करते हुए अपनी पलकों पर बैठा लिया। विजेता खिलाड़ियों को 18 किलोमीटर फूलों से सजी खुली जीप बैठाकर घूमाया गया।

खिलाड़ियों को भोंडसी से लेकर दमदमा, अभयपुर, सोहना और बालूदा गांव में ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल की लोअर झील में 17 से 22 मई के बीच 32 वीं राष्ट्रीय नौकायान प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में क्याकिंग एण्ड क्लोइंग एसोसिएशन के 8 खिलाड़ियों ने अलग-अलग वर्ग में कुल 15 पदक जीतकर अपने घर लौटे हैं। जिसमें 11 पदक टीम मैच तथा 4 पद एकल वर्ग में जीते है। एकल वर्ग में 3 ब्रांस तथा एक सिल्वर और टीम मैच में 6 गोल्ड, 3 सिल्वर तथा 2 ब्रांस पदक शामिल है।

### खुली जीप में घुमाया

**गोल्ड,** सिल्वर और ब्रांस पदक जीतकर लौटे खिलाड़ी मोनिका तंवर, संजना तंवर, नितिन तंवर, रविन्द्र, शिखा खटाना, हर्ष खटाना, संदीप और प्रतिभा को फूलों से सजी खुली जीप में भोंडसी से बैठाया गया। जहां से दमदमा, अभयपुर, सोहना और बालूदा गांव तक घूमाया। सभी गांवों में ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत करते हुए फूल मालाओं से स्वागत किया।

### सम्मान से अभिभूत हुए खिलाड़ी

**अभिभावक** व ग्रामीणों द्वारा किया गया जोरदार स्वागत से अभिभूत होते हुए मोनिका तंवर ने कहा कि अभिभावक व ग्रामीणों से मिला इतना प्यार व दुलार ने सभी खिलाड़ियों को नई ताकत दी है। एक दिन यही ताकत एशियाड और ओलम्पिक विश्वस्तरीय प्रतियोगिता में देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित कर रही है। संदीप का कहना है कि सबका श्रेय अभिभावक से लेकर एसोसिएशन और कोच को जाता है। जिनके द्वारा अभिभावकों द्वारा लिया फैसला, क्याकिंग एण्ड क्लाईंग एसोसिएशन का सहयोग और कड़ी मेहनत करने वाले कोच को जाता है।

# दमदमा झील में अभ्यास कर निखरी प्रतिभा लाई गोल्ड

### जिले के गांव बालूदा की प्रतिभा ने ड्रेगन बोट में जीता है गोल्ड मेडल

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



सम्मान समारोह के दौरान अपने पदक के साथ खिलाड़ी।



प्रतिभा।

**मंजिलें** उन्हीं को मिलती हैं जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता हौंसलों में उड़ान होती है। अपने हौंसलों के दम पर भी जिले के गांव बालूदा की बेटी प्रतिभा अपनी प्रतिभा के दम पर आगे बढ़ी और 10वीं नेशनल आईसीएफ ड्रेगन बोट स्पर्धा में सोना यानी गोल्ड मेडल जीत लायी। के-4 स्पर्धा में रजत व कांस्य पदक जीता है।

मेडल तक पहुंचने का प्रतिभा का सफर आसान नहीं था। सुविधाओं के अभाव के बीच उसने यहां दमदमा झील में नौका चलाने का अभ्यास शुरू किया था। यहीं से प्रतिभा की प्रतिभा निखरी। गांव बालूदा की खिलाड़ी प्रतिभा पुत्री मुकेश कुमार बिकानेरिया एवं पुष्पा देवी ने प्रतिभा दिखाई है। डीवीएम स्कूल सोहना में दसवीं कक्षा की छात्रा है। श्रीसाईं पब्लिक स्कूल में पहली से पांचवीं तक शिक्षा ली। मुकेश कुमार निजी कंपनी में नौकरी करता है। तीन बच्चे बड़ा बेटा और एक बेटी और छोटा बेटा है। इसने दमदमा झील में छह माह तक प्रेक्टिस की थी। गरीबी में कोई साधन नहीं था। झज्जर में एक सरकारी अकादमी में अभ्यास किया। फिर करनाल में अभ्यास किया।

**पिता के दोस्त ने दी थी प्रेरणा :** प्रतिभा के पिता मुकेश कुमार के एक दोस्त अनिल निवासी अभयपुर लड़कियों को नौकायान का अभ्यास कराते थे। उसने मुकेश को भी बेटी प्रतिभा को इस खेल के लिए प्रेरित किया। बेटी का स्वर्णिम भविष्य इस खेल में सोचकर ही पिता मुकेश ने प्रतिभा को नौकायान के प्रशिक्षण के लिए भेजना शुरू किया। दमदमा झील पर्यटक स्थल पर प्रतिभा को नौकायान का अभ्यास कराया गया। अपने पूरे विवेक के साथ प्रतिभा ने रुचि लेकर यह अभ्यास किया। यहां के बाद वह झज्जर और करनाल में नौकायान में महारत हासिल करके आज सफलता के शिखर पर जा पहुंची है।

**प्रतिभा ने हम सबको गौरवान्वित किया :** प्रतिभा के कोच रविंद्र धनखड़ और जयदीप सांगवान प्रतिभा के इस प्रदर्शन से बेहद गौरवान्वित हैं। उनका कहना है कि भले ही प्रतिभा के परिवार से पहले कोई भी किसी भी खेल का खिलाड़ी ना रहा हो, लेकिन प्रतिभा ने ड्रेगन बोट में गोल्ड मेडल जीतकर एक नई लकीर खींच दी है। प्रतिभा के ताऊ दिनेश कुमार बिकानेरिया ने कहा कि सरकार खिलाड़ियों को शुरू से ही सुविधाएं दें, ताकि वे खेल में निपुण होकर देश का नाम रोशन कर सकें। सोहना के विधायक संजय सिंह ने प्रतिभा व उसके परिवार को बधाई दी।

### प्रो. राकेश कुमार शर्मा बने एसजीटी के प्रो-चांसलर



प्रो. राकेश कुमार शर्मा।

**गुरुग्राम।** प्रसिद्ध वैज्ञानिक, एडमिनिस्ट्रेटर, अकैडमिशियन और शिक्षाविद् प्रो. राकेश कुमार शर्मा ने बुधवार को श्री गुरु गोविंद सिंह त्रिशताब्दी (एसजीटी) विश्वविद्यालय में प्रो-चांसलर का पद संभाला है। वहीं प्रो. मदन चतुर्वेदी ने प्रोवोस्ट का कार्यभार संभाला है। पद संभालने के साथ ही प्रो. शर्मा और प्रो. चतुर्वेदी ने एसजीटी विश्वविद्यालय के कुलपति ओपी कालरा, विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर, अलग-अलग संकाय के डीन, एडमिनिस्ट्रेटिव डिपार्टमेंट के सदस्य, डीन रिसर्च, डीन स्टूडेंट वेलफेयर और सीसीएसपी के प्रमुख के साथ एक बैठक ली। प्रो. शर्मा ने कहा कि एसजीटी विश्वविद्यालय शिक्षा का गहरा सागर है जहां पर अकादमिक, क्लिनिकल और रिसर्च को लेकर काफी कार्य किया जा रहा है।

# एमजी मोटर इंडिया: यूपी के गाजियाबाद में नई सर्विस फैसिलिटी का किया शुभारंभ

### एमजी मोटर इंडिया में पीडीसी ऑपरेशंस के डायरेक्टर, प्रशांत सिंह ने दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**एमजी** मोटर इंडिया हर टचपॉइंट पर ग्राहकों की खुशी बढ़ाने और उनके अनुभवों को समृद्ध बनाने के लिये प्रतिबद्ध है। इस कड़ी में उसने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक नए सेवा केंद्र (सर्विस फैसिलिटी) के भव्य शुभारंभ की घोषणा की है। इस सेवा केंद्र का उद्घाटन शहर में ज्यादा ग्राहकों की परिवहन सम्बंधी बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिये हुआ है।

उत्तर प्रदेश में इस कार निर्माता के 32 टचपॉइंट्स परिचालन कर रहे हैं। कंपनी की योजना 2022 के अंत तक राज्य में टचपॉइंट्स की संख्या 36 तक करने की है। राष्ट्रीय स्तर पर भारत में इस कंपनी के कुल 310 टचपॉइंट्स सेंटर्स स्थित हैं। उद्घाटन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, एमजी मोटर इंडिया में पीडीसी ऑपरेशंस के डायरेक्टर, प्रशांत सिंह ने कहा कि, एमजी गाजियाबाद का उद्घाटन उत्तर प्रदेश में अपनी सेवा सम्बंधी मौजूदगी को ग्राहकों के समीप पहुंचाने की हमारी योजनाओं के अनुसार है।

यह सेवा केंद्र सर्विसिंग, स्पेयर पार्ट्स और ऐक्सेसरिज समेत सभी आवश्यकताओं को पूरा करेगी। उद्घाटन पर बोलते हुए, एमजी गाजियाबाद के डीलर प्रिंसिपल, शुभम गुप्ता ने कहा कि, एक अग्रणी और भविष्यगामी ब्राण्ड होने के नाते एमजी ने भारतीय ऑटोमोटिव के क्षेत्र में उल्लेखनीय मौजूदगी स्थापित की है।

इसका आधार नवाचार और प्रौद्योगिकी से संचालित दृष्टिकोण है। इस ब्राण्ड के साथ भागीदारी करके हम बहुत खुश हैं। हम एमजी की मजबूत ब्रिटिश धरोहर और प्रौद्योगिकी पर केन्द्रित होने का फायदा लेंगे। इस प्रकार हम गाजियाबाद में ग्राहकों को ऑटोमोटिव सर्विस का एक ताजा और अनूठा अनुभव देंगे।

# केएमपी एक्सप्रेसवे पर दो सड़क हादसों में चार की मौत

### मृतकों में दो बाप बेटे सहित दो श्रद्धालु शामिल, आठ लोग हुए घायल

### अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस


**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**उपमंडल** के अंतर्गत कुंडली-मानेसर-पलवल यानी कि केएमपी एक्सप्रेसवे पर बुधवार की सुबह दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में बाप बेटे सहित दो श्रद्धालु शामिल है। हादसों की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची मृतकों के शवों को कब्जे में लिया।

घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाकर कार्यवाही में जुट गई। तावडू सदर थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए नूंह सीएचसी भेज दिया है। हादसे के बाद अज्ञात आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। पीड़ित घायल श्रद्धालु निवासी रतलाम मध्यप्रदेश ने बताया कि वह और उनके परिचित नौ श्रद्धालु और मार्शल गाड़ी चालक केदारनाथ से दर्शन कर लौट रहे थे। बुधवार सुबह करीब 5:30 बजे जब उनकी गाड़ी केएमपी एक्सप्रेसवे पर



घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त श्रद्धालुओं की गाड़ी।

गांव डिंगरहेडी के नजदीक पहुंची। तभी उनके सामने तेज गति और लापरवाही से चल रहे एक कंटेनर/ट्रोला ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिसके कारण उनकी गाड़ी उससे टकरा गई। हादसे में गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमे सवार चालक सहित सभी श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें बद्रीदास बैरागी निवासी रतलाम मध्यप्रदेश की लगी चोटों के कारण मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस व स्थानीय लोगों व राहगीरों की मदद से घायलों को नगर के निजी अस्पताल में लाया गया। जबकि प्रकाश मालवी ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि इस हादसे में मंजीता पत्नी गुलाब सिंह 55 साल, पूनम पत्नी पवन गहलोत 30 साल, ज्योति पत्नी दीपक


मृतक बद्रीदास बैरागी।


मृतक प्रकाश मालवी।


मृतक खालिद।


मृतक नसीम।

27 साल, राजू भाई पत्नी हीरालाल 40 साल, मंगू बाई पत्नी शंभूलाल 60 वर्ष व रामकन्या सभी निवासी अलका पुरी रतलाम के अलावा गाड़ी चालक विकास निवासी खाटू श्याम भी घायल हो गए। वहीं दूसरे सड़क हादसे में इस घटनास्थल से लगभग डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने पर मोटरसाइकिल सवार बाप बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस मिली जानकारी के मुताबिक मृतकों की पहचान खाली 22 साल, व नसीम 53 साल निवासी मांडीखेड़ा के रूप में हुई है। बुधवार सुबह दोनों बाप बेटे मोटरसाइकिल पर सवार होकर निजी काम जे झज्जर जा रहे थे।

सुबह सात बजे के करीब जब वह केएमपी मार्ग पर तावडू के गांव कलवाड़ी की सीमा में पहुंचे तो तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाप बेटे की मौत खबर मिलते ही गांव और क्षेत्र में मातम छा गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल के 37 छात्रों को बांटी गई कौशल आधारित टूल किट

**होडल।** गांव औरंगाबाद के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में बुधवार को 37 बच्चों को व्यवसायिक टूल किट वितरित की गई। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के प्रिंसिपल रामबीर सिंह के द्वारा किया गया, जबकि अध्यक्षता अध्यापक रवींद्र सिंह ने की। कार्यक्रम में प्रिंसिपल रामबीर सिंह ने बताया कि स्कूली स्तर पर छात्रों को पढाई के साथ-साथ दूसरे कौशल की कैसे जानकारी दी जाए, कैसे उनको स्कूल से निकलते ही अपने पैरो पर खड़ा होने में व्यवसायिक मदद की जाए, इसको लेकर विभाग की ओर से कौशल आधारित टूल किट छात्रों को बांटी जा रही है। शिक्षा विभाग की ओर से जो टूल किट छात्रों को बांटी जा रही हैं। उनमें लोकेशनल एजुकेशन के हैल्थकेयर, मोटर वाहन सौंदर्य और कल्याण कृषि परिधान निर्माण और घरेलू फर्नीचर ट्रैड के छात्रों को यह टूल किट दीजा रही है। उन्होंने बताया कि आज दसवीं कक्षा के 15 छात्रों व बारहवीं कक्षा के 22 छात्रों को यह किट दी गई है। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग का इस पहल के पीछे मकसद है छात्रों को पढ़ने के साथ-साथ कुछ व्यवसायिक गतिविधियां भी सीखें ताकि उनकी कुछ आमदनी भी हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को शिक्षा प्राप्त करते में कुछ बाधा ना हो इसलिए शिक्षा के साथ-साथ व्यवसाय के साधन भी उपलब्ध करा रही है। स्कूल के अध्यापकों ने छात्रों को व्यवसायिक के लिए वितरित की जा रही किट को सरकार का सराहनीय कार्य बताया है। कार्यक्रम में अध्यापक बलबीर सिंह, रमेश चंद, क्लक दीपक कुमार भी मौजूद थे।


स्कूली छात्रों को वितरित करने के लिए आई कौशल आधारित टूल किट।

### दहेज के लोभियों ने ली गर्भवती की जान, पांच पर केस दर्ज

**मेवात।** पिनगवां थाना एरिया के गांव जहटाना में अधिक दहेज के लालच में आठ महीने की गर्भवती महिला की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया हैं। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पति सहित ससुराल के पांच नामजद लोगों के खिलाफ दहेज हत्या सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पिनगवां थाना प्रभारी ओमवीर ने बताया कि नीमका गांव निवासी अब्दुल अजीज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन वकीला की शादी 13 जून को इमरान निवासी जहटाना के साथ मुस्लिम रीति रिवाजों के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल के लोग शादी में मिले दहेज से खुश नहीं थे, इसलिए पीड़िता से अधिक दहेज में बुलेरो गाडी व दो लाख रूपये की मांग करते थे। और मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल देते थे। परिजनों का आरोप है कि आरोपियों ने उनकी बहन को करीब तीन महीने पहले मारपीट करके निकाल दिया था। आठ महीने की गर्भवती होने के बाद उन्होंने अपनी बहन को 17 मई को उसकी ससुराल गांव जहटाना भाई के साथ भेज दिया था। आरोप है कि बुधवार दोपहर फोन आया कि वकीला की तबियत ज्यादा खराब है जिसके थोड़ी देर बाद मृतिका के जेठ आलम ने बताया कि वकीला की मृत्यु हो चुकी है। मौके पर देखा तो उनकी बहन की लाश बैड पर पडी थी शरीर पर गले पर चोटों के निशान थे। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल रेफर किया है। शिकायत के आधार पर इमरान (पति), सास मैमुना व जेठानी अरफीना सहित पांच लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस मामले की कार्यवाही में जुटी है।

### मानसून में जल निकासी के प्रभावी एवं पुख्ता प्रबंध करें : निगमायुक्त

**गुरुग्राम।** नगर निगम आयुक्त मुकेश कमार आहुजा ने बुधवार को अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। मानसून के दौरान जलनिकासी के प्रभावी एवं पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करने निर्देश दिए। वर्चुअल माध्यम से आयोजित हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में निगमायुक्त ने कहा कि गत दिनों हुई बरसात के दौरान जलभराव होने की जो भी कमियां सामने आई हैं। उन्हें तुरंत ही दूर किया जाए, ताकि आने वाले समय में जलभराव की समस्या उत्पन्न ना हो और समय रहते जल निकासी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि सभी बरसाती नालों एवं सीवरेज की सफाई समय से पूर्व पूरी करवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी संयुक्त आयुक्तों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जोन में संबंधित कार्यकारी अभियंताओं के साथ संयुक्त विजिट करें तथा बरसाती नालों एवं सीवरेज सफाई व्यवस्था का जायजा लें। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र का समय-समय पर लगातार दौरा भी करते रहें। सभी कार्यकारी अभियंता अपने-अपने डिवीजन का रोजाना जायजा लें तथा कार्य प्रगति की रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें। निगमायुक्त ने स्पष्ट कहा कि अगर दोबारा से समस्या आती है, तो संबंधित क्षेत्र के कार्यकारी अभियंता जिम्मेदार होंगे तथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Munsi Aniser Rahaman S/o Habibur Rehman R/o 1D-70A, NIT, Faridabad have changed my name to Anisur Rehman.

I, Bhanti Devi W/o Jay Lal R/o House No-1579, Gali No-48, Sanjay Colony Sector-23 Faridabad, HR, 121005 change my name to Bhagwati Permanently.

I, Riptinder Bhatia R/o 545, Sector-9 Faridabad have changed my Husband's name from Gurpreet Singh to Gurpreet Singh Bhatia.

◆ खोया-पाया ◆

I, Preeti W/o Sharad Kumar R/o Flat No. 201 Shivraj Apartments, New Colony Palwal have lost my Allotment Letter & Gatta (Receipt) Unit /SCO Plot No. ARC-26, Block-B, Sector-38-39, TDI City Panipat. Customer ID ARC 00041. If found Call 9891360006

### बेदखली सूचना

मै इन्द्रजीत सिंह (आधार न0 2667 9895 0703) पुत्र श्री दिलीप सिंह निवासी मकान न0 सी-31, डबुआ कॉलोनी, एन0आई0टी0 फरीदाबाद हरियाणा ने अपने पुत्र नव दीप सिंह (आधार न0 8106 6385 0269) व अपनी पुत्रवधु निशा उर्फ हरमन (आधार न0 9366 8051 2479) व अपने दुसरे पुत्र अमन दीप सिंह (आधार न0 8545 0014 9606) व उसकी पत्नी रमा देवी (आधार न0 8695 7174 9920) को अपनी चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करता हूं, जो कि मेरी आज्ञा में नहीं है। उनके द्वारा किए गये किसी सम्बन्ध, कार्य, पुराना व नया पैसे का लेन-देन, झगड़ा, मार-पीट, पुलिस केस, कोर्ट केस आदि से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई सरोकार नहीं होगा, कोई कानूनी रिश्ता नहीं होगा ।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका तावडू की कर शाखा के सम्पत्ति कर रिकार्ड में प्रोपर्टी आई.डी. नम्बर 051511840/2/03 पर रिक्त स्थान है। जिस पर किसी भी व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं है। जिसे नवीन सहरावत पुत्र राज सिंह ने अपने नाम दर्ज कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। यदि किसी भी जनसाधारण को सन्दर्भित आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज होने में कोई आपत्ति है तो वह 10 दिन के अन्दर नगरपालिका तावडू (नूंह) में अपनी आपत्ति दर्ज कराएं, अन्यथा यह प्रोपर्टी आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज कर दी जायेगी। जिसके लिए नगरपालिका तावडू व आवेदक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

आवेदक
नवीन सहरावत पुत्र राजसिंह
निवासी वसंत कुंज साउथ वेस्ट दिल्ली।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका तावडू की कर शाखा के सम्पत्ति कर रिकार्ड में प्रोपर्टी आई.डी. नम्बर 051511841/2/03 पर रिक्त स्थान है। जिस पर किसी भी व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं है। जिसे नवीन सहरावत पुत्र राज सिंह ने अपने नाम दर्ज कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। यदि किसी भी जनसाधारण को सन्दर्भित आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज होने में कोई आपत्ति है तो वह 10 दिन के अन्दर नगरपालिका तावडू (नूंह) में अपनी आपत्ति दर्ज कराएं, अन्यथा यह प्रोपर्टी आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज कर दी जायेगी। जिसके लिए नगरपालिका तावडू व आवेदक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

आवेदक
नवीन सहरावत पुत्र राजसिंह
निवासी वसंत कुंज साउथ वेस्ट दिल्ली।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका तावडू की कर शाखा के सम्पत्ति कर रिकार्ड में प्रोपर्टी आई.डी. नम्बर 051511851/2/03 पर रिक्त स्थान है। जिस पर किसी भी व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं है। जिसे नवीन सहरावत पुत्र राज सिंह ने अपने नाम दर्ज कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। यदि किसी भी जनसाधारण को सन्दर्भित आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज होने में कोई आपत्ति है तो वह 10 दिन के अन्दर नगरपालिका तावडू (नूंह) में अपनी आपत्ति दर्ज कराएं, अन्यथा यह प्रोपर्टी आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज कर दी जायेगी। जिसके लिए नगरपालिका तावडू व आवेदक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

आवेदक
नवीन सहरावत पुत्र राजसिंह
निवासी वसंत कुंज साउथ वेस्ट दिल्ली।

# बीजेपी से जय सिंह राविया प्रबल दाबेदारी के साथ उतरे चुनावी मैदान में

**पायनियर समाचार सेवा।** होडल

**होडल** नगर परिषद चुनावों की घोषणा होते ही बीजेपी की ओर से चेयरमैन पद के लिए जय सिंह राविया ने अपनी ताल ठोक दी है। उन्होंने नगर परिषद के सभी वार्डों में जन संपर्क अभियान तेज कर दिया है। राविया अपने आप को बीजेपी की टिकट पर प्रबल दावेदार बताते हुए मतदाताओं से रुबरू हो रहे हैं। राविया के चुनावी मैदान में उतरते ही बीजेपी की टिकट पर अन्य दावेदारों के हौसले परस्त होते दिख रहे हैं।

होडल नगर परिषद चेयरमैन पद के लिए जयसिंह राविया का नाम कोई नया नहीं हैं। 2005 से 2010 में जब होडल नगर परिषद नगर पालिका थी। उस समय जय सिंह राविया नगर पालिका के उपप्रधान रहे और 2010 से 2015 तक राविया की पत्नी उर्मिला देवी नगर पालिका की चेयरपर्सन रही। नगर पालिका में लगातार दस साल जय सिंह राविया व उनकी पत्नी उर्मिला सौरोत ने शहर की जनता की सेवा की और पालिका में बड़े पद पर रहकर पूरी जिम्मेदारी व लगन के साथ शहर के विकास कार्य कराए। इसके अलावा अब बीजेपी पार्टी ने राविया को वार्ड प्रमुख का पदभार सौंपा हुआ है और वह नगर पालिका में किसी भी पद पर ना होने के बावजूद भी लोगों के साथ लगातार संपर्क में रहे हैं।


जयसिंह राविया।

जय सिंह राविया नगर परिषद चेयरमैन पद के लिए एक बार फिर से चुनावी मैदान में उतर आए हैं। नगर परिषद के 21 वार्डों में राविया लगातार मतदाताओं से संपर्क साधने में लगे हैं। बीजेपी से राविया की चुनावी मैदान में इंट्री की सूचना मिलने के बाद उनके विरोधी प्रत्याशियों के हौसले परस्त हो रहे हैं।

# पिताजी सुन लो विनती हमारी, पढ़ने की है यह उमर हमारी...

### स्कूल के बच्चों की ये स्वरलहरी बिसरू से निकलकर सम्पूर्ण मेवात में गूंजेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**नीति** आयोग द्वारा चलाये जा रहे आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत नूंह जिले के पुन्हाना खण्ड में बिसरू संकुल के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय बिसरू में प्रवेश उत्सव सत्र-2022-23 में बच्चों के ज्यादे से ज्यादे सरकारी स्कूलों में प्रवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रवेश उत्सव रैली निकाला गया। प्रवेश उत्सव रैली को संकुल प्रभारी नरेश कुमार के मार्गदर्शन में, प्राथमिक विद्यालय के हेड मास्टर जुबेर अहमद, समस्त शिक्षकगण, कदम सेंटर से तरन्नुम व मो. असलम, गांव की सभी आंगनबाड़ी और इस रैली को शिक्षा विभाग के साथ मिलकर आयोजित कर रहे पीरामल फॉउंडेशन(कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन) से प्रोग्राम लीडर चंदन वर्मा व गांधी फेलो दुर्गेश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर



रवाना किया। गांव वालों को अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य दें और जिनके दाखिले नहीं हुए है। उनका सरकारी स्कूलों में दाख़िला जरूर कराएं। इसके लिए लोगों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही सरकारी स्कूलों में छात्रों को मुहैय्या करायी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। अभिभावकों/ग्रामवासियों को सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्ति व अन्य योजनाओं के बारे में भी विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही अभिभावकों से ये भी अपील किया गया कि वो प्रतिदिन अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें जिससे उसके अंदर पढ़ाई को लेकर रूचि बनी रहे। कोरोना महामारी के बाद से लड़कियों के सरकारी स्कूलों में दाखिलों में आयीं कमी को ध्यान में रखते हुए इस विषय को रैली में प्रमुखता से रखा गया।

# गुरुजल ने छह तालाबों का जीर्णोद्धार किया

### 10 अन्य तालाबों के जीर्णोद्धार का काम हुआ शुरू

**गुरुग्राम।** जिला में भूमिगत जल स्तर में सुधार लाने को लेकर गुरूजल सोसायटी द्वारा अब तक जिला में 6 तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य पूरा किया जा चुका है, जबकि 10 अन्य तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य प्रगति पर है। यह जानकारी बुधवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित गुरूजल सोसायटी की बैठक में दी गई।

बैठक में गुरूजल सोसायटी के सदस्यों द्वारा पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से गुरूजल सोसायटी द्वारा जिला में अब तक किए गए कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इस दौरान तालाबों के जीर्णोद्धार उपरांत इसके रखरखाव संबधी विषय पर भी विस्तार से विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपायुक्त के समक्ष तालाबों के आस-पास फैले कचरे को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि तालाबों के जीर्णोद्धार के बाद इनका रखरखाव अत्यंत आवश्यक है जिसे लेकर स्थाई तौर पर व्यवस्था बनाए जाना जरूरी है। इसे लेकर उपायुक्त ने कहा कि तालाब प्राकृतिक स्त्रोत है जिन्हे पुनर्जीवित करते हुए प्राकृतिक जल स्त्रोतों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तालाबों के जीर्णोद्धार उपरांत इसे पंचायती राज संस्थाओं को सौंपते हुए गुरूजल सोसायटी की देखरेख में रख रखाव का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला में अमृत सरोवर मिशन के तहत चरणबद्ध तरीके से 75 तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य किया जाना है जिसे लेकर अलग-2 साइटों की पहचान करते हुए इस दिशा में काम शुरू किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में मानसून से पहले जल संरक्षण को लेकर आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि बरसाती पानी का संचयन कर भूमिगत जल में सुधार लाया जा सके।

# नगर परिषद के चुनाव में 40 हजार मतदाता चुनेंगे चेयरमैन

### 18,927 महिला और 21,341 पुरुष मतदाता

**एन रोहिल्ला।** सोहना

**नगर** परिषद का 19 जून को होने वाले आम चुनाव में पहली बार 40 हजार मतदाता अपनी वोट से चेयरमैन का चुनाव करेंगे। जिसमें 18,927 महिला और 21,341 पुरुष मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे।

सोमवार को प्रदेश चुनाव आयोग द्वारा राज्य में होने वाले नगर निगम व निकाय चुनावों की घोषणा कर देने से चुनावी गतिविधि बढ़ने लगी हैं। सोहना नगर परिषद का आम चुनाव 19 जून को होगा। जिसका परिणाम 22 जून को घोषित किया जाएगा। वर्ष 2016 में नगर परिषद बनने पर पहली बार हुए आम चुनाव में करीब 34 हजार मतदाताओं ने अपने वोट का उपयोग कर 21 वार्डों में पार्षद चुने थे। पार्षदों की सहमति से विभा खटाना को नगर परिषद की पहली चेयरपरसन चुना गया था। नगर परिषद का यह दूसरा आम चुनाव है।


सोहना नगर परिषद का कार्यालय।

जिसमें 40,268 मतदाता अपने वोट का उपयोग करेंगे। इस बार सात हजार के करीब मतदाता अधिक हैं।

### वार्ड-18 में सबसे ज्यादा मतदाता

**नगर** परिषद के 21 वार्डों में सबसे ज्यादा मतदाता वार्ड-18 में 2997 हैं। इस वार्ड में सबसे ज्यादा महिला-पुरुष मतदाता हैं। जिसमें महिला मतदाता की संख्या 1440 और पुरुष मतदाता की संख्या अन्य वार्डों की अपेक्षा सबसे ज्यादा 1557 है। जबकि सबसे कम मतदाता वाला वार्ड-11 है। जिसमें कुल मतदाता की संख्या 1406 है। पुरुष 741 और महिला मतदाता 665 है। दूसरे नंबर पर वार्ड तीन आता है। जिसमें कुल मतदाता 2537 और पुरुष 1392, महिला मतदाता 1145 है।

### 2014 में मिला था नगर परिषद का दर्जा

**सोहना** नगर पालिका को 2014 में नगर परिषद का दर्जा मिला था। उसके दो साल बाद 2016 में पहली बार नगर परिषद का आम चुनाव हुआ था। जिसमें 20 वार्डों से चुनकर आए पार्षदों की सहमति से विभा खटाना को परिषद की पहली चेयरपरसन चुना गया था।

### 19 जून को होगा चुनाव

**नगर** परिषद का चुनाव 19 जून को होगा। जिसकी अधिसूचना चुनाव आयोग ने जारी कर दी है। उम्मीदवार 30 मई से 4 जून तक अपने नामांकन दाखिल कर सकेंगे। जिसके लिए प्रात: 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक का समय तय किया है। 2 जून को नामांकन दाखिल नहीं होंगे। 6 जून को नामांकनों की जांच होगी। 7 जून को नामांकन पत्र वापस ले सकेंगे। इसी

| वार्ड | पुरुष | महिला | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|
| 01 | 1284 | 1120 | 2404 |
| 02 | 1143 | 1003 | 2146 |
| 03 | 1392 | 1145 | 2537 |
| 04 | 1149 | 1079 | 2228 |
| 05 | 1135 | 944 | 2079 |
| 06 | 876 | 745 | 1621 |
| 07 | 1000 | 928 | 1928 |
| 08 | 794 | 689 | 1483 |
| 09 | 995 | 842 | 1837 |
| 10 | 830 | 696 | 1526 |
| 11 | 741 | 665 | 1406 |
| 12 | 1041 | 897 | 1938 |
| 13 | 736 | 709 | 1445 |
| 14 | 1106 | 1052 | 2158 |
| 15 | 779 | 761 | 1540 |
| 16 | 891 | 799 | 1690 |
| 17 | 897 | 779 | 1676 |
| 18 | 1557 | 1440 | 2997 |
| 19 | 1021 | 948 | 1969 |
| 20 | 1003 | 825 | 1828 |
| 21 | 971 | 861 | 1832 |

दिन उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न व पोलिंग बूथ अलॉट किया जाएगा। 19 जून को प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक चुनाव होगा। जरूरत होने पर 21 जून को री पोल होगा। चुनावी परिणाम 22 जून को घोषित किया जाएगा।

# महिला डेयरी सहकारी समिति का एसडीएम ने किया उद्घाटन

### 18 दुग्ध उत्पादक समूह में राहुका, आटा और भिरावती गांवों की 22 महिलाएं थीं शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

**बिसनौली** सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान (बीएसजीएसएस) दिल्ली द्वारा गांव आटा में बुधवार को महिला डेयरी सहकारी समिति (डब्ल्यूडीसीएस) का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के अवसर पर एसडीएम नूंह अश्विनी, एचपीसीएल के विजय कुमार पटेल, रोहित वर्मा, पशुपालन विभाग से उप निदेशक डॉ नरेंद्र सिंह, वीटा से जीत सिंह, मलखान सिंह, पीएनबी से शाखा प्रबंधक रवींद्र साहू और अन्य लोगों ने भाग लिया।

बीएसजीएसएस परियोजना निदेशक जेएन राय एवं अनूप कुमार ने कहा कि बीएसजीएसएस एक गैर-सरकारी संगठन जिसका स्थायी आजीविका परियोजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने में दो दशकों का ट्रैक रिकॉर्ड है। यह कार्यक्रम मार्जिनलाइज्ड महिलाओं के लिए एक कार्यक्रम के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। जिसे जुलाई 2021 में जिला नूंह में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की सीएसआर पहल के तहत शुरू किया गया था।


महिला डेयरी सहकारी समिति का उद्घाटन करते एसडीएम नूंह अश्विनी।

इस परियोजना के हिस्से के रूप में बीएसजीएसएस ने 18 दुग्ध उत्पादक समूहों (एमपीजी) का गठन किया। जिसमें राहुका, आटा और भिरावती गांवों की कुल 202 महिलाएं शामिल थीं। उन्होंने कहा कि बीएसजीएसएस से केवल 130 लाभार्थियों को प्रशिक्षित करने की उम्मीद थी, लेकिन स्थानीय लोगों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए संख्या से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया।

11 महीने की अवधि में प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा किया और दो महिला डेयरी सहकारी समितियों (डब्ल्यूडीसी) की स्थापना की। बीएसजीएसएस को इस प्रयास में हरियाणा डेयरी डेवलपमेंट को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (वीटा) से तकनीकी और विपणन सहायता प्राप्त हुई। इस प्रकार यह इन डेयरी सहकारी समितियों और दूध संग्रह केंद्रों को राहुका और आटा गांव दोनों में स्थापित करने में सक्षम था। जबकि राहुका महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड दिसंबर 2021 में अस्तित्व में आया। गांव आटा में महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड हाल ही में मई 2022 में चालू हुआ। इन सहकारी समितियों ने पहले ही स्थानीय उत्पादकों को आकर्षक दरों पर वीटा को सीधे दूध बेचने का अवसर प्रदान किया है।

### रंजिश के चले लाठी-डंडे, दो भाई घायल

**तावडू।** उपमंडल के गांव खरखड़ी में रंजिश के चलते घर पर लाठी-डंडे से हमला कर दो भाईयों को घायल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पीड़ित राशिद निवासी गांव खरखड़ी सदर थाना तावडू ने बताया कि गत 20 मई शाम करीब 8:00 बजे आरोपी लाठी-डंडे व फरसा लेकर घर पर आए और बेवजह गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके ऊपर लाठी, डंडे से प्रहार कर दिया। जिसकी वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। झगड़े का शोर होने पर जब पीड़ित का छोटा भाई आजाद बीचबचाव के लिए आया तो उसे भी आरोपियों ने चोटिल कर दिया। ग्रामीणों ने मुश्किल से दोनों भाईयों को आरोपियों से बचाया। नूंह सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी उसके साथ रंजिश रखते हैं, पूर्व में भी कई बार उनके साथ झगड़ा करने व उसे मारने की धमकी दे चुके है।

# जैकम खान अल्वी होंगे इनेलो से नूंह नप उम्मीदवार

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

**नगर** निकाय चुनाव का शंखनाद बजते ही चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के चेहरे खिल उठे हैं। अब समस्त पार्टियां सक्रिय हो गई हैं। वे अपने-अपने उम्मीदवारों को खड़ा में जुट गई हैं। नूंह नगर परिषद से इनेलो ने सबसे पहले अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है।

इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) जिला कार्यालय अनाज मंडी नूंह में मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष चौधरी नफे सिंह राठी की अध्यक्षता में नगर परिषद नूंह के चुनाव में इनेलो के सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं सभी वरिष्ठ नेतागण की मौजूदगी व विचार विमर्श करके पार्टी सुप्रीमो चौधरी ओमप्रकाश चौटाला, अभय चौटाला के दिशा निर्देश से जैकम खान अल्वी को सर्वसम्मति इनेलो पार्टी का चेयरमैन पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया। जैकम खान अल्वी नूंह शहर के तावडू रोड स्थित वार्ड-2 के निवासी है। बुधवार को पार्टी कार्यालय पर इनेलो उम्मीदवार जैकम ने पत्रकारवार्ता करते हुए पार्टी के शीर्ष नेताओं का आभार



जताते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शहरवासियों ने अगर चेयरमैन बनने का मौका दिया तो शहर की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। शहर में विकास कार्यों को कराया जाएगा। इस मौके पर इनेलो नूंह हल्का प्रधान एवं इनेलो जिला कार्यालय मंत्री चौधरी इब्राहिम पहलवान, जिला प्रधान सुभान खान, प्रभारी बाहुबली, युवा नेता डॉ केके जैलदार, युवा प्रभारी दीपक चौधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ रफीक आजाद, खलील अहमद एडवोकेट मुख्य रूप से उपस्थित रहे।


वहीं नगर परिषद नूंह से भाजपा और कांग्रेस पार्टी के चेयरमैन उम्मीदवारों की बात करें तो भाजपा से कमल गोयल, नरेंद्र पटेल, थानसिंह कश्यप, संजय मनोचा और कांग्रेस से विष्णु सिंगला, अल्ली प्रधान का नाम चर्चा में हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री

## कठिन चुनौतियां

**लगता** है कि आस्ट्रेलिया के नए प्रधानमंत्री ने क्वाड में अपनी भूमिका तथा चीन के संबंध में दृष्टिकोण तय कर लिया है। चीन को लगता है कि प्रधानमंत्री के रूप में स्काट मोरीसन के बाद पद पर आने वाले आस्ट्रेलिया लेबर पार्टी नेता एंथनी एल्बानीज़ उसके प्रति कम शत्रुतापूर्ण दृष्टिकोण अपनाएंगे। इस सोच का क्वाड पर क्या असर पड़ेगा? अमेरिका की पहल पर गठित सुरक्षा संवाद का संबंध हिंद-प्रशांत में चीनी शक्ति प्रदर्शन का मुकाबला करना है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इस चतुष्कोणीय गठबंधन में समान साझीदार एल्बानीज़ के नेतृत्व वाला आस्ट्रेलिया चीन और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव को किस दृष्टिकोण से देखता है। क्वाड का पहला चरण बहुत उथलपुथल वाला रहा जब लिबरल नेता जान हावर्ड के नेतृत्व में आस्ट्रेलिया इस संवाद से बाहर चला गया था और उनके बाद आने वाले लेबर के केविन रड भी इसमें शामिल नहीं हुए थे। इस रणनीतिक पहल को 2017 में नया जीवन मिला और अब चारों सदस्य पहले के किसी समय की तुलना में क्वाड को सुरक्षित रखना चाहते हैं। इसी कारण क्वाड स्वयं को आश्वस्त करना चाहेगा कि हाल ही में समाप्त आस्ट्रेलियाई चुनाव अभियान की कड़वाहट, खासकर लिबरल-लेबर टकराव का उस पर कोई असर न पड़े जो दूसरे की तुलना में स्वयं को चीन के निकट प्रदर्शित करने पर तुले थे। उम्मीद करनी चाहिए कि एल्बानीज़ के सत्ता में आने के बाद इसकी प्रतिध्वनि नहीं सुनाई देगी।



क्वाड व आस्ट्रेलिया की जनता जानना चाहेगी कि क्या एल्बानीज़ मोरीसन की नीतियों की समीक्षा करेंगे या उनको जारी रखेंगे। चीन-आस्ट्रेलिया संबंध मोरीसन के कार्यकाल में सबसे खराब स्थिति में थे। हालिया चुनाव अभियान में लेबर पर चीन नीति की समीक्षा का भारी दबाव था। मोरीसन के नेतृत्व में लिबरल ने एल्बानीज़ पर चीन के प्रति नरम होने का आरोप लगाया था। उनका दावा था कि 'चीन सरकार ने उनका घोड़ा पकड़ लिया है और वे खामोश बैठे हैं।' पुन: प्रचारित एक वीडियो में दिखाया गया था कि 2018 में आस्ट्रेलिया-चीन व्यापार असोसियेशन के रात्रिभोज में एल्बानीज़ मैंडारिन बोलने का प्रयास कर रहे थे।

लेकिन एल्बानीज़ ने स्पष्ट किया है कि ताइवान व दक्षिण चीन सागर जैसे विवादास्पद मुद्दों पर कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा। उन्होंने कहा था कि चीन के साथ आस्ट्रेलिया के संबंध 'चुनौतीपूर्ण होंगे' तथा अमेरिका के साथ दोस्ती आस्ट्रेलियाई विदेश नीति का 'पहला स्तंभ' बनी रहेगी। चुनाव के पहले लेबर पार्टी ने चीन के प्रति कठोर दृष्टिकोण प्रदर्शित किया था। नई विदेश मंत्री लेबर की पेनी वोंग ने अपने अभियान में कहा था कि वे चीन के साथ आस्ट्रेलिया के वर्तमान तनावों में 'पीछे कदम नहीं उठाएंगी।' हालांकि, वोंग ने एक साल पहले कहा था कि द्विपक्षीय टकराव का यह अर्थ नहीं कि 'हमारी कार्रवाइयों में सुधार का कोई स्थान नहीं बचा है।' वोंग ने फ्रांसीसी पनडुब्बियों की तुलना में आकुस से जुड़ी नाभिकीय पनडुब्बियां पसंद करने के लिए मोरीसन की आलोचना भी की थी। उस समय लेबर चाहते थे कि सैनिक व सुरक्षा मामलों में आस्ट्रेलिया का दृष्टिकोण अमेरिका से अलग हो। ऐसे में यह सोचना उचित नहीं होगा कि अंतरराष्ट्रीय राजनय में नए एल्बानीज़ अमेरिका-प्रथम नीति अपनाएंगे और साथ-साथ चीन से संबंधों को तार्किक रूप देंगे। अपनी ओर से चीन सारे प्रयास कर रहा है कि स्वस्थ संबंध दोनों देशों के हित में हैं। बीजिंग क्वाड में दरार पैदा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। ऐसे में देखना होगा कि वास्तव में एल्बानीज़ क्या दृष्टिकोण अपनाते हैं।

# बिजली क्षेत्र के समक्ष चुनौतियां

### डिस्काम को राज्य नियंत्रण से मुक्त कर उनको सभी उपभोक्ताओं के लिए दरें तय करने व निजी फर्मों को वितरण में आने की अनुमति मिलनी चाहिए।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



मोदी सरकार वर्तमान समय में गंभीर बिजली संकट का सामना करने के लिए सभी प्रयास कर रही है। इसके अनेक अन्य कारणों के साथ वर्तमान मौसम में मांग बढ़ना भी शामिल है। सरकार इस क्षेत्र की बाधायें दूर करने का प्रयास कर रही है जिनमें कोयले की सप्लाई भी शामिल है जो देश में कुल बिजली उत्पादन में 52 प्रतिशत का जिम्मेदार है। अप्रैल-मई, 2022 में केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने सरकार को बिजली अधिनियम 2003 की धारा 11 के अंतर्गत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। उसने सभी आयातित कोयला-आधारित प्लांटों-आईसीबी को पूरी क्षमता से काम करने और बिजली पैदा करने तथा घरेलू कोयला प्रयोग करने वाली सभी उत्पादन कंपनियों-जेनकोज़ को अपनी ईंधन आवश्यकताओं का कम से कम 10 प्रतिशत कोयला आयात करने का निर्देश दिया। इसे 30 प्रतिशत तक बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। अन्य उपायों में सभी जेनकोज़ से कहा गया है कि वे अपनी कैप्टिव कोयला खानों की व्यवस्था करें ताकि उन खानों से अधिकतम उत्पादन सुनिश्चित हो सके। केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम-सीपीएसयू कोल इंडिया लिमिटेड-सीआईएल का योगदान घरेलू कोयला उत्पादन में 85 प्रतिशत है।

उसे अपनी 'प्रयोग न होने वाली' खानें निजी कंपनियों को नीलाम करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही रेलवे का ढांचा मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि वह खानों से अधिकाधिक कोयला ताप बिजलीघरों तक पहुंचाने में अपना योगदान करे। सरकार ने जेनकोज़ को वित्तीय व मूल्य सहायता उपायों की घोषणा भी की है ताकि वे जमीनी स्थितियों का यथार्थ समझ सकें। उसने ऊर्जा वित्त निगम-पीएफसी तथा ग्रामीण विद्युतीकरण निगम-आरईसी को निर्देश दिए हैं कि वे 'उपयुक्त सुरक्षा उपायों के साथ भारी दबावों का सामना कर रहे आईसीबी प्लांटों के लिए 6 महीने का अल्पकालीन कर्ज की व्यवस्था करें।' उसने बिजली वितरण कंपनियों-डिस्काम के साथ जेनकोज़ के बिजली खरीद समझौतों-पीपीए का दायरा बढ़ा कर उसमें आयातित कोयले की कीमत जोड़ने का अनुरोध किया है।

सरकार का इरादा घरेलू व विदेशी स्रोतों से कोयले की उपलब्धता बढ़ाना तथा जेनकोज़ के हाथ में ज्यादा पैसा देना है ताकि वे आयातित ईंधन की अधिक कीमत अदा कर सकें। कठिन भू-राजनीतिक स्थिति के कारण केवल दो महीने में इसकी कीमतों में 100 डालर प्रति टन वृद्धि हुई है। उसने उच्च कीमत की भरपाई के लिए डिस्काम से ज्यादा पैसे लेने की अनुमति भी दी है। लेकिन चीजों का इच्छानुसार चलना जरूरी नहीं है। अधिकांशत: राज्य सरकारों के स्वामित्व व नियंत्रण वाली डिस्काम दरें बढ़ाने पर तैयार नहीं हो सकती हैं, इसके साथ ही दरों में संशोधन को अदालतों में चुनौती भी दी जा सकती है। ऐसे में वर्तमान नियमों के अंतर्गत 'ऊर्जा एक्सचेंज' दाम बढ़ाने को तैयार नहीं होंगी तथा दरों की एक सीमा है। अतिरिक्त उत्पादन के प्रयासों के नजीजे तत्काल आने की संभावना नहीं है। यदि सरकार डिस्काम पर अधिक कीमतें अदा करने का दबाव डाले और वे एक्सचेंज को बिक्री में सीमा हटाने पर तैयार हो जाएं तो भी इससे पहले से ही संकट का सामना कर रही डिस्काम और गंभीर संकट में फंस जाएंगी। डिस्काम के संकट का कारण यह है कि वे राज्य सरकारों द्वारा बिजली का बड़ा हिस्सा घरेलू उपभोक्ताओं व किसानों को कम कीमत पर देने को मजबूर हैं। यह खरीद कीमत का एक छोटा सा हिस्सा या मुफ्त होता है। कुछ राज्यों में डिस्काम के राजस्व में सब्सिडी का हिस्सा 30-40 प्रतिशत है। हालांकि, राज्य डिस्काम को बिक्री में होने वाला घाटा पूरा करने का आश्वासन देती हैं, पर अधिकांश मामलों में वे इसका आंशिक भुगतान करती हैं या बिल्कुल नहीं देती हैं। आंशिक भुगतान भी बहुत विलम्ब से होता है। इसके कारण घरेलू उपभोक्ताओं व किसानों को दी गई बिजली की कीमत अदा नहीं होती है। उच्च एग्रीगेट व कामर्शियल-एटीएंडसी नुकसान के कारण डिस्काम का घाटा और बढ़ जाता है जो बिजली चोरी का पर्याय है। इसकी पूर्ति के लिए वे उद्योगों और बिजनेसों से अधिक दरों पर वसूली करती हैं। लेकिन इस क्रास-सब्सिडाइजेशन के बावजूद डिस्काम को भारी घाटा उठाना पड़ता है। लगातार नुकसान के कारण 31 मार्च, 2022 तक वे 600,000 करोड़ से अधिक के भारी कर्ज में डूब गई थीं। उन पर स्वतंत्र बिजली उत्पादकों-आईपीपी का 100,000 करोड़ से अधिक बाकी है जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी के साथ अन्य उत्पादक भी शामिल हैं। दो दशकों से डिस्काम की स्थिति सुधारने के प्रयास जारी हैं जिसके लिए 2002, 2012, 2015 व 2021 में चार बड़ी योजनायें बनाई गईं, लेकिन इनके कोई नतीजे नहीं निकले। मोदी सरकार के अंतर्गत लाई गई अंतिम दो योजनायें उल्लेखनीय हैं। नवंबर, 2015 में लाई उज्ज्वल डिस्काम बीमा योजना-उदय में केन्द्र ने एटीसी नुकसान घटाने के लिए डिस्काम को 400,000 करोड़ का वित्तीय पुनर्गठन पैकेज-एफआरपी दिया। इसके अंतर्गत नुकसान को 20.7 प्रतिशत से घटा कर 2018-19 में 15 प्रतिशत पर लाना था। बिजली बिक्री से प्राप्त औसत राजस्व प्राप्ति-एआरआर व सप्लाई की औसत लागत-एसीएस के बीच अंतर भी 2015-16 में 0.59 प्रतिशत से घटा कर 2018-19 में 'शून्य' पर लाना था। लेकिन ये लक्ष्य पूरे नहीं हो सके। 2021-22 के केन्द्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'रिफार्म-लिंक्ड, रेजल्ट-बेस्ड डिस्ट्रीब्यूशन'-आरएलआरबीएसडी योजना शुरू की जिसके लिए 310,000 करोड़ की घोषणा की गई। इस योजना के अंतर्गत डिस्काम को समर्थन देने के लिए सरकार ने एटीएंडसी नुकसान को 12-15 प्रतिशत लाने तथा एसीएस-एआरआर अंतर को 2025 तक 'शून्य' करने का लक्ष्य रखा है। इस योजना के अंतर्गत पैसा जारी करने को सुधार लक्ष्य के विभिन्न चरण पूरा करने से जोड़ा गया है।

लेकिन अतीत की तरह ये खोखली घोषणायें हैं। उदय के अंतर्गत डिस्काम से अपनी व्यवस्था ठीक करने को कहा गया था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। वर्तमान एटीएंडसी नुकसान कम होने के बजाय योजना शुरू करने के समय से अधिक होकर 25 प्रतिशत हो गए हैं। इसलिए आरएलआरबीएसडी के अंतर्गत किए जाने वाले दावों का भी कोई खास महत्व नहीं है। देखना होगा कि सरकार कोयला संकट से निपटने के जो प्रयास कर रही है उनका डिस्काम पर क्या प्रभाव पड़ेगा? आईसीबी प्लांटों को दिए निर्देशों के परिणामस्वरूप डिस्काम द्वारा खरीदी जाने वाली बिजली की कीमतों में भारी वृद्धि होगी। चूंकि हमारे राजनेता घरेलू उपभोक्ताओं व किसानों से एक पैसा भी अधिक नहीं लेना चाहते हैं और उद्योग पहले से ही भारी दरों का शिकार हैं इसलिए उसमें वृद्धि संभव नहीं है। इस कारण घाटा और बढ़ेगा। 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019-20 के लिए कोयला उत्पादन लक्ष्य 1500 मिलियन टन रखा था, लेकिन भारत का उस समय उत्पादन लगभग 730 मिलियन टन था। 2020-21 में कोविड के कारण उत्पादन घट कर 716 मीट्रिक टन रह गया। हालांकि, यह 2021-22 में बढ़ कर 777 मिलियन टन हो गया जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक था, पर यह लक्ष्य का केवल 50 प्रतिशत था।

यदि उत्पादन लक्ष्य के निकट होता तो वर्तमान संकट से बचा जा सकता था। इससे निपटने के लिए बेहतर नियोजन तथा परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन जरूरी है। मोदी को नवीकरणीय स्रोतों की ओर तेजी से हस्तांतरण भी सुनिश्चित करना होगा तथा इसमें आने वाली बाधायें दूर करनी होंगी। लेकिन हमारे राजनेता वर्ग के लिए सबसे जरूरी है कि वह ऊर्जा क्षेत्र में सुधारों को जमीनी स्तर तक ले जाएं। इसके लिए डिस्काम को राज्य नियंत्रण से मुक्त कर उनको किसानों व घरेलू उपभोक्ताओं समेत सभी उपभोक्ताओं के लिए दरें तय करने व निजी फर्मों को वितरण में आने की अनुमति मिलनी चाहिए। इसके साथ ही बिजली वितरण क्षेत्र से निहित स्वार्थी तत्वों को हटाने के लिए एक स्वतंत्र अधिकरण की स्थापना होनी चाहिए जो 'कामन कॅरियर' सिद्धान्त पर पारदर्शी व बिना भेदभाव के काम कर सके। यदि कोई राज्य सरकार किसानों व घरेलू उपभोक्ताओं को सब्सिडी देना चाहती है तो उसे यह काम लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी के माध्यम से करना चाहिए।

# जीवाश्म ईंधन के हानिकारक प्रभाव

**प्रीतम सिंह**
(लेखक शिक्षक व विश्लेषक हैं)



अधिकांश लोगों को शायद अनुमान भी नहीं होगा कि एक मोमबत्ती एक पटाखे की तुलना में ज्यादा कार्बन डाईआक्साइड-सीओ2 पैदा करती है। पिछले 4-5 दशकों में 95 प्रतिशत से अधिक मानवी गतिविधियां, हमारी जीवन-प्रणाली को ग्रहण लगाते हुए, धरती के साल-दर-साल गर्म होते जाने के लिए जिम्मेदार हैं। स्टीफन हॉकिंग ने स्पष्ट रूप से भविष्यवाणी (एक अप्रत्यक्ष चेतावनी) की थी कि हमारा ग्रह धीरे-धीरे अपना तापमान बढ़ाएगा और अगली छह शताब्दियों में 'गर्म आग का गोला' बन जाएगा; और इसे बचाने के लिए - इससे पहले कि बहुत देर हो जाए- हमें अभी कार्य करने की आवश्यकता है।

अपने वाहनों व उद्योग के लिए जीवाश्म ईंधन से अधिक शक्ति प्राप्त करने की इंसानी लालसा वैज्ञानिकों और पर्यावरण विशेषज्ञों की चिंताओं का एक गंभीर कारण है और मोम जिसका कि हम अपने दैनिक जीवन में बहुत बार उपयोग करते हैं, इस सच्चाई की स्पष्ट प्रमाण प्रस्तुत करता है। हम हर साल सांस्कृतिक और धार्मिक अवसरों पर तीन अरब से अधिक मोमबत्तियां जलाते हैं। ये मानव स्वास्थ्य के लिए नए खतरों को आमंत्रित करते हुए 'ग्रीनहाउस गैसों' के स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि करते हैं। अधिकांश मोमबत्तियां 'पैराफिन मोम' से बनाई जाती हैं, जोकि पेट्रोलियम से उत्पन्न उत्पाद है, जिसे आईसी इंजन में डीजल जलाने से आम कार्सिनोजेनिक विषाक्त पदार्थ निकलते हैं। उदाहरण के लिए, प्रत्येक 50 ग्राम घरेलू मोमबत्ती लगभग चार घंटे तक जलती है। यह लगभग 39 ग्राम कार्बन डाइऑक्साइड पैदा करती है। इस प्रकार एक अकेली मोमबत्ती एक पटाखे की तुलना में लगभग 30 गुना अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्पन्न करती है जबकि एक पटाखा मात्र 0.4 ग्राम उत्पन्न करता है।

पृथ्वी के धीरे-धीरे जलने की सामूहिक लपटें अंटार्कटिका के सबसे ठंडे क्षेत्र में पहुंच रही हैं, जो अंटार्कटिका के उत्तरी व दक्षिणी ध्रुवों से लेकर पारिस्थितिक रूप से कमजोर व



नाजुक-बिंदुओं, जिन्हें कि धरती के तीसरे केन्द्र के रूप में जाना जाता है, यानी हिमालय पर्वतमाला तक, मानवता के विनाश के द्वार खोल रही है। यह हिमालय पर्वतमाला के कीमती 'बर्फीले क्षेत्रों' को पिघला रही है। ये बर्फीले क्षेत्र ठोस जल (बर्फ) हैं जो हमारी 'पृथ्वी पर जीवन रेखा' की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं - हमारे रहने की स्थिति के अनुकूल पृथ्वी के तापमान को ठंडा करते हैं। क्या पृथ्वी पर बढ़ते तापमान के लिए सूर्य जिम्मेदार है? नहीं। पृथ्वी की जलवायु सूर्य से प्रभावित होती है और जीवन दाता के रूप में कार्य करती है। नए रिकार्ड को छूती हुई चिलचिलाती धूप सूर्य की गतिविधियों के कारण नहीं है। सबसे प्रचुर मात्रा में 'ग्रीनहाउस गैसें' भौतिक या रासायनिक रूप से जिम्मेदार हैं। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के पर्यावरण वैज्ञानिकों ने कहा है कि जब तक इंसान जीवाश्म ईंधन को जलाना बंद नहीं कर देते, तब तक यह और अधिक गर्म और उग्र होती रहेगी।

उपग्रहों के एक विश्लेषणात्मक डेटा ने पाया है कि पिछले 40 वर्षों में सूर्य के ऊर्जा उत्पादन में 0.1प्रतिशत से भी कम परिवर्तन हुआ है जबकि पृथ्वी के ताप में 142 वर्षों में कम से कम 1.1 डिग्री सेल्सियस (1.9 डिग्री फारेनहाइट) की वृद्धि हुई है। 1975 के बाद से प्रति दशक लगभग 0.15 से 0.20 डिग्री सेल्सियस की दर से उष्णता में वृद्धि हुई है। शुक्र जैसे ग्रहों में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा पृथ्वी की तुलना में 1,54,000 गुना अधिक है (मंगल पर लगभग 19000 गुना)। यह ऐसे ग्रीन हाउस गैसों का प्रभाव पैदा करता है कि सतह का तापमान 475 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाता है, जो सीसा को पिघलाने के लिए पर्याप्त है।

स्टीफन हॉकिंग की चेतावनी किसी भी कीमत पर इस परिघटना पर लगाम लगाने के लिए गंभीर उपाय करती है। उत्तरी कैरोलिना विश्वविद्यालय के कुछ अध्ययनों का अनुमान है कि अगर जीएचजी को नियंत्रित किया जाए तो वर्ष 2030 तक पांच लाख लोगों की जान बचाई जा सकती है। जलवायु खतरों की गुमनाम छाया के प्रभाव को कम करने के लिए, सभी देशों को सर्वसम्मति से अपनी प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाना चाहिए और केवल अपनी 'न्यूनतम जरूरतों' को पूरा करने के लिए 'जीवाश्म ईंधन और इसके उत्पादों का उपयोग' के पूरे मसले पर पुन: विचार करना चाहिए।

तदनुसार, प्रदूषण से संबंधित मसलों के संबंध में भारत के अधिक संवेदनशील होने के कारण, यह उचित समय है कि नियामक प्राधिकरणों ने अधिक कड़े दिशा-निर्देश तैयार किए और हमारी भावी पीढ़ियों की बेहतरी के लिए देश भर में बड़े पैमाने पर जन-जागरुकता अभियान शुरू किए।

## आप की बात

### मंकी पोक्स का खतरा

**कोरोना** का कहर थमा भी नहीं कि एक़ और खतरे की आहट देश को धीमे-धीमे सुनाई देने लगी है। जिसका नाम मंकी पोक्स बताया जा रहा है। गौरतलब है कि कोरोना की भी आहट इसी मंद स्वरुप में देश नें सुनी गई थी, पर देश की भोली जनता को उसके भयानक रूप का कतई अंदाजा नहीं था। जब कोरोना नें अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू किया तब जाकर लोगों को स्थिति की गंभीरता का पता चला। नई बीमारी की ऐसी ही मंद आहट फिर सुनाई दे रही है और अभी लोग इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कहीं लापरवाही फिर से किसी नए खतरे को जन्म न दे देए इसके लिए मंकी पोक्स के बारे में देश को जागरूक कर देने की आवश्यकता है। ताकि कोरोना वायरस वैश्विक महामारी जैसी भयावह पुनरावृति न हो। नई बीमारियों के बारे में यही कहा जा सकता है कि सावधानी ही बचाव कर सकती है। वैसे उपलब्ध जानकारियों के अनुसार यह बीमारी 14 देशों में फैल गई है और भारत सरकार ने विदेश से आने वाले लोगों की हवाईअड्डों पर जांच की व्यवस्था करने की दिशा में कदम उठाए हैं। खासकर मुंबई के हवाईअड्डों पर इसकी जांच कठोरता से की जा रही है।

– **मनोज**, मेरठ

### महंगाई से थोड़ी राहत

**लगातार** रिकॉर्ड महंगाई का सामना कर रही जनता को सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थों पर उत्पाद शुल्क घटाकर राहत देने की कोशिश की है। इससे आम चीजों के भाव में भी कटौती का अनुमान है। इससे आम आदमी की क्रय शक्ति कुछ बढ़ेगी। अब राज्य सरकारों का दायित्व बनता है कि वह अपने हिस्से की राहत भी दें ताकि लोग महंगाई के बोझ से थोड़े और हल्के हों। लगातार बढ़ती महंगाई ने छोटे से बड़े सभी वर्ग के लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। नमक से लेकर चाय, दूध, घी, तेल जैसी घर के लिए उपयोगी वस्तुओं के अलावा सामान्य उपयोग की चीजों की कीमतों में भी बेइंतेहा बढ़ोतरी हुई है इससे आम आदमी की क्रय शक्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। महंगाई की एक वजह चीजों की ढुलाई रही है जो पेट्रोलियम पदार्थों के ऊंचे दामों के कारण सर्वाधिक ऊंचाई पर है। जनता के आक्रोश के चलते सरकार ने पेट्रोल और डीजल के उत्पाद शुल्क में कटौती की है जिससे लोगों को फौरी राहत तो मिलेगी ही आम आवश्यकता की चीजों के दाम भी कम होने से रसोई का बजट भी सुधरेगा। अब राज्य सरकारों को भी लोगों की परेशानी समझ कर अपनी हिस्सेदारी में से राहत देना चाहिए।

– **अमृतलाल मारू**, दसई धार


### पर्यावरण संरक्षण

**इंटरनेशनल** यूनियन फार कंजर्वेशन आफनेचर की वर्ष 2021 की रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में वन्यजीवों और वनस्पतियों की हजारों प्रजातियां संकट में हैं और आने वाले वक्त में इनके विलुप्त होने की संख्या और दर अप्रत्याशित वृद्धि हो सकती है। आइयूसीएन ने सैंतीस हजार चार सौ प्रजातियों को विलुप्ति के कगार पर मानते हुए खतरे की सूची में शामिल किया है। इंसानों ने न सिर्फ अपनी भूख मिटाने के लिए बल्कि मनोरंजन के लिए हजारों जीव जातियों का अस्तित्व खत्म कर दिया है। हरे-भरे वन सीमेंट कंक्रीट के जंगलों में बदल दिए हैं। यदि देश में प्रत्येक व्यक्ति अपने परिवार के सदस्यों की संख्या के अनुरूप ही 2-2 पेड़ लगा दे तो आगामी 15 वर्षों में देश का कोना कोना हरियाली से लहलहा उठेगा। और अब तो टेरेस गार्डन जैसे आधुनिक विकल्प भी उपलब्ध है। जिससे व्यक्ति को अपने ही गार्डन में उगाए फल और सब्जियों के साथ ही ताजा हवा बिना कुछ खर्च किए मिलती रहेगी। पर्यावरण संरक्षण में यही हमारा महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




"जनता मेरे लिए पहले स्थान पर है। तेल मूल्य घटाने के निर्णय का विभिन्न तबकों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

भारतीय विदेश सेवा पूरी तरह बदल गई है। वे कुछ भी नहीं सुनते हैं। वे घमंडी हैं।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता





हां, भारतीय सेवा बदल गई है। हां, वह सरकार के आदेशों का पालन करती है। नहीं, इसे घमंडी नहीं कहते हैं।

– **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री"

# हरियाणा की जनता भी चाह रही है व्यवस्था परिवर्तन : पारस बठला

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र

### 29 मई की रैली के बाद हरियाणा की राजनीति में बदलाव साफ दिखाई देगा


आम आदमी पार्टी में युवाओं के साथ ब्लॉक प्रधान पारस बठला ईशरहेडी व अन्य।

**अब** बदलेगा हरियाणा रैली में पूरे प्रदेश से भारी जन सैलाब उमडेगा और लाडवा हल्के से सैकडों वाहनों के काफिले में भारी संख्या में कार्यकर्ता रैली में पहुंचेंगे। दिल्ली और पंजाब के बाद अब हरियाणा की जनता भी व्यवस्था परिवर्तन चाहती है और व्यवस्था परिवर्तन के लिए प्रदेश की जनता आम आदमी पार्टी को सत्ता में लाने का मन बना चुकी है।

उपरोक्त शब्द ब्लॉक प्रधान पारस बठला ईशरहेडी व वरिष्ठ आप नेता नरेश कुमार फौजी नें युवाओं को आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाने के कहे। उन्होंने कहा कि 29 मई को कुरुक्षेत्र में होने वाली रैली में लाडवा हल्के से भारी जनसैलाब उमडेगा और यह रैली प्रदेश की सत्ता में बदलाव लाने का काम करेगी। उन्होंने बताया कि 29 मई की रैली के बाद हरियाणा की राजनीति में बदलाव साफ दिखाईदेगा और यह रैली प्रदेश के इतिहास की सबसे ऐतिहासिक रैली साबित होगी। उन्होंने कहा कि इस रैली को लेकर लाडवा हल्के के कार्यकर्त्ता कमर कस लें ताकि लाडवा हल्के की इस रैली में अहम भागेदारी रहे।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रदेश की भाजपा-जजपा सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार तो दे नहीं सकती, इसलिए अब युवाओं को नशे की ओर धकेलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा ही अब हरियाणा में व्यवस्था परिवर्तन का आगाज करेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरूस्त किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि देश के अन्य राज्यों की तरह हरियाणा में भी कांग्रेस खात्मे की ओर बढ़ रही है। कांग्रेस का हरियाणा में अब जनाधार खत्म हो रहा है अब प्रदेश की जनता कांग्रेस को नकार चुकी है। जब कांग्रेस के नेताओं को ही एक दूसरे पर विश्वास नहीं है तो जनता उन पर कैसे विश्वास कर सकती है। इस मौके पर नवीन बालियान खैरा, मनिष सांगवान संघौर, विक्की सैनी भैणी अन्य युवा मौजूद रहे।

## चुनावी क्षेत्रों में ही लागू होगी आचार संहिता

**सोनीपत।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ललित सिवाच ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला की गन्नौर व कुण्डली दो नगर पालिकाओं और गोहाना नगर परिषद के सभी वार्डों के अध्यक्षों और सदस्यों की सीटों के लिए आम चुनाव कराने के लिए अधिसूचना जारी की है।

उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की हिदायतानुसार चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही नगर पालिकाओं के उन क्षेत्रों में जहां चुनाव होने हैं, वहां आदर्श आचार संहिता तुरंत लागू हो गई है और चुनाव संपन्न होने तक लागू रहेगी।

# आंगनबाड़ी वर्कर्स, हेल्पर्स ने किया रोष प्रदर्शन

### पंचायत भवन से पीओ कार्यालय तक किया प्रदर्शन

### सरकार ने हड़ताल के दौरान किए समझौते को लागू नहीं किया

### प्रदेश सरकार पर लगाया वायदा खिलाफी का आरोप


तालमेल कमेटी के आह्वान पर रोष प्रदर्शन करतीं आंगनबाड़ी वर्कर्स, हेल्पर्स आदि।

रणबीर रोहिल्ला। सोनीपत

**संयुक्त** तालमेल कमेटी के आह्वान पर बुधवार को पंचायत भवन में आंगनबाड़ी वर्कर्स, हेल्पर्स, सहायिका इक्ट्ठा हुई। जहां पर एक मीटिंग का आयोजन किया गया।

मीटिंग के दौरान सहायिकाओं ने प्रदेश सरकारक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मीटिंग के बाद आंगनबाड़ी वर्कर्स, हेल्पर्स, सहायिकाओं ने पंचायत भवन से लेकर पीओ कार्यालय तक रोष प्रदर्शन किया। मीटिंग के दौरान सीटू के जिला प्रधान आनंद शर्मा, कविता, उषा, सोना, शीलावती ने हरियाणा सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि आंगनबाड़ी वर्कर्स, हेल्पर्स यूनियन हरियाणा द्वारा की गई हड़ताल के दौरान हुए समझौते के अनुसार हरियाणा सरकार ने अभी तक उनको लागू नहीं किया है। बर्खास्त वर्कर्स एवं हेल्पर्स को अभी तक ड्यूटी ज्वाइन नहीं कराया है, बनाए गए झूठे मुकदमे अभी तक वापस नहीं लिए हैं।

हड़ताल के दौरान एक सौ रुपये कटौती करते हुए वेतन अदायगी करनी थी, उसमें भी 25 परसेंट कटौती का पत्र जारी किया है। अभी तक पिछला मानदेय नहीं दिया गया है। इसलिए संयुक्त तालमेल कमेटी हरियाणा ने तय किया है कि 25 मई को पूरे हरियाणा में शहरों में रोष प्रदर्शन करते हुए हरियाणा सरकार को ज्ञापन भेज कर सरकार द्वारा किया गया वादा पूरा करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि अगर हरियाणा सरकार ने हठधर्मिता छोड़कर किए गए समझौते एवं वायदे पूरे नहीं किए तो प्रदेश की आंगनबाड़ी वर्कर्स, हेल्पर्स दोबारा से आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होंगे। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी। मीटिंग को ईश्वर राठी, सुनीता, छवि, सोना देवी और उषा आदि ने भी संबोधित किया।

## आम आदमी पार्टी की रैली को लेकर लोगों में भारी उत्साह : विशाल

**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी उत्तरी जोन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल खुब्बड़ ने कहा कि लोगों में 29 मई को होने वाली आम आदमी पार्टी की रैली के प्रति पूरा उत्साह है। वह राष्ट्रभक्त केजरीवाल के विचारों को सुनने के लिए लालायित हैं जिसने दिल्ली को सुधारने का काम किया है। लोग सैकड़ों की संख्या में अनेक दलों को छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

विशाल खुब्बड़ ने कहा कि जिस प्रकार से दिल्ली में जनहित की नीतियां बनाकर दिल्ली को सुधारने का काम किया है उसी प्रकार से हरियाणा में भी हरियाणा को बदलने की एक मुहिम चलाई जाएगी जिसके तहत भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार किया जाएगा। नौजवानों को रोजगार मुहैया कराने के नए नए तरीके ईजाद किए जाएंगे। विशाल ने कहा कि 29 मई को कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर के समीप मेला ग्राऊंड में जनसैलाब उमड़ेगा जोकि इस बात को प्रमाणित करेगा कि हरियाणा में आने वाला समय आम आदमी पार्टी का है। कहा कि हरियाणा में स्कूल है तो अध्यापक नहीं है, अस्पताल में डॉक्टर नहीं है, सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, नौजवानों के लिए रोजगार नहीं है इसलिए हरियाणा में व्यवस्था परिवर्तन की बहुत जरूरत है।

# गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर चेतना फेरी 29 को


गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार के हेड ग्रंथी अंतरराष्ट्रीय गुरबाणी कथावाचक ज्ञानी साहिब सिंह जानकारी देते हुए।

**कुरुक्षेत्र/शाहबाद।** शहीदों के सरताज श्रीगुरु अर्जुन देव महाराज के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार शाहाबाद में सप्ताह भर रोजाना धार्मिक दीवान सजेंगे। इतना ही नहीं, इन धार्मिक समागमों का संगत को न्योता देने के लिए 29 मई को नगर में विशाल चेतना फेरी भी निकाली जाएगी। इन कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने के लिए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और उसके साथ जुड़ी सिख संस्थाएं नौजवान सेवक सभा, स्त्री सत्संग सभा, गुरसिख फैमिली क्लब व सिख समाज के गणमान्यजनों की एक बैठक हुई।

बैठक के उपरांत गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी अंतरराष्ट्रीय गुरबाणी कथावाचक ज्ञानी साहिब सिंह ने बताया कि शहीदी दिवस को समर्पित यह चेतना फेरी 29 मई को गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार शाहाबाद से शुरू होकर डॉ. जगदीश शर्मा दांतों वाले, ठाकुरद्वारा मंदिर, लोकल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य तरलोचन सिंह हांडा निवास माजरी मोहल्ला, कानफेड गैस एजेंसी, लिटल ऐंजल स्कूल, शहरी पुलिस चौकी रोड, जगदीश पार्क, शिवजी मंदिर, राज बुक डिपो रोड, गुरु रविदास नगर, पानी वाली टैंकी और पुरानी सब्जी मंडी से होते हुए शहीदों के अस्थान गुरुद्वारा श्री मस्तगढ़ साहिब के रास्ते वापस गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार में पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि 29 मई से दो जून तक रोजाना रात 7 से 10 बजे तक गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार में धार्मिक दीवान सजेंगे और तीन जून को सुबह 7 बजे से दोपहर दो बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। नौजवान सेवक सभा के प्रवक्ता भगवंत सिंह ने बताया कि शहीदी दिवस को समर्पित इन दीवानों में पंथ के सिरमौर कीर्तनी रागी जत्थे शिरकत करेंगे, जिनमें 29 मई को बीबी कंवलजीत कौर शाहबाद, 30 मई को भाई सूबा सिंह पिहोवा, 31 मई को भाई हरकीरत सिंह पानीपत, 01 जून को भाई मलकीत सिंह ढाडी जत्था और दो जून को भाई दिलबाग सिंह गुरदासपुर वाले संगत को गुरु इतिहास से जोड़ेंगे। भगवंत सिंह ने बताया कि इन दिनों रोजाना गुरु के लंगर अटूट चलेंगे और ठंडे-मीठे जल की छबील भी रोजाना लगेगी।

# छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी


कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

### लिटल एंजल्स स्कूल में कक्षा ग्यारह के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**लिटल** एंजल्स स्कूल में वर्तमान सत्र के कक्षा ग्यारह के छात्रों के अभिनंदन हेतु ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पढ़ाई व जीवन में अग्रसर होने के लिए जरूरी बातें बताई गई।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता आरोड़ा व अध्यापकगण उपस्थित थे। साथ ही इस कार्यक्रम में अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्य आशा गोयल ने सभी अभिभावकों का स्वागत किया। उसके बाद स्कूल ओरकैस्ट्रा ने लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि देते हुए शानदार प्रस्तुति दी। सीनियर कॉआर्डिनेटर संगीता सेठी ने सभी को स्कूल के नियमों की जानकारी दी और पढ़ाई के बेहतर वातावरण हेतु स्कूल के शिक्षकों के साथ बच्चों व उनके अभिभावकों के समन्वय के बारे में भी बताया। 11वीं कक्षा के छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थी सफलता के लिए अपनी अभिरुचि व क्षमता के अनुसार किसी भी विकल्प का चयन कर सकते है। सभी विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम व परीक्षा प्रारूप की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही बच्चों को अपनी योग्यता जानने हेतु साइकोमैट्रिक टेस्ट और आत्म मूल्यांकन टेस्ट में भाग लिया। बच्चों को अनेक फन गेम्स जैसे वरडल, स्पैलर्स बी, इनसिगनिया आदि कराए गए, जिससे विद्यार्थियों का अपने अध्यापकों के साथ अच्छे संबंध स्थापित हों।

इस अवसर प्रधानाचार्य आशा गोयल ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और भविष्य में नई ऊचाइयां छूने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय में आए सभी अभिभावकों के प्रति आभार प्रकट किया।

## नगर परिषद गोहाना के लिए 19 जून को होगा मतदान

**सोनीपत।** उपमण्डल अधिकारी (ना.) एवं नगर परिषद गोहाना चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि हरियाणा नगर परिषद चुनाव नियम 1978 के नियम 19(1) के अंतर्गत गोहाना नगर परिषद चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी की गई है। उन्होंने कहा कि जारी अधिसूचना के अनुसार 19 जून को मतदान व 22 जून को परिणाम घोषित होंगे। एसडीएम आशीष कुमार ने बताया कि चुनाव की घोषणा के साथ ही नगर परिषद गोहाना में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। रिटर्निंग अधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि 24 मई को हरियाणा नगर परिषद चुनाव नियम 20 के तहत नामांकन आमंत्रित करने के लिए नोटिस प्रकाशित किया गया है। गोहाना नगर परिषद चुनाव के लिए उम्मीदवार 30 मई से 4 जून तक केवल 2 जून (अवकाश होने के कारण) को छोडक़र प्रात: 11 बजे से सायं 3 बजे तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं।

# आज भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल : राजीव जैन

### प्रधानमंत्री मोदी अद्भुत व्यक्ति के मालिक : पूर्व मंत्री कविता जैन

### आज से एक बूथ 100 घर अभियान चलाया जाएगा


कार्यक्रम को संबोधित करती पूर्व मंत्री कविता जैन।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी सरकार के आठ वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियां घर-घर पहुंचाने के लिए 26 मई को एक बूथ 100 घर अभियान चलाया जाएगा, ताकि 2024 में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहले से भी ज्यादा सीटें जीतकर सरकार बने।

अभियान की सफलता के लिए सोनीपत विधानसभा के शक्ति केंद्र प्रमुख एवं बूथ अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अद्भुत व्यक्ति के मालिक है, यही वजह है कि दुनिया का नेतृत्व भारत देश करें यह सपना जल्द ही पूरा होने जा रहा है। बैठक में भारत माता, दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ बैठक की शुरुआत की गई।

बैठक को पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, डॉ. ओम प्रकाश अत्रे ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता के दम पर ही आज भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है और कांग्रेस का खात्मा निश्चित है। राजीव जैन ने कहा कि कांग्रेस कितने ही नाटक कर ले, परंतु घोटाले एवं शोषण से भरपूर राज के कारण जनता नकार चुकी है। बैठक में काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त-समाचार

### विद्यार्थियों को नशा न करने की दिलवाई शपथ



**कुरुक्षेत्र/शाहबाद।** हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख एवं अंबाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव के दिशा-निदेर्शों और मार्गदर्शन में राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय माजरी मोहल्ला में नशे के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में थाना शाहाबाद प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार मुख्यातिथि रहे, जबकि हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के उप निरीक्षक एवं जागरुकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा मुख्य वक्ता थे। विद्यालय की मुख्याध्यापिका आरती सौदे के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आरंभ हुआ। मुख्याध्यापिका ने बताया कि इस विद्यालय के अधिकतर बच्चे नशे का शिकार हैं और इन्हें बार-बार नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। एनसीबी हरियाणा प्रमुख श्रीकांत जाधव के सन्देश को सांझा करते हुए मुख्य वक्ता उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए बताया कि नशे को पूर्ण रूप से समाप्त करने के लिए हरियाणा पुलिस के अतिरिक्त एनसीबी का गठन हो चुका है, जिसका मुख्य लक्ष्य नशे में संलिप्त अपराधियों को जेल भेजना है और जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक नागरिक को ड्रग्स के दुष्प्रभाव से परिचित करा उसे सदमार्ग दिखाना है। इस अवसर पर सुरेख, लवलेश, अनु, सारिका, सीमा आदि शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### इस्माइलाबाद प्रदर्शन में शामिल होगी भाकपा



**कुरुक्षेत्र।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कुरुक्षेत्र जिला काउंसिल की बैठक शहीद खुशदेव स्मारक में वरिष्ठ नेता कामरेड सरूप चंद की अध्यक्षता में बुधवार को हुई। बैठक में सीपीआई के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप ने वर्तमान हालात पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने देश में लगातार बढ़ रही महंगाई, विकराल होती बेरोजगारी, बेलगाम होते भ्रष्टाचार और बढ़ते अपराध रोकने में विफल रही केन्द्र व राज्य सरकार की आलोचना की। कामरेड कश्यप ने केन्द्र सरकार द्वारा पेट्रोल व डीजल पर एक्साईज ड्यूटी कम करने के फैसले को नाकाफी बताते हुए देर से उठाया गया कदम बताया। उन्होंने महंगाई कम करने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। बैठक में 20 जून को कीर्ति नगर कुरुक्षेत्र में सीपीआई कार्यालय में पार्टी का जिला सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में वामपंथी पार्टियों के आह्वान पर 28 मई को महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के खिलाफ इस्माइलाबाद के प्रदर्शन में शामिल होने का फैसला किया गया। बैठक में सीपीआई के जिला सचिव नरेश कुमार ठोल ने पार्टी गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट पर प्रीतम टबरा, सुरजीत सिंह नलवी, बीर सिंह, बलजीत सिंह, करनैल सिंह, बलबीर सिंह, पालेराम, सरुप चंद आदि ने विचार व्यक्त किए।

### भगवान देवी के निधन पर जताया शोक

**कुरुक्षेत्र।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व राष्ट्रीय पंजाबी सभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मधुसूदन बवेजा की भाभी भगवान देवी पत्नी स्व. प्रेम चंद बवेजा का गत शनिवार को निधन हो गया था। उनके निधन पर धार्मिक, सामजिक व राजनैतिक संस्थाओं ने शोक प्रकट किया है। मधुसूदन बवेजा ने बताया कि भगवान देवी की रस्म क्रिया 2 जून को कुरुक्षेत्र में होगी।

### लाडवा रसोई में एक हजार लोगों को खिलाया खाना



**कुरुक्षेत्र।** लाडवा के पुराने डाकखाने के नजदीक स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा जो लाडवा रसोई चलाई गई है। उसमें दिन-प्रतिदिन पांच रुपये में भरपेट खाना खाने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। बुधवार को लगभग एक हजार से भी अधिक लोगों ने पांच रुपये में भरपेट भोजन किया। वहीं लाडवा के श्री गणेश उत्सव मंडल के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा लाडवा रसोई का जिम्मा लिया। श्रीगणेश उत्सव मंडल के प्रधान आदेश सिंगला ने कहा कि स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन संदीप गर्ग द्वारा जो यह लाडवा में मात्र पांच रुपये प्रति व्यक्ति दोपहर को 12 बजे से दो बजे तक प्रतिदिन रसोई चलाई गई है। यह एक ऐसा सराहनीय काम है। जिन लोगों को पहले एक वक्त का भी खाना नसीब नहीं होता था वह अब मात्र पांच रुपये देकर भरपेट भोजन कर सकता है और कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर की धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं की ओर से भी इन रसोई को पूरा सहयोग मिल रहा है। पिछले दो महीने से लगातार संस्थाएं प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से दो बजे तक रसोई चलाई जा रही है। वहीं पिछले कुछ दिनों से इसी प्रकार की एक रसोई लाडवा हल्के के बाबैन में भी चलाई जा रही है। समाजसेवी संदीप गर्ग ने गणेश उत्सव मंडल व शहर की अन्य सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि यह सब उनके प्यार व सेवा के कारण ही संभव हो पा रहा है कि दिन-प्रतिदिन लाडवा व बाबैन रसोई में भोजन करने वालों की संख्या बढ़ रही है। मौके पर महेश गर्ग, संतोष मराठा, मनोज मराठा, सुरेश मराठा, रिप्पन गर्ग, तुषार, शिवम, प्रदीप मराठा आदि मौजूद थे।

## एडलवाइस पर्सनल वेल्थ ने शुरू किया डिजिटल अभियान 'फिजूल खर्च टालो. इंवेस्ट कर डालो'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**जब** किसी के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने की बात आती है तो बचत और निवेश इन दोनों शर्तों का समान महत्व है। एडलवाइस वेल्थ मैनेजमेंट की धन प्रबंधन शाखा, एडलवाइस पर्सनल वेल्थ ने अपने नए डिजिटल अभियान- डोंट वेस्ट इंवेस्ट (फिजूल खर्च टालो इंवेस्ट कर डालो) के लॉन्च की घोषणा की। अभियान का उद्देश्य ब्रांड जागरुकता पैदा करना और निवेश करने की आदत को बढ़ावा देना है।

डिजिटल अभियान के शुभारंभ पर पुनीत गुप्ता, डिजिटल बिजनेस और मार्केटिंग हेड - पर्सनल वेल्थ, एडलवाइस वेल्थ मैनेजमेंट ने कहा - हम अक्सर ऐसे लोगों से मिलते हैं जो निवेश करने के लिए अनिच्छुक होते हैं, या तो वे इसे असुरक्षित पाते हैं या पैसे की कमी के कारण यह देखा गया है कि लोग अक्सर अपने पैसे को लेकर लापरवाह होते हैं। ऑनलाइन लेनदेन करने में आसानी अक्सर उन्हें तर्कहीन खर्च करने के लिए प्रेरित करती है। इस अभियान के साथ, हम लोगों को शिक्षित करना चाहते हैं और उन्हें इस बात से अवगत कराना चाहते हैं कि अनावश्यक खर्चों पर कैसे अंकुश लगाया जाए और इसके बजाय उस पैसे का निवेश किया जाए। क्योंकि, छोटी से छोटी राशि भी, जब समझदारी से निवेश की जाती है, तो हमारे भविष्य को सुरक्षित करने में एक लंबा रास्ता तय करने की क्षमता रखती है। अभियान का लक्ष्य सभी कमाई करने वाले व्यक्तियों को निवेश करने के लिए एक सही दृष्टिकोण के साथ शिक्षित करने का एक अंतर्निहित उद्देश्य है। एडलवाइस का लक्ष्य टियर 1 और टियर 2 सहित 12 शहरों को लक्षित करना है। डिजिटल अभियान फेसबुक, ट्विटर, लिंक्डइन, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर लाइव होगा।

इस डिजिटल अभियान के लिए कुल दो अलग-अलग वीडियो हैं और इसे चरणों में लॉन्च किया जाना है। इन आगामी चरणों में, अभियान को मीडिया मिश्रण के हिस्से के रूप में ओटीटी प्लेटफार्मों पर आगे बढ़ाया जाएगा। अभियान के विचार को आशीष खारवटकर, इंडिपेंडेंट क्रिएटिव डायरेक्टर और कंसल्टेंट, और एडलवाइस की इन-हाउस ब्रांड टीम ने रितिका सचदेवा के नेतृत्व में एक डिजिटल वीडियो के रूप में अवधारणा और अमल में लाया है।

## नगर पालिका कुंडली में होने वाले चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी

**सोनीपत।** उपमण्डल अधिकारी (ना0) सोनीपत एवं नगर पालिका कुण्डली चुनाव की रिटर्निंग अधिकारी शशि वसुंधरा ने बताया कि हरियाणा नगर पालिका चुनाव नियम 1978 के नियम 20 के अंतर्गत कुण्डली नगर पालिका चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी की गई है। उन्होंने कहा कि जारी अधिसूचना के अनुसार 19 जून को मतदान व 22 जून को परिणाम घोषित होंगे। एसडीएम शशि वसुंधरा ने कहा कि चुनाव की घोषणा के साथ ही नगर पालिका कुण्डली में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। रिटर्निंग अधिकारी वसुंधरा ने कहा कि कुण्डली नगर पालिका चुनाव के लिए उम्मीदवार 30 मई से 4 जून तक केवल 2 जून (अवकाश होने के कारण) को छोड़कर प्रात: 11 बजे से सायं 3 बजे तक लघु सचिवालय स्थित कमरा नंबर-02 में रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी के रूप में तहसीलदार सोनीपत व नायब तहसीलदार राई के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं।

प्रेरणा
पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ

विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर
तन टूटे तो बहुत सरल है जीवन जीना,
मन टूटे तो कोई कैसे श्वास भरे,
सब अच्छा होगा कह देना आसान बहुत,
जिसके अपने रूठे वो कैसे विश्वास करे ?

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 13(12) का सपठित नियमों के नियम (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणीयों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमित कर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

| ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्त्ता/ जमानतदार का नाम /ऋण खाता सं. | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं.: L9001060118338780 & L9001061121849869 **डालचन्द (ऋणी)**, श्रीमती तृप्ता (सह-ऋणी), लक्ष्मी नारायण (सह-ऋणी) | 14 फरवरी 2022 ₹ 681649/- अक्षरे छः लाख इक्यासी हजार छः सौ उनचास मात्र व ₹ 157065/- अक्षरे एक लाख सतावन हजार पैंसठ मात्र दिनांक 11 फरवरी 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित खसरा नं. 12//20, 21 प्लॉट नं. 20, समयपुर जिला-फरीदाबाद तह. बल्लभगढ़, हरियाणा **क्षेत्रफल 56 वर्ग गज** | 20 मई 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001060123211381 **शिव ट्रेडर्स (ऋणी)**, गुरचरण सिंह (सह-ऋणी), कुलदीप सिंह (सह-ऋणी) | 14 फरवरी 2022 ₹ 2226582/- अक्षरे बाइस लाख छब्बीस हजार पांच सौ बयासी मात्र दिनांक 11 फरवरी 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत धनाना सब तहसील शाजादपुर 26 24 25 29 26 30 21 22 आवासीय शाजादपुर अम्बाला, हरियाणा **क्षेत्रफल 392.55 वर्ग गज** | 20 मई 2022 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक ''एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड'' (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

स्थान: हरियाणा दिनांक: 25-मई-2022 प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# साबुन की कमी से कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में आपरेशन थमे...

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**कल्पना** चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज में कार्यरत नर्सिंग अधिकारी मांगों को लेकर वर्क सस्पेंड पर चले जाने के कारण डॉक्टरों के सामने मरीजों की देखभाल सहित दवा आदि देने को लेकर संकट खड़ा गया। वहीं कई आपरेशन थियेटरों में अति आवश्यक सामान जैसे साबुन न होने कारण कई मरीजों के आपरेशन तक रोकने पड़े। आपरेशन क्यों नहीं हुई, इस बारे में भी मरीजों सहित उनके परिजनों को कुछ नहीं बताया गया।

बुधवार को मेडिकल कॉलेज में तैनात नर्सिंग अधिकारियों ने मांगों को लेकर वर्क सस्पेंड रखा, साथ ही चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को नहीं माना तो वर्क सस्पेंड जारी रहेगा। नर्सिंग एसोसिएशन कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज की प्रधान भारती खन्ना, उप प्रधान सुमन पंवार, मंजीत, सुमन मान, सुदेश शर्मा, बलजिंद्र सहित आदि ने बताया कि पिछले 10 सालों से नर्सिंग अधिकारियों को कोई अनासउंटमेंट नहीं दिया, प्रमोशन रोकी हुई है, वर्क लोड बेहद ज्यादा, मनमर्जी से ड्यूटी कही पर भी लगा दी जाती है। जो नर्सिंग अधिकारियों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि जो नर्सिंग अधिकारियों का जो काम है, वो काम ही उनसे लिया जाए।

### नर्सिंग अधिकारी वर्क सस्पेंड पर, स्वास्थ्य सेवाएं ठप

### मेडिकल कॉलेज डायरेक्टर को 16 मई को सौंपा था ज्ञापन

हालांकि नर्सिंग अधिकारी मांगों को लेकर 16 मई को डायरेक्टर से मिली थी, उन्हें मांगों से अवगत कराया था, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। निदेशक के रवैए को देखते हुए मंगलवार को नोटिस दिया था कि बुधवार को वर्क सस्पेंड रखा जाएगा।


मेडिकल कॉलेज में नारेबाजी करती नर्सिंग अधिकारी।

**डॉक्टर कर रहे प्रार्थना, वर्क सस्पेंड आगे न बढ़े :** नर्सिंग अधिकारियों के वर्क सस्पेंड के चलते डॉक्टरों की परेशानी बढ़ गई, डॉक्टरों की मानें तो कॉलेज के स्टूडेंट द्वारा एडमिट मरीजों को दोपहर की दवा तो दिलवा दी गई, लेकिन शाम व रात के समय क्या होगा। मरीजों की देखभाल कौन करेगा। इसको लेकर चिंता लगी हुई है। लेकिन अब सब ठप हो चुका है, हड़ताल आगे न बढ़े, इसकी प्रार्थना कर रहे हैं। अगर वर्क सस्पेंड आगे बढ़ता है तो अस्पताल में एडमिट करीब 400 मरीजों को मिलने वाली मेडिकल सुविधाएं काफी हद तक प्रभावित होंगी।

> "कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज में जो सामान की कमी थी, वो कमी दूर हो चुकी है। आपरेशन थियेटरों में साबुन आ चुका हैं।
>
> **डॉ. हिमांशु, मेडिकल सुपरिडेंट, कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज करनाल।**"

### एक माह से जरूरी सामान तक नहीं

**कई** डॉक्टरों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि मेडिकल कॉलेज के कई आपरेशन थिरेटरों में साबुन, स्क्रब सहित जरूरी सामान की वजह से आपरेशन तक रोकने पड़े। क्योंकि करीब एक माह से मेडिकल कॉलेज में जरूरी सामान तक नहीं है। जिससे मरीजों का इलाज करने में परेशानी आ रही है। कुछ विभाग मरीजों से मंगवाकर काम चला रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले मरीजों से हाथ धोने के लिए साबुन मंगवा लेते थे या फिर अपने आप सही साबुन ले आते थे। क्योंकि आपरेशन करने से पहले हाथों को सैनेटाइज या स्क्रब की जरूरत होती है।

### मरीजों बोल, रातभर खाली पेट रखो, नहीं किया आपरेशन

**मरीज** संतोष, लक्ष्मी ने बताया कि रातभर उन्हें खाली पेट रखा गया, बुधवार को उन्हें आपरेशन थियेटर में ले गए, लेकिन वहां पर ले जाने के बाद कह दिया कि आज आपरेशन नहीं होगा। आपरेशन अब 27 मई को होंगे। उन्हें नहीं बताया कि आपरेशन क्यों नहीं हुआ। एक सप्ताह से अस्पताल में भर्ती हैं, लेकिन उन्हें मेडिकल सुविधाएं नहीं मिल रही।

### मेडिकल कॉलेज में 127 नर्सिंग अधिकारी तैनात

**एसोसिएशन** उप प्रधान सुमन पंवार ने बताया कि आपरेशन थियेटर, आईसीयू, लेबर रूम सहित हर जगह नर्सिंग अधिकारी सेवाएं देती हैं। कॉलेज में करीब 127 नर्सिंग अधिकारी तैनात हैं, वे मेडिकल कॉलेज का सबसे अहम पार्ट हैं, लेकिन उनकी मांगों की पूरा करने के लिए मेडिकल कॉलेज प्रशासन गंभीर नहीं है। इसे अब सहन नहीं किया जाएगा। जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता, तक वर्क सस्पेंड जारी रहेगा। मेडिकल कॉलेज निदेशक उनसे बातचीत के लिए उनके बीच आना नहीं चाहते।

## संक्षिप्त-समाचार

### परीक्षा की तैयारी करते हुए असफलताओं से डरना नहीं चाहिए



**कुरुक्षेत्र।** राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल के रोजगार प्रकोष्ठ के द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन करवाया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में आईएएस स्टडी हब के संस्थापक नमन शर्मा शामिल रहे। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों के साथ चर्चा की। नमन शर्मा ने छात्राओं को बताया कि उन्हें सिविल सर्विसेज एग्जाम की तैयारी करते हुए असफलताओं से डरना नहीं चाहिए। इसके लिए छात्राओं को 16-18 घंटे की तैयारी करने की जरूरत नहीं है बल्कि वो दो घंटे नियमित तौर पर अध्ययन करके भी सफलता हासिल कर सकती है। इसके लिए उचित योजना बनाने के साथ उसे कार्यान्वित करना भी उतना ही अनिवार्य है। नमन शर्मा ने छात्राओं को अंग्रेजी भाषा के भय से मुक्त करते हुए बताया कि यूपीएससी की ओर से ली जाने वाली सिविल सेवा परीक्षा 23 भाषाओं में आयोजित की जाती है। इस अवसर पर मंच का संचालन डॉ सीमा पाण्डे ने किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मीनाक्षी ने रोजगार प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित इस सेमिनार की सराहना की। डॉ बीर इंदर कौर, चीफ मेंटर ने धन्यवाद किया। महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर सुनील, नरेश, कोमल गर्ग, प्रीति, प्रीति शर्मा सहित अन्य महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### गुरमत एजुकेशन सोसायटी यूएसए ने आयोजित की धार्मिक परीक्षा



**कुरुक्षेत्र।** गुरमत एजुकेशन सोसायटी यूएसए के सीनियर आप्रेशन मैनेजर भाई गुरजोत सिंह नलवी ने कहा कि गुरबाणी अनुसार जीवन यापन करने वाले बच्चे ही सही अर्थों में देश और कौम की सेवा कर सकते हैं। वे मारकंडा माध्यमिक विद्यालय झांसा में गुरमत एजुकेशन सोसायटी यूएसए द्वारा आयोजित धार्मिक परीक्षा के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि हमारा प्रथम कर्तव्य श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज, गुरबाणी और गौरवमयी सिख इतिहास के बारे में बच्चों को बताना है। भाई गुरजोत सिंह ने बताया कि गुरमत एजुकेशन सोसायटी की राष्ट्रीय अध्यक्षा बीबी इंद्रजीत कौर जंडा के मार्गदर्शन में जिला कुरुक्षेत्र के 27 स्कूलों और 30 गांवों के विभिन्न स्कूलों में बच्चों के लिए 5 दिवसीय कक्षाएं आयोजित करके और उन्हें गुरबाणी वह सिख इतिहास के बारे में जानकारी देकर बड़े पैमाने पर धार्मिक कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। गुरजोत सिंह ने बताया कि इन कक्षाओं को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। परीक्षा देने आए बच्चों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम नियमित रूप से होते रहें, ताकि उन्हें गुरबाणी और गौरवमयी सिख इतिहास की जानकारी मिलती रहे। गुरजोत सिंह ने बताया कि आज रविवार को ली गई परीक्षा के परिणाम सोमवार को घोषित करके सुबह विभिन्न स्कूलों में बच्चों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस परीक्षा के आयोजन में स्कूल प्राचार्य गुरप्रीत सिंह, मलकीत सिंह, निर्मल सिंह, सर्वजीत कौर, बलविंदर कौर, मनप्रीत सिंह जनसुआ और मनी सिंह ने विशेष रुप से सहयोग किया।

### कला कीर्ति भवन में जून में लगेंगी हॉबी कक्षाएं



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा कला परिषद् द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कला कीर्ति भवन में ग्रीष्मकालीन कक्षाओं का जून में आयोजन किया जाएगा। इन कक्षाओं में प्रतिभागा कुशल प्रशिक्षकों से अभिनय, नृत्य, संगीत तथा चित्रकला का ज्ञान ले सकेंगे। 1 जून से प्रारम्भ होने वाली कक्षाओं का मुख्य उद्देश्य लोगों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना है, जिसके लिए आयोजित की जा रही हॉबी कक्षाओं के लिए पंजीकरण शुरू कर दिए गए हैं। यह जानकारी हरियाणा कला परिषद् के निदेशक संजय भसीन ने दी। उन्होंने बताया कि ब्रहमसरोवर स्थित कला कीर्ति भवन में सोमवार से शुक्रवार तक सायं 3 से 5 बजे तक लगने वाली इन कक्षाओं में हरियाणवी लोक नृत्य, भरतनाट्य, कत्थक, एक्टिंग, चित्रकला, गायन, हरमॉनियम तथा ढोलक का प्रशिक्षण दिया जाएगा। हॉबी कक्षाओं के इच्छुक प्रतिभागियों का पंजीकरण कला परिषद कार्यालय में 30 मई तक किया जाएगा। भसीन ने यह भी बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षाएं निशुल्क रहेंगी, प्रतिभागी को केवल पंजीकरण शुल्क देना होगा। दस वर्ष की आयु से अधिक कोई भी इन कक्षाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता है।

### एक लाख का मोस्ट वांटेड आरोपी गिरफ्तार



**सोनीपत।** हरियाणा में सोनीपत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 3 मोस्ट वांटेड इनामी बदमाश आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों पर उत्तर प्रदेश में एक दर्जन से भी अधिक हत्या, लूट, डकैती और हत्या के प्रयास जैसे संगीन वारदातों के आरोप हैं। जिन्होंने पटौदी में भी डबल मर्डर को अंजाम दिया था। पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने पत्रकारवार्ता में बताया कि सोनीपत पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए ये तीनों मोस्ट वांटेड बदमाश जो अतुल उर्फ मोटा निवासी चंदौली जिला मेरठ यूपी, सन्नी काकरान मेरठ यूपी, एक अन्य आरोपी नसरुद्दीन गांव पुठकला दिल्ली का रहने वाला है। जिन्होंने करीब छह माह पहले हरियाणा के पटौदी में पार्षद और शराब के ठेकेदार की हत्या की वारदात को अंजान दिया था। इन्होंने करनाल में भी पेट्रोल पंप और अन्य कई लूट की वारदातों को अंजाम दिया था। आरोपियों ने दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में एक दर्जन से भी अधिक हत्या, लूट, डकैती और हत्या के प्रयास जैसी वारदातों को भी अंजाम दिया है। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा इनकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम भी रखा गया हुआ है। जिन्होंने मेरठ क्षेत्र में प्रयाग चौधरी की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। इसके अतिरिक्त हरियाणा पुलिस द्वारा दो आरोपियों पर 10-10 हजार रुपये का इनाम रखा हुआ है।

# मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जसबीर ने किया एमडीडी बाल भवन का दौरा


फुसगढ़ रोड स्थित एमडीडी बाल भवन का दौरा करती मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री जसबीर।

**करनाल।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण की सचिव जसबीर ने बताया कि माननीय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार फुसगढ़ रोड स्थित एमडीडी बाल भवन का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने वहां रह रहे बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और आवास की देखभाल का जायजा लिया। एमडीडी बाल भवन के संस्थापक पीआर नाथ ने सीजेएम को बताया कि एमडीडी चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन में वर्तमान में 78 लड़कियां रह रही हैं। सभी लड़कियां विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ रही हैं। एमडीडी चाइल्ड केयर संस्था की ओर से उन्हें सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। एमडीडी बाल भवन (अनाथालय) एक प्यारा शांतिपूर्ण घर से दूर घर है, जिसका एकमात्र उद्देश्य उन वंचित अनाथों के जीवन से प्यार करना और उनकी देखभाल करना है, जिनके पास दावा करने के लिए कुछ भी नहीं है और खुद से पूछने के लिए कोई नहीं है।

इस दौरान सीजेएम द्वारा बच्चों का व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से साक्षात्कार किया गया।

### सर्व कर्मचारी संघ उपायुक्त कार्यालय पर करेगा प्रदर्शन कल

**कुरुक्षेत्र।** सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र की टीम द्वारा ओमप्रकाश जिला प्रधान की अध्यक्षता में 27 मई के उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन की तैयारी को लेकर विभिन्न विभागों में मीटिंग की गई।

बैठकों में पब्लिक हेल्थ, हुड्डा विभाग,आई टी आई कुरुक्षेत्र, बीज विकास निगम, सिंचाई विभाग ज्योतिसर में कर्मचारियों को संबोधित किया। ओमप्रकाश जिला प्रधान ने बताया कि कौशल रोजगार निगम को भंग करने का तो मुख्य मुद्दा रहेगा ही इसके साथ साथ कर्मचारियों की लम्बें समय से लटकी हुई मांगों पुरानी पेंशन बहाल करना, नीजिकरण- ठेका प्रथा बंद हों व छंटनी ग्रस्त कर्मचारियों को ड्यूटी पर बहाल हों, राष्ट्रीय मौद्रिकरण पाईप लाईन योजना बंद हो, सभी प्रकार के अनुबंध, आउटसोर्सिंग, स्कीम, प्रोजेक्ट, पार्ट टाइम अतिथि, एक्सटेंशन, टर्म अप्वाइंटी,फिक्स वेतन,जोब वर्कर या किसी भी नाम से कच्चे कर्मचारी पक्के हों।

# हरियाणा में श्रमिकों को मिलेंगी सुविधाएं

### स्वास्थ्य विभाग और ईएसआईसी में होगा एमओयू



पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के श्रमिकों को नागरिक अस्पतालों की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की दिशा में हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग और कर्मचारी राज्य बीमा निगम के मध्य समझौता ज्ञापन (एमओयू) होगा।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह जानकारी नई दिल्ली में केंद्रीय वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन व श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ बैठक के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए दी। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने हरियाणा में श्रमिकों की सामान्य सेवाओं-सुविधाओं, श्रमिक कल्याण योजनाओं के सही रूप में कार्यान्वयन के संदर्भ में हरियाणा सरकार की प्रशंसा की। मनोहर लाल ने बताया कि हरियाणा में श्रमिकों को पर्याप्त चिकित्सा सेवा-सुविधाओं के लाभ देने की दिशा में ईएसआई अस्पताल सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि बैठक में गुरुग्राम में स्थापित होने वाले 500 बैड क्षमता के ईएसआई अस्पताल परियोजना के अतिरिक्त प्रदेश में स्थापित होने वाले अन्य 5 ईएसआई अस्पतालों, नर्सिंग महाविद्यालय व ईएसआई डिस्पेंसरियों के संदर्भ में गहन विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग हरियाणा व कर्मचारी राज्य बीमा निगम के मध्य एमओयू होगा। हरियाणा में 10 हजार एकड़ भूक्षेत्र में स्थापित की जाने वाली अरावली सफारी पार्क परियोजना को विश्वस्तरीय प्रारूप व पहचान दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि बैठक में अरावली सफारी पार्क को विश्व स्तरीय पहचान व प्रारूप दिए जाने के संदर्भ में विभिन्न संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने अरावली क्षेत्र के जीर्णोद्धार व संरक्षण के लिए हरियाणा सरकार द्वारा किए गए कार्यों के लिए सरकार की सराहना भी की। केंद्रीय मंत्री ने अरावली सफारी के प्रारूप में हरियाणवी आंचलिक सांस्कृतिक पहचान का समावेश किए जाने के लिए भी कहा है। अरावली सफारी को विश्वस्तरीय पहचान व प्रारूप दिए जाने की दिशा में विश्व के विभिन्न देशों में स्थापित कुछ विश्वस्तरीय सफारी पार्कों का दौरा भी किया जाएगा।

# शहरी स्थानीय निकाय के छह कर्मचारियों पर गिरी गाज

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार ने शहरी स्थानीय विभाग के छह कर्मचारियों को वर्ष 2017 तथा 2018 यानि चार वर्ष पुराने गबन के मामलों में निलंबित किया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि इनके विरुद्ध एफआरआई भी दर्ज की जाए।

सरकारी प्रवक्ता ने बुधवार को इस बारे में बताया कि चार वर्ष पहले सीएम विंडो पर इन दोषी अधिकारियों के विरुद्ध गबन के मामले की दो शिकायतें प्राप्त हुई थी और उनके विरुद्ध लगाए गए आरोपों की पूर्ण रूप से जांच की गई और उन्हें दोषी पाया गया। इन अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय जांच में भी सख्त कार्रवाई करने की सिफारिश करके एक पुख्ता उदाहरण प्रस्तुत किया गया। विभागीय जांच की रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि न केवल इन अधिकारियों को निलंबित किया जाए बल्कि इनके विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज करवाई जाए। वर्ष 2017 के आधिकारिक रिकार्ड के अनुसार सीएम विंडो पर जिला नूंह में पालड़ी रोड से मदर प्राईड स्कूल तक अनाधिकृत क्षेत्र में मिट्टी भराई के कार्य के 50,000 रुपये से पांच लाख रुपये तक के मूल अनुमानों में गड़बड़ी की शिकायत की गई थी। इन अनुमानों को सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के बिना संशोधित कर दिया गया। जैसा कि अनाधिकृत क्षेत्रों में किये जाने वाले कार्य निष्पादन के निर्धारित नियमों व प्रावधानों की अवेहलना कर पूरी राशि का भुगतान कर दिया गया। बाद में इस शिकायत को जिला उपायुक्त, नूंह को भेजा गया तथा जिला उपायुक्त की जांच रिपोर्ट में टिप्पणी की गई कि, उस अवधि के दौरान कार्यरत रहे पंचायती राज संस्थान से प्रतिनियुक्ति पर आए कनिष्ठ अभियंता जसमीर, निगम अभियंता जावेद हुसैन (अब नगर परिषद नूंह में तैनात), कनिष्ठ अभियंता राजेश दलाल (अब नगर पालिका सांपला में तैनात) तथा निगम अभियंता लक्ष्मी चंद राघव (अब नगर निगम करनाल में सहायक अभियंता के पद पर तैनात) के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की सिफारिश की है।

### चार वर्ष पुराने गबन केस में छह निलंबित केस भी दर्ज करने के आदेश

### भ्रष्टाचार के मामलों में सरकार का रवैया सख्त

जबकि इसी प्रकार की एक शिकायत प्राप्त हुई जोकि वर्ष 2018 में बवानीखेड़ा शहर की मुख्य सड़क पर गलियों की लाइटें लगाने के सम्बंध 18 दिसम्बर, 2016 को मुख्यमंत्री घोषणा कोड नम्बर 18152 के अंतर्गत 99.73 लाख रुपये के कार्य के टेंडर आमंत्रित करने बारे थी। इसमें उचित टेंडरिंग प्रक्रिया को अपनाया नहीं गया और इसमें टेक्निकल बिड से संबंधित दस्तावेजों की कॉपी ऑनलाइन टैक्निकल बिड खोलने की तिथि 9 अप्रैल, 2018 के बजाय 6 अप्रैल, 2018 को ही प्राप्त कर ली गई।

### विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम के लिए दिया न्योता

**कुरुक्षेत्र।** युवा कांग्रेस नेता एवं जिला बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव एडवोकेट विक्रांत कुंडू ने 29 मई को फतेहाबाद में विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम को लेकर चैंबरों में पहुंचकर वकीलों को न्यौता दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा जनता की आवाज लगातार उठा रहे हैं।

इसी कड़ी में विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम जिला स्तर पर किए जा रहे हैं। इसकी शुरुआत करनाल से की गई थी। विगत महीने कुरुक्षेत्र में कार्यक्रम किया गया था। इस बार फतेहाबाद में विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम 29 मई को किया जाएगा। इसको लेकर लोगों में उत्साह है। विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुनते हैं और फिर इनको विधानसभा सत्र में रखते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। इस मौके पर एडवोकेट रघबीर संधु, योगेंद्र सहारण, सौरभ शर्मा, अरविंद शर्मा, वीरेंद्र, विशाल मित्तल व नरेश मौजूद रहे।

# छह जिलों में ठेकों की लाइसेंस फीस से 1557 करोड़ की कमाई

### रिजर्व प्राइस से 28.15 प्रतिशत अधिक रेट पर ऑक्शन में गए ठेके

**चंडीगढ़।** हरियाणा में शराब ठेकों की लाइसेंस फीस से ही सरकार को मोटी कमाई हुई है। ठेकों के आवंटन के लिए निर्धारित आरक्षित मूल्य से करीब 28.15 प्रतिशत की अधिक दरों पर ठेकों की अलॉटमेंट हुई है। अभी तक प्रदेश के तीन जोन के ठेकों की अलॉटमेंट हुई है और इससे 916 करोड़ 61 लाख रुपये की कमाई हुई है। अभी एक और जोन बाकी है, जिसकी ऑक्शन होनी है। माना जा रहा है कि इस बार केवल ठेकों की अलॉटमेंट से ही आबकारी एवं कराधान विभाग को 1200 करोड़ से अधिक मिल सकते हैं।

प्रदेश की नई एक्साइज पॉलिसी को पिछले दिनों ही मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है। यह पॉलिसी 12 जून से राज्यभर में लागू होनी है। इससे पहले ठेकों की अलॉटमेंट के लिए ऑक्शन चल रही है। तीसरे जोन के अंतर्गत गुरुग्राम (ईस्ट), जगाधरी, झज्जर, जींद, पंचकूला और रेवाड़ी जिलों में ठेकों की ऑक्शन हुई। इन छह जिलों में ठेकों की ऑक्शन के लिए कुल 1215 करोड़ 20 लाख रुपये लाइसेंस फीस के रूप में रिजर्व प्राइस तय की थी। ऑक्शन में यह राशि बढकर 1557 करोड़ 25 लाख रुपये तक पहुंच गई। अकेले इन छह जिलों के तीसरे जोन से विभाग को 342 करोड़ 5 लाख रुपये अतिरिक्त मिले हैं। इससे पहले 'ए' जिलों के जोन की ऑक्शन से सरकार को 243 करोड़ 74 लाख रुपये अतिरिक्त मिले थे। वहीं 'बी' जोन के जिलों की ऑक्शन से 330 करोड़ 82 लाख रुपये अतिरिक्त सरकारी खजाने में आए थे। माना जा रहा है कि चौथे जोन की ऑक्शन से भी 300 करोड़ रुपये के लगभग अतिरिक्त मिलने की उम्मीद है। ऐसे में नई पॉलिसी से ठेकों की ऑक्शन से ही सरकार को करीब 1200 करोड़ रुपये ज्यादा मिलेंगे। खट्टर पार्ट-1 के आखिरी वर्ष की एक्साइज पॉलिसी से लगभग 5500 करोड़ रुपये की आय शराब की बिक्री से होनी थी, लेकिन पिछले ढाई वर्षों में यह बढ़कर आठ हजार करोड़ को पार कर गई है।

# शिक्षा के बगैर संभव नहीं बेहतर समाज का निर्माण

### सीएम के ओएसडी ने प्रयोग फाउंडेशन के शिक्षा बैंक कार्यक्रम में लिया भाग

### आशियाना होम्स के बच्चों को दी पाठ्य सामग्री



पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**प्रत्येक** नागरिक को शिक्षा पर अधिकार है। शिक्षा के बगैर यह समाज अधूरा है। शिक्षा के बगैर बेहतर समाज का निर्माण संभव नहीं है। हरियाणा सरकार का प्रयास है कि प्रदेश में जन्म लेने वाले प्रत्येक बच्चे को बेहतर शिक्षा मिले। सरकार की इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सामजिक संगठन अहम भूमिका निभा सकते हैं।

यह बात मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ओएसडी (पब्लिसिटी) एवं अतिरिक्त निदेशक हरियाणा कला परिषद गजेंद्र फौगाट ने बुधवार को प्रयोग फांउडेशन द्वारा शिक्षा बैंक अभियान के तहत पंचकूला के सेक्टर-16 स्थित आशियाना चिल्ड्रन होम्स जरूरतमंद बच्चो को स्टेशनरी किट वितरित करने के बाद संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे अगर शिक्षित होंगे तो वह आने वाले समय में बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं।

शिक्षा का महत्व लगातार बढ़ रहा है। सामाजिक संगठनों का यह दायित्व है कि वह सरकार द्वारा चलाई जा रही शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के प्रति ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें।

इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत करने के बाद संस्था के कार्यों की जानकारी देते हुए प्रयोग फांउडेशन के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा बैंक कार्यक्रम के तहत अब तक 6280 बच्चों को स्टेशनरी किट व अन्य शिक्षा सामान मुहैया करवाया जा चुका है। इसके अलावा समय-समय पर झोपड़ पट्टी क्षेत्र के बच्चों के लिए भी स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है।

इस अवसर पर बोलते हुए पंचकूला के जिला बाल कल्याण अधिकारी भगत सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा पंचकूला जिले में चार चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट चलाए जा रहे हैं जहां सौ से अधिक बच्चों का पालन पोषण किया जा रहा है। इस अवसर पर बोलते हुए पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की अधिवक्ता एवं समाज सेवी रितु सिंह मान ने कहा कि भारतीय संविधान में प्रत्येक नागरिक को शिक्षा का अधिकार दिया गया है।

इसके बावजूद आज के दौर में कुछ लोग अपनी बच्चियों को बेहतर शिक्षा से दूर रखते हैं। लड़कियों को शिक्षित करने में सरकार की योजनाएं तथा समाजिक संगठन अहम भूमिका निभाते हैं। आशियाना चिल्ड्रन होम्स की महासचिव सीमा गुप्ता ने बताया कि यहां बच्चों के रहन-सहन के अलावा कंप्यूटर प्रशिक्षण का भी प्रबंध किया गया है। इस अवसर पर साहित्यकार एवं लेखिका सीमा गुप्ता, आशियाना होम्स की किरण शर्मा, शिवांगी बंसल, प्रयोग फांउडेशन के संस्थापक सदस्य नवनीत शर्मा, तान्या रोहिल्ला समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

### नए उद्योग के लिए 10 लाख तक अनुदान : डॉ. वैशाली शर्मा

**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि सरकार खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्यमों को आसान ऋण व तकनीकी सहायता जैसे कई कदमों के माध्यम से लगातार सशक्त बना रही है ताकि इन उद्योगों में बने उत्पाद की बाजारों में प्रतिस्पर्धा की क्षमता हो और वे आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत मजबूत भागीदार बने।

सरकार की प्रधानमंत्री सुक्ष्म, खाद्य प्रसंस्करण उन्नयन योजना के तहत अपने खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को बढ़ावा देने तथा नये उद्योग लगाने का 35 प्रतिशत अनुदान अधिकतम अनुदान 10 लाख तक दिया जाने का प्रावधान है। इस संदर्भ में हरियाणा चेम्बर आफ कॉमर्स व सेक्टर 3 में गत दिवस सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें एमएसएमई पंचकुला से आई टीम ने बताया कि ओडीओपी के तहत दुध और दुध से बने उत्पादों को सरकार द्वारा मंजूरी मिल चुकी है।

# हरियाणा के रोहतक में एक्शन कैंसर अस्पताल विश्व स्तरीय जांच प्रदान करेगा

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक



**कम** आबादी वाले क्षेत्र में कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए दिल्ली मुख्यालय वाले एक्शन कैंसर अस्पताल के विशेषज्ञों की टीम ने हरियाणा के रोहतक में मरीजों के बेहतक इलाज व परामर्श हेतु जागरुकता फैलाने का फैसला किया है। डॉ. मनीष पांडे के नेतृत्व में कैंसर विशेषज्ञों की टीम हर गुरुवार को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच रोहतक के निदान ईएनटी और कैंसर अस्पताल में मरीजों के लिए उपस्थित रहेगी।

इस अवसर पर एक्शन कैंसर अस्पताल के विकिरण ऑन्कोलॉजी के वरिष्ठ सलाहकार, डॉ मनीष पांडे ने कहा, पहले यह माना जाता था कि छोटे शहरों में विभिन्न प्रकार के कैंसर की घटनाएं आम नहीं हैं, लेकिन अब जीवनशैली में बदलाव के साथ-साथ लोगों में खराब खाने की आदतों के चलते बदलाव आया है। आजकल हम छोटे शहरों में भी कैंसर के बढ़ते मामले देख रहे हैं। छोटे शहरों में बढ़ रहे कैंसर के मामले कई अन्य वजहों से भी बढ़ रहे हैं। जैसे लोगों में बढ़ रहे तंबाकू के उपयोग, शराब का सेवन, छोटे शहरों में बढ़ रहे वायु प्रदूषण, आहार में गुणवत्ता की कमी और शारीरिक गुणवत्ता की कमी शामिल है।

प्रमुख शोध संस्थान - द इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के मुताबिक देश में कैंसर के मामलों में अगले पांच वर्षों में लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। के अनुसार इस समय लोगों में स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और मुंह का कैंसर होने की संभावना अधिक है। डॉ. मनीष पांडेय कैंसर के लिए लोगों की जांच के अलावा स्थानीय डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के लिए कैंसर प्रबंधन पर जागरुकता बढ़ाने की दिशा में भी काम करेंगे जिससे वहीं पर स्थानीय स्तर पर ही लोगों को उचित लाभ मुहैया कराई जा सके।

# मंकीपॉक्स के लिए कारगर हैं कुछ एंटीवायरल दवाएं : लांसेट अध्ययन

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**ब्रिटेन** में वर्ष 2018 और 2021 के बीच दुर्लभ संक्रामक रोग मंकीपॉक्स से ठीक हुए सात मरीजों पर किए गए एक अध्ययन से यह पता चला है कि कुछ एंटीवायरल दवाओं में मंकीपॉक्स के लक्षणों और रोगी के संक्रमण की अवधि को कम करने की क्षमता हो सकती है।

द लान्सेट इन्फैक्शियस डिजीज पत्रिका में मंगलवार को प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, विश्लेषण किए गए मामले अफ्रीका के बाहर के हैं। शोध से बीमारी के इलाज के लिए दो अलग-अलग एंटीवायरल दवाओं-ब्रिनसीडोफोविर और टेकोविरिमैट-के पहले प्रायोगिक उपयोग पर रोगी की

### शोध के प्रमुख एडलर ने कहा, सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए कम हैं इसके जोखिम

प्रतिक्रिया की भी सूचना मिली। अध्ययन में ब्रिनसीडोफोविर से नैदानिक लाभ के प्रमाण तो बहुत कम मिले, लेकिन यह भी निष्कर्ष निकला कि टेकोविरिमैट की संभावना को लेकर और शोध की आवश्यकता होगी। शोधकर्ताओं ने रक्त और मुंह की लार में मंकीपॉक्स वायरस का पता लगाने की भी रिपोर्ट दी है।

शोधकर्ताओं ने कहा कि इस बीमारी के लिए बेहतर संक्रमण नियंत्रण और उपचार रणनीतियां अब



तक स्थापित नहीं हुई हैं, अत: अध्ययन के आंकड़े बीमारी की नैदानिक विशेषताओं के साथ-साथ संक्रमण की प्रवृत्ति को और समझने के वैश्विक प्रयासों में मदद कर सकते हैं। लिवरपूल यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल्स एनएचएस फाउंडेशन ट्रस्ट, ब्रिटेन के ह्यूग एडलर ने कहा, स्वास्थ्य अधिकारी यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि यूरोप और उत्तरी अमेरिका में मई 2022 में फैल रहे मंकीपॉक्स के प्रकोप का कारण क्या है? इस बीमारी ने कई ऐसे लोगों को प्रभावित किया है जिन्होंने न तो कहीं यात्रा की और न ही पहले से ज्ञात मामले के संपर्क में आए। हमारा अध्ययन मनुष्यों में मंकीपॉक्स के इलाज के लिए एंटीवायरल दवाओं के उपयोग को

### मंकी पाक्स का नहीं है कोई अधिकृत इलाज

वर्तमान में मंकीपॉक्स के लिए कोई अधिकृत उपचार नहीं है और इसके संक्रामण की अवधि पर आंकड़े सीमित हैं, वहीं संक्रमण के प्रसार की अवधि पांच से 21 दिनों तक है।

लेकर कुछ नजरिया पेश करता है।

शोध के प्रमुख लेखक एडलर ने कहा, महामारी के इस नए प्रकोप ने ब्रिटेन में पहले की तुलना में अधिक रोगियों को प्रभावित किया है जबकि पूर्व में मंकीपॉक्स का लोगों के बीच तेजी से संक्रमण नहीं हुआ था, इसलिए कुल मिलाकर सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए इसके जोखिम कम हैं। गाइज एंड सेंट थॉमस एनएचएस फाउंडेशन ट्रस्ट के एक वरिष्ठ शोधार्थी निक प्राइस ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय यात्राओं के कोविड महामारी पूर्व की स्थिति में लौटने के मद्देनजर दुनिया भर के सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों को मंकीपॉक्स के नए मामलों की संभावना के प्रति सतर्क रहना चाहिए।

ब्रिटेन में मंकीपॉक्स के जिन सात मरीजों पर अध्ययन किया गया उनमें से चार पश्चिम अफ्रीका से आए थे और इनमें से भी तीन मरीज संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए थे। चेचक के वायरस का करीबी समझा जाने वाला वायरस मंकीपॉक्स एक दुर्लभ बीमारी है जिसे ब्रिटेन स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी ने उच्च परिणाम संक्रामक रोग (एचसीआईडी) के रूप में वर्गीकृत किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान में इमारत ढहने से मरने वालों की संख्या 14 हुई

**तेहरान।** दक्षिण पश्चिमी ईरान में एक इमारत के ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। अभी भी कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने घटना की जांच के सिलसिले में शहर के मेयर को गिरफ्तार कर लिया है। मेट्रोपोल बिल्डिंग में 10 मंजिला निर्माणाधीन इमारत सोमवार को ढह गई थी। यह इमारत खुजेस्तान प्रांत के अबादान शहर में गिरी है। मेट्रोपोल बिल्डिंग में दो टावर थे। एक बन चुका था जबकि दूसरा निर्माणाधीन था, लेकिन इसके नीचे की व्यवसायिक मंजिलों का काम पूरा कर दिया गया था और वहां पर किराएदार रख लिए गए थे। आपात सेवा के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि घटना के वक्त इमारत में कम से कम 50 लोग थे। अधिकारियों ने पहले बताया था कि कम से कम 39 लोग जख्मी हुए हैं जिनमें से ज्यादातर लोगों को मामूली चोटें आई हैं।

### यूक्रेन: खंडहर बनी इमारत के भूतल में मिले 200 शव

**कीव।** मारियुपोल में एक अपार्टमेंट की इमारत के भूतल में मलबे से करीब 200 शव मिले हैं। मेयर के एक सलाहकार पेट्रो एंड्रीशचेंको ने कहा कि शव सड़ रहे थे और बदबू फैल रही थी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि शवों को कब ढूंढा गया था, लेकिन पीड़ितों की संख्या इसे युद्ध के सबसे घातक हमलों में से एक बताती है। इस बीच, पूर्वी औद्योगिक गढ़ डोनबास से व्यापक युद्ध की सूचना मिली है। रूस के सैनिकों ने औद्योगिक शहर पर कब्जा कर लिया। इसके साथ ही रूस ने सिविएरोडोनेट्स्क और अन्य शहरों को घेरने और कब्जा करने के प्रयासों को तेज कर दिया है। क्षेत्रीय गवर्नर के अनुसार, डोनबास के डोनेट्स्क क्षेत्र में रूसी गोलाबारी में 12 लोग मारे गए। डोनबास के लुहान्स्क क्षेत्र के गवर्नर ने कहा कि यह क्षेत्र आठ वर्षों में अपने सबसे कठिन समय का सामना कर रहा है। कहा, आक्रमणकारी हमारे शहरों को खत्म कर रहे हैं, चारों ओर सब कुछ नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लुहान्स्क भी मारियुपोल बन रहा है। मारियुपोल पर हमले के दौरान, रूस ने एक प्रसूति अस्पताल और एक थिएटर पर हवाई हमला किया जहां नागरिकों ने शरण ली थी।

### श्रीलंका : पीएम रानिल विक्रमसिंघे को वित्त मंत्री नियुक्त

**कोलंबो।** श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने बुधवार को देश का नया वित्त मंत्री नियुक्त किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। 73 वर्षीय विक्रमसिंघे को राष्ट्रपति ने वित्त, आर्थिक स्थिरता और राष्ट्रीय नीति मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। पांच बार प्रधानमंत्री रहे विक्रमसिंघे को श्रीलंका में पैदा हुए बड़े आर्थिक संकट के कारण उभरे राजनीतिक संकट के बाद 12 मई को फिर से नियुक्त किया गया था। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे का स्थान लिया, जिन्होंने आर्थिक संकट से निपटने के लिए एक सर्वदलीय अंतरिम सरकार नियुक्त करने की अपने भाई की योजना को अंजाम तक पहुंचाने के लिए पद से इस्तीफा दे दिया था। विक्रमसिंघे के कार्यालय ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने द्वीप के अन्य देशों के साथ संबंधों को फिर से स्थापित किया, संविधान में 21 संशोधनों के मसौदे के साथ संवैधानिक सुधार के लिए कदम उठाए, ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित की और अंतरिम बजट की तैयारी कर रहे हैं।

### पाकिस्तान सरकार ने पीटीआई समर्थकों पर कार्रवाई की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी प्राधिकारियों ने अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा आहूत प्रदर्शन रैली को नाकाम करने के लिए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कई समर्थकों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया और सड़कों को बाधित कर दिया।इससे एक दिन पहले सरकार से पीटीआई की रैली को प्रतिबंधित कर दिया था, ताकि उन्हें गुमराह करने वाले अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने से रोका जा सके। नेशनल असेंबली भंग करने और देश में चुनाव कराने की मांग को लेकर सरकार पर दबाव डालने के लिए खान ने शनिवार को अपने समर्थकों से शांतिपूर्ण मार्च के साथ 25 मई को इस्लामाबाद पहुंचने का आह्वान किया था। गठबंधन सरकार ने देश में समयपूर्व चुनाव कराने की खान की मांग को खारिज कर दिया था और साथ ही कहा था कि सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी और चुनाव अगले साल कराए जाएंगे। पुलिस ने बुधवार को विभिन्न शहरों में कार्रवाई करते हुए पीटीआई के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और कुछ नेताओं को गिरफ्तार किया, ताकि वे प्रदर्शन में शामिल नहीं हो सकें। इस प्रदर्शन को आजादी मार्च नाम दिया गया है। सरकार ने कई स्थानों पर धारा 144 लागू कर दी है, ताकि लोगों को बड़ी संख्या में एकत्र होने से रोका जा सके। पंजाब के गृह सचिव सैयद अली मुर्तजा ने बताया कि सबसे बड़े प्रांत में शांति बनाए रखने की खातिर पुलिस की मदद के लिए अर्धसैनिक रेंजर को बुलाया गया। लाहौर, रावलपिंडी और इस्लामाबाद में सड़कों पर अवरोधक लगाए गए हैं।

# प्रधानमंत्री पैकेज के कर्मियों की मांग को लेकर पंडितों का जम्मू में प्रदर्शन

### पीएम पैकेज के कर्मी घाटी में स्थिति में सुधार होने तक कर रहे अपने स्थानांतरण की मांग

### प्रदर्शनकारी केपीयूएफ के बैनर तले महाराजा हरि सिंह की प्रतिमा के निकट जमा हुए

**एजेंसी।** जम्मू

**कश्मीरी** पंडितों के एक समूह ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री पैकेज के तहत कश्मीर में कार्यरत समुदाय के सदस्यों को स्थानांतरित करने की मांग के समर्थन में प्रदर्शन किया। प्रदर्शकारी इस महीने की शुरुआत में अपने सहयोगी राहुल भट की आतंकवादियों द्वारा हत्या के बाद विरोध कर रहे हैं।

प्रदर्शनकारी नवगठित कश्मीरी पंडित यूनाइटेड फ्रंट (केपीयूएफ) के बैनर तले जम्मू के मध्य में तवी पुल के पास महाराजा हरि सिंह की प्रतिमा



### कश्मीरी पंडितों को बलि का बकरा बनाया

कुलदीप ने आरोप लगाया कि लगातार सरकारों ने कश्मीरी पंडितों को बलि के बकरे के रूप में इस्तेमाल किया। कुलदीप ने कहा हम अपने समुदाय के खिलाफ अत्याचार बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं हैं। हम प्रधानमंत्री पैकेज कर्मचारियों के स्थानांतरण को सुनिश्चित करने के लिए अपना विरोध जारी रखेंगे।

के सामने जमा हो गए और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री पैकेज के तहत घाटी में सेवा कर रहे समुदाय के सदस्यों की सुरक्षा की मांग की। केपीयूएफ के एक सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी सतीश किसू ने कहा हम यहां प्रदर्शन कर रहे प्रधानमंत्री पैकेज के कर्मचारियों का समर्थन करने आए हैं, जो घाटी में स्थिति में सुधार होने तक अपने स्थानांतरण की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 12 मई को मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के चदूरा इलाके में दिनदहाड़े कार्यालय के अंदर गोली मारकर भट्ट की हत्या को ध्यान में रखते हुए पंडित कर्मचारियों की मांग वाजिब है।

### घाटी में सुरक्षा की स्थिति अनुकूल नहीं : किसु

आतंकवादियों द्वारा लक्षित हत्याओं की निंदा करते हुए, किसु ने कहा कि घाटी में सुरक्षा की स्थिति अनुकूल नहीं है। यह मंगलवार को श्रीनगर में उनके घर के बाहर एक पुलिसकर्मी की हत्या और उसकी नाबालिग बेटी के घायल होने से स्पष्ट है। पाकिस्तान विरोधी और भारत समर्थक नारेबाजी के बीच प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर घाटी में प्रधानमंत्री पैकेज के कर्मचारियों को बंधक बनाने का आरोप लगाया।


केपीयूएफ के प्रवक्ता कुलदीप पंडिता ने कहा, भट की हत्या प्रशासन की विफलता का परिणाम है। वह सुरक्षा चूक के कारण मारे गए, क्योंकि उनके हत्यारे कार्यालय में घुस गए और बिना किसी प्रतिरोध का सामना किए मौके से भाग गए। इस घटना से समुदाय में दहशत फैल गई।

# भगोड़ा आरोपी अदालत से किसी रियायत या माफी का हकदार नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने कहा है कि किसी जांच एजेंसी की पहुंच से दूर भगोड़ा घोषित व्यक्ति को अदालत से कोई रियायत या माफी नहीं मिलनी चाहिए। न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस की पीठ ने कहा कि जब कोई आरोपी फरार है और उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया है, तो उसे दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 438 (गिरफ्तारी की आशंका के आधार पर जमानत देने का निर्देश) का लाभ देने का कोई सवाल ही नहीं उठता है।

शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि मौलिक अधिकारों के हनन वाले कड़े प्रावधान लगाए जाने से संबंधित आरोपी के मामले पर विचार करने से व्यक्ति के दोषपूर्ण आचरण का प्रभाव दूर नहीं हो जाता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि संबंधित व्यक्ति कानून की प्रक्रिया का उचित तरीके से पालन किए बिना और कानून के मुताबिक व्यवहार किए बिना अपने मौलिक अधिकारों के लिए कोई भी दावा नहीं कर सकता है। पीठ ने कहा, हमें यह स्पष्ट करने में कोई हिचक नहीं है कि कोई भी व्यक्ति, जिसे भगोड़ा घोषित किया जाता है और जांच एजेंसी की पहुंच से वह दूर रहता है तथा इस तरह सीधे तौर पर कानून को चुनौती देता है, तो वह आमतौर पर किसी रियायत या माफी का हकदार नहीं होता है।



### कहा, कानूनी प्रक्रिया और व्यवहार अपनाए बिना मौलिक अधिकारों का दावा अस्वीकार्य

बंबई उच्च न्यायालय द्वारा पारित फैसले को चुनौती देने वाले एक आरोपी की अपील खारिज करते हुए उच्चतम न्यायालय की यह टिप्पणी सामने आई है।

याचिका के जरिए आरोपी ने महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम, 1992 की धारा 23 (2) के तहत अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और नागपुर के पुलिस आयुक्त के एक आदेश को चुनौती दी थी। इसके तहत अलग-अलग अपराधों के लिए पांच अन्य आरोपी व्यक्तियों के साथ याचिकाकर्ता के खिलाफ भी मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई थी। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता की सभी दलीलें निराधार हैं। इस प्रकार, हमें वर्तमान मामले में भगोड़ा घोषित करने के प्रभाव के संबंध में और कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है।

### पीएम 1,152 मकानों का उद्घाटन करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अंतर्गत 116 करोड़ रुपये की लागत से लाइट हाउस प्रोजेक्ट-चेन्नई के तहत निर्मित 1,152 मकानों का उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परियोजना में पूर्व निर्मित कंक्रीट निर्माण प्रणाली का उपयोग किया गया है जैसा कि अमेरिका और फिनलैंड में किया जाता है। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर निर्माण क्षेत्र में नए जमाने की वैश्विक तकनीकों, सामग्रियों और प्रक्रियाओं का बेहतर उपयोग किया गया है।

# ईडी ने कार्ति चिदंबरम व अन्य के खिलाफ धन शोधन का मामला दर्ज किया

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने 2011 में 263 चीनी नागरिकों को वीजा जारी किए जाने से संबंधित कथित घोटाले में कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और अन्य के खिलाफ धन शोधन का मामला दर्ज किया है। यह कथित घोटाला उस समय हुआ, जब कार्ति के पिता पी चिदंबरम गृह मंत्री थे। अधिकारियों ने बुधवार को यह

### चीनी वीजा घोटाला

### कार्ति और करीबी पर 50 लाख की रिश्वत लेने का है आरोप

जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि संघीय एजेंसी ने इसी मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की हालिया प्राथमिकी



का संज्ञान लेते हुए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत अपना मामला दर्ज किया है। सीबीआई की प्राथमिकी में कहा गया है कि यह मामला कार्ति और उनके करीबी एस भास्कररमन को वेदांता समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) के एक शीर्ष अधिकारी द्वारा 50 लाख रुपये की रिश्वत दिए जाने के आरोपों से संबंधित है।

टीएसपीएल पंजाब में एक बिजली संयंत्र स्थापित कर रहा थी। उन्होंने कहा कि ईडी अपराध से हुई उन संभावित आमदनी की जांच करेगा जो कथित अवैध गतिविधि से मिली हो।

# एनजीटी ने मसूरी झील से पानी की अनियमित निकासी को लेकर मांगी रिपोर्ट

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उत्तराखंड के मसूरी में निजी होटलों द्वारा मसूरी झील का पानी अनियमित रूप से निकाले जाने को लेकर दो महीने के भीतर एक रिपोर्ट मांगी है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति एके गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि झील से पानी की अनियंत्रित निकासी निश्चित रूप से प्राकृतिक जल चक्र और इसके द्वारा किए जाने वाले पर्यावरणीय कार्यों को प्रभावित कर सकती है।

एनजीटी ने मसूरी में होटल जेपी रेजीडेंसी और अन्य होटलों द्वारा मसूरी झील से पानी की अनियमित निकासी के

### नियंत्रित जल निकासी से प्राकृतिक जल चक्र और पर्यावरणीय कार्य प्रभावित होना संभव

खिलाफ कार्तिक शर्मा द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही। एनजीटी ने कहा, हमने मामले पर विचार किया है। पानी की अनियंत्रित निकासी निश्चित रूप से प्राकृतिक जल चक्र और झील द्वारा किए जाने वाले पर्यावरणीय कार्यों को प्रभावित कर सकती है। झील की मदद से जलीय और अर्ध जलीय पौधों तथा जानवरों के लिए भूमिगत जलीय पर्यावास का पुनर्भरण तथा पानी की गुणवत्ता बनी रहती है।

# पुरी धरोहर गलियारे में गड़बड़ी पर एएसआई को जिम्मेदार ठहराया

**भुवनेश्वर।** पुरी धरोहर गलियारा परियोजना को लेकर ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच जुबानी जंग छिड़ गई है।

ऐसे में भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय महापात्र ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि इस गड़बड़ी के लिए केंद्रीय एजेंसी जिम्मेदार है। परियोजना संबंधी पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हुए महापात्र ने मंगलवार को कहा, जब राज्य सरकार ने मठों को गिराया और श्री जगन्नाथ मंदिर जैसे संरक्षित स्मारक से 75 मीटर के भीतर गड्ढों की खुदाई की तो एएसआई बिल्कुल चुप रहा। उन्होंने कहा कि अगर एएसआई ने अपना काम ठीक से किया होता और पहले दिन से ही आपत्ति जताई होती तो यह विवाद नहीं होता।

# 5जी प्रौद्योगिकी से मीडिया सामग्री की गुणवत्ता सुधरेगी : अनुराग ठाकुर

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सूचना** एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कोरोना महामारी की चुनौतियों का जिक्र करते हुए बुधवार को कहा कि किफायती मोबाइल उपकरणों के माध्यम से इंटरनेट के विकास ने मीडिया उद्योग को फिर से ऊर्जा दी है तथा 5जी प्रौद्योगिकी से मीडिया से जुड़ी सामग्री की गुणवत्ता में सुधार से उपयोगकर्ता को बेहतर अनुभव मिलेंगे।

ठाकुर ने 17वें एशिया मीडिया शिखर सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए यह बात कही। सूचना प्रसारण मंत्रालय के बयान के अनुसार, अनुराग ठाकुर ने कहा कि मीडिया में आज तकनीक का अत्यधिक उपयोग हो रहा है तथा कई तरह के नवाचार हो रहे हैं। कोविड की चुनौतियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि किफायती मोबाइल उपकरणों के माध्यम से इंटरनेट के विकास ने मीडिया उद्योग को फिर से ऊर्जा दी है।

उन्होंने कहा कि 5जी प्रौद्योगिकी के माध्यम से वितरण की गति में वृद्धि और मीडिया से जुड़ी सामग्री की गुणवत्ता में सुधार होगा और इससे उपयोगकर्ता के अनुभव बेहतर होंगे। ठाकुर ने कहा कि तकनीकी प्रगति चाहे जो भी हो, लेकिन इसके मूल में हमेशा विषय सामग्री की प्रामाणिकता ही रहेगी। उन्होंने कहा, हम सूचना के मुक्त प्रवाह के अधिकार के बारे में बात कर सकते हैं, लेकिन हमें सही सूचना के प्रसार की आवश्यकता के बारे में भी बात करने की जरूरत है।

# उत्तर कोरिया ने अपनी तीन बैलेस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया

**एजेंसी।** सियोल

**उत्तर** कोरिया ने बुधवार को तीन बैलेस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया। यह दो सप्ताह में उत्तर कोरिया द्वारा किया गया पहला परीक्षण है। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने एक बयान में बताया कि सभी तीनों मिसाइल बुधवार को सुबह छह से सात बजे के बीच उत्तर कोरिया के पूर्वी तट की ओर एक के बाद एक दागी गईं।

बयान में कहा गया कि इसे देखते हुए दक्षिण कोरिया ने अपनी निगरानी बढ़ा दी है और अमेरिका के साथ अपनी सैन्य संबंधी तैयारियों को चाकचौबंद किया है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक एओल के

### परीक्षण को देखते हुए दक्षिण कोरिया ने अपनी सुरक्षा निगरानी बढ़ाई



कार्यालय ने बताया कि उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण के बाद राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाई। गौरतलब है कि ये मिसाइल परीक्षण इस वर्ष उत्तर कोरिया द्वारा किया गया 17वां परीक्षण है। विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर कोरिया हथियारों के अपने जखीरे को आधुनिक बनाने ने लिए परीक्षण कर रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन हाल में दक्षिण कोरिया गए थे और उनसे इस यात्रा के दौरान उत्तर कोरिया की ओर से किसी तरह की उकसावे की कार्रवाई के बारे में प्रश्न पूछा गया था, जिस पर उन्होंने कहा था, उत्तर कोरिया चाहे जो भी करे, हम हर चीज के लिए तैयार हैं।

इस परीक्षण के कई घंटे पहले अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने वाशिंगटन में पत्रकारों से कहा था कि हो सकता है कि उत्तर कोरिया किसी अहम हथियार के परीक्षण की तैयारी में हो।

# चुनाव में ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर प्रदर्शन करते 40 भाजपा नेता हिरासत में

## महाराष्ट्र प्रदेश सचिवालय से चंद्रकांत पाटिल, प्रवीण दारेकर और सुधीर मुनगंतिवार हिरासत में लिए

**एजेंसी।** मुंबई

**महाराष्ट्र** प्रदेश सचिवालय के निकट स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय के बाहर चुनाव में ओबीसी के लिए आरक्षण की मांग करते हुए प्रदर्शन कर रहे पार्टी के 40 नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को मुंबई पुलिस ने बुधवार को हिरासत में ले लिया। इनमें चंद्रकांत पाटिल, प्रवीण दारेकर और सुधीर मुनगंतिवार शामिल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि हिरासत में लिए गए भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान ले जाया गया और बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। इससे पहले भाजपा के कुछ कार्यकर्ताओं ने चुनाव में अन्य

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष नाना पटोले ने कहा भाजपा का मंत्रालय तक का मार्च पाखंड के अलावा और कुछ नहीं

पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण की मांग को पार्टी कार्यालय के बाहर सुबह करीब 11.30 बजे विरोध प्रदर्शन शुरू किया। भाजपा का यह कार्यालय दक्षिण मुंबई में महाराष्ट्र सचिवालय मंत्रालय के निकट स्थित है।

अधिकारी ने बताया कि जब प्रदर्शनकारी पार्टी के करीब 250 कार्यकर्ताओं के साथ अपनी मांगों को



लेकर मंत्रालय जाने की योजना बना रहे थे तो मरीन ड्राइव पुलिस ने हस्तक्षेप किया और उन्हें पुलिस वैन में ले जाना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि करीब 40 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया।

इस बीच, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने इस प्रदर्शन को राजनीतिक स्टंट करार देते हुए कहा कि विपक्षी दल को प्रधानमंत्री कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करना चाहिए । पटोले ने कहा, भाजपा का मंत्रालय तक का मार्च पाखंड के अलावा और कुछ नहीं है। सच्चाई यह है कि राज्य में ओबीसी आरक्षण को समाप्त करने की प्रक्रिया प्रदेश के देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के

### सुप्रीम कोर्ट ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की आरक्षण रिपोर्ट कर दी थी खारिज

उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अंतरिम रिपोर्ट को खारिज कर दिया था। जिसमें स्थानीय निकाय में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का सुझाव दिया गया था। अदालत ने राज्य सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग से पिछड़ा वर्ग आयोग के सुझावों पर अमल नहीं करने को कहा था।

दौरान शुरू हुई थी, और केंद्र सरकार ने भी इसका समर्थन किया था। इसलिए भाजपा को ओबीसी आरक्षण पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, आरक्षण को समाप्त करना भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का एजेंडा है और पार्टी का मंत्रालय मार्च केवल एक राजनीतिक स्टंट है। कांग्रेस नेता ने भाजपा नेताओं पर बरसते हुए कहा कि अगर वह सच में ओबीसी आरक्षण को लेकर इतना ही चिंतित हैं तो उन्हें प्रधानमंत्री कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि 2017 में ही ओबीसी को आरक्षण समाप्त करने के संबंध में कदम उठाया गया था। फडणवीस सरकार ने एक सामान्य सर्कुलर जारी कर नागपुर जिला परिषद का चुनाव टाल दिया था और उसके बाद यह मुद्दा जटिल बन गया था।

# कांग्रेस नेता ने कहा, सिब्बल का जाना कांग्रेस के लिए जीरो लॉस

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल के पार्टी छोड़ने के बाद उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनका जाना कांग्रेस के लिए जीरो लॉस है।



उत्तर प्रदेश के लिए पार्टी के सह-प्रभारी गुर्जर ने सिब्बल हैशटैग से ट्वीट किया, कांग्रेस के लिए जीरो लॉस। उल्लेखनीय है कि सिब्बल ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय 2जी प्रकरण को लेकर जीरो लॉस वाला चर्चित बयान दिया था। उस समय वह केंद्रीय मंत्री थे। गुर्जर ने यह भी कहा, किसी का पार्टी में आना,रुकना और चले जाना पार्टी का चरित्र नहीं, बल्कि उन आने,जाने वालों का चरित्र उजागर करता है। इनकी पद लोलुपता इतनी अधिक होती है की पद के आगे विचारधारा गौण हो जाती है।

अच्छे समय में पद और सत्ता का दोहन करके चले जाने वालों के चरित्र पर प्रश्न चिन्ह है, पार्टी पर नहीं। सिब्बल ने बुधवार को समाजवादी पार्टी के समर्थन से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने कहा कि वह 16 मई को कांग्रेस से इस्तीफा दे चुके हैं और अब वह कांग्रेस के नेता नहीं हैं।

# प्राधिकरण ने अवैध कॉलोनियों और अतिक्रमण पर की कार्रवाई

## एयरोसिटी और होटल को बुलडोजर से किया जमींदोज

● करोड़ों की जमीन कराई कब्जामुक्त



अवैध निर्माण को ढहाता प्राधिकरण का बुलडोजर।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने अवैध कॉलोनाइजेशन और अतिक्रमण पर बड़ी कार्यवाही की है। प्राधिकरण का अमला अलीगढ़ जिले में पहुंचा, यहां प्राधिकरण क्षेत्र के तीन गांवों में अवैध रूप से बन रही कॉलोनियों पर बुलडोजर चला है।

एक बड़े होटल को भी प्राधिकरण ने जमींदोज कर दिया है। प्राधिकरण की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक 273656 वर्ग मीटर जमीन अतिक्रमण मुक्त करवाई गई है। यमुना अथॉरिटी के विशेष कार्याधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि अलीगढ़ जिले के 3 गांवों में डोरपुरी, खंडेहा और सिमरौठी में अवैध निर्माण गिराए गए हैं। अलीगढ़ जिले की खैर तहसील के गांव डोरपुरी के पास एरो स्ट्रक्चरल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी 178150 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध रूप से एक टाउनशिप बसा रही थी। इसके लिए प्राधिकरण से अनुमति नहीं ली गई। कंपनी ने कोई नक्शा भी पास नहीं करवाया था। एरो क्लासिक सिटी नाम की अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया है।

ओएसडी ने कहा अगर यहां जमीन की सामान्य बाजार दर 10 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर आंकी जाए तो इस जमीन की कीमत 178 करोड़ रुपए से ज्यादा है। कंपनी को नोटिस भेजा गया है।

और चेतावनी दी गई है कि अगर भविष्य में इस तरह का निर्माण दोबारा करवाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस तरह की गतिविधियों को संचालित कर रहे लोगों को भूमाफि या और गैंगस्टर घोषित करवाया जाएगा। प्राधिकरण एफआईआर दर्ज करवाएगा।

प्राधिकरण ने यहीं जेवर हवेली नाम का एक होटल भी ध्वस्त किया है। शैलेंद्र सिंह ने बताया कि खैर तहसील के ही गांव खंडेहा में भी अतिक्रमण हटाया गया है। यहां 38327 वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। सिमरौठी गांव के पास कई खेतों में अवैध निर्माण किया जा रहा था। यहां 57179 वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। इस तरह मंगलवार को यमुना प्राधिकरण ने 273656 वर्ग मीटर जमीन अतिक्रमण मुक्त करवाई है। ओएसडी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि बाजार दर के हिसाब से इस जमीन की कीमत 273 करोड़ रुपए से ज्यादा है। आने वाले दिनों में इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। जो लोग आम आदमी को ठगने के लिए अवैध कॉलोनियां बस आ रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

## विवाहिता ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाना क्षेत्र की एक कालोनी निवासी विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न के चलते ससुर पर छेड़छाड़ व जबरदस्ती करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि पति ने सास व ससुर के साथ मिलकर उनके गले पर पैर रखकर हत्या का प्रयास किया। किसी तरह उन्होंने अपनी जान बचाई।

पीड़िता ने आरोपित पति, सास व ससुर के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विजयनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता का कहना है कि उनकी शादी करीब 10 माह पूर्व दिल्ली के विनोदनगर निवासी युवक से हुई थी। ससुराल पक्ष वर्तमान में गौतमबुद्धनगर में रह रहा है।

आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष ने उन्हें परेशान करना शुरू कर दिया। आरोपितों ने मारपीट कर उन्हें घर से निकाल दिया और वह मायके आकर रहने लगी। बाद में ससुराल पक्ष के लोग मायके आए और उन्हें अपने साथ वापस ससुराल ले गए।

आरोप है कि ससुर ने उनके साथ छेड़छाड़ करते हुए कपड़े फाड़ दिए। इस संबंध में जब उन्होंने पति से शिकायत की तो पति ने सास.ससुर के साथ मिलकर उनकी हत्या का प्रयास किया। किसी प्रकार हाथ.पैर जोड़कर उन्होंने अपनी जान बचाई और मायके आकर स्वजन से शिकायत की। विजयनगर थाना प्रभारी योगेंद्र मलिक का कहना है कि आरोपितों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था के बारे में पूछताछ करतीं प्राधिकरण सीईओ।

# निरीक्षण के दौरान सफाईकर्मी और कहीं माली मिले गायब

● सीईओ ने कंपनी को किया ब्लैकलिस्ट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु माहेश्वरी ने शहर का दौरा किया। उन्होंने हरियाली और साफ-सफाई का जायजा लिया। इस दौरान जहां कमियां मिली इसके लिए जिम्मेदार कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने का आदेश अधिनस्थ अधिकारियों को दिया है। इसके अलावा काम के दौरान गायब मिले सफाई कर्मचारियों का वेतन काटने का आदेश दिया और चेतावनी दी।

प्राधिकरण की सीईओ सबसे पहले सेक्टर 14 स्थित मानसरोवर पार्क पहुंची। यहां म्यूजिकल फाउंटेन, लेजर लाइट और साउंड शो सिस्टम लगा हुआ है। यहां पार्क का अनुरक्षण का काम सिद्ध ग्रीन इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड कर रही है। कंपनी के पास 1 करोड़ 44 लाख 34 हजार की लागत वाला टेंडर है। पार्क में 28 की जगह सिर्फ10 माली काम करते मिले। पार्क की साफ-सफाई ठीक नहीं मिली। ऐसे में सीईओ ने कंपनी को नोटिस देकर ब्लैकलिस्ट करने के आदेश दिए। इसके बाद सेक्टर-26 और सेक्टर-27 के पार्क में साफ-सफाई ठीक नहीं मिली। यहां काम कर रही मनोज कंस्ट्रक्शन कंपनी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सेक्टर 27 के ए ब्लॉक पार्क में सिर्फदो कर्मचारी काम कर रहे थे। इसके अलावा अनुपस्थित रहने पर सफाई कर्मचारियों की सैलरी काटने का आदेश दिया है। सेक्टर 44 में पार्क व ग्रीन बेल्ट का काम देख रही सरन एंड कंपनी को लापरवाही मिलने पर चेतावनी जारी की गई है।

सेक्टर 27 के डी ब्लॉक का निरीक्षण किया। वहां रहने वाले एक निवासी ने शिकायत करते हुए बताया कि यहां साफ-सफाई के लिए कर्मचारी नहीं आते हैं।

# प्रेमिका पर रौब झाड़ने के लिए दरोगा बनकर आया मजनू

## पुलिस ने युवक को होटल से किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो अपनी महबूबा पर रौब दिखाने के लिए फर्जी दरोगा बन गया। आरोपी युवक दिल्ली पुलिस की वर्दी में खड़ा हुआ था और अपनी प्रेमिका पर रौब झाड़ रहा था। आरोपी नोएडा के एक होटल में रुका हुआ था और अपनी महबूबा को भी वहीं पर बुलाया था। सूचना मिलने के बाद नोएडा पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दिल्ली पुलिस के फर्जी दरोगा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब इस युवक को कोर्ट के समक्ष पेश कर रही है।

नोएडा फेस वन थाना प्रभारी ने बताया कि बुधवार सुबह एक सूचना के आधार पर पुलिस ने सेक्टर 15 में स्थित संगम होटल के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि यह आरोपी दिल्ली पुलिस की वर्दी पहन कर खड़ा हुआ था और अपनी प्रेमिका पर रौब दिखा रहा था। वहां पर कुछ लोगों को आशंका हुई कि यह फर्जी दरोगा है, जिसके बाद युवक की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दिल्ली पुलिस के फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम राहुल शर्मा पुत्र महेंद्र शर्मा निवासी जनपद पानीपत हरियाणा बताया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अपनी महबूबा पर रौब झाड़ने के लिए दिल्ली पुलिस का नकली दरोगा बन कर यहां पर आया था।

# नालों के कारण खराब नहीं होंगे फ्रिज और एसी

## *शहर के अलग-अलग 10 नालों को ढकने का प्राधिकरण ने लिया फैसला*

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



जिन आवासीय सेक्टरों के बीच या आसपास से नाले गुजर रहे हैं, वहां घरों में लगे एयरकंडीशनर और फ्रिज अब जल्दी जल्दी खराब नहीं होंगे। दरअसल, नोएडा अथॉरिटी ने शहर के नालों को ढकने का फैसला ले लिया है। इस पर काम शुरू कर दिया गया है।

आपको बता दें कि शहर के जिन इलाकों से बड़े नाले गुजरते हैं, वहां गैस बेस्ड इलेक्ट्रॉनिक उपकरण समय से बहुत पहले खराब हो जाते हैं। करीब 3 दशकों से शहर के निवासी नालों की दुर्गंध और इनसे निकलने वाली गैसों से परेशान हैं। लगातार नालों को ढकने की मांग चल रही है। पहले नोएडा अथॉरिटी के पास कोई पॉलिसी ना होने और फिर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों के चलते यह मांग पूरी नहीं हो पाई। नालों को ढकने में कई दूसरी समस्याओं का हवाला देकर अथॉरिटी अभी तक इस मांग पर विचार नहीं कर रही थी। अब शहर के लोगों को बदबू से बचाने के लिए अब नोएडा प्राधिकरण ने नालों को ढकने का काम शुरू कर दिया है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शहर के अलग-अलग 10 नालों को इस योजना में शामिल किया गया है। अभी सेक्टर.27 स्थित नाले को ढकने का काम शुरू करवाया गया है। व्यवस्था सफल होने पर इसे शहर के बाकी हिस्सों में लागू किया जाएगा।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि लोग काफी समय से नालों को ढकने की मांग कर रहे थे।

लोगों की शिकायतें आती हैं कि इनके खुले रहने से आसपास के सेक्टरों में रहने वाले लोगों को बदबू आती है। अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नालों से कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, मीथेन और नाइट्रोजन जैसी कई तरह की जहरीली गैस निकलती हैं। इन गैसों के कारण घरों में रखे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल्दी खराब हो रहे हैं। ऐसे में इनको ढकना चाहिए। वहीं, एनजीटी के नियम के तहत इनको पूरी तरह नहीं ढका जा सकता है। इसके बीच का रास्ता निकालते हुए नोएडा प्राधिकरण ने एनजीटी की गाइडलाइंस के तहत ही पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शहर के 10 नाले को ढकने का निर्णय लिया है। नोएडा का पूरा हिस्सा 10 वर्क सर्किल में बंटा हुआ है। ऐसे में हर सर्किल के एक-एक नाले को इसमें शामिल किया गया है।

# प्रेमिका ने बीच सड़क पर प्रेमी को दिया जहर

## मरने से पहले युवक ने वीडियो बनाकर बताई पूरी घटना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस ने दो टीमें लगाईं

ग्रेटर नोएडा में एक प्रेमिका ने पहले अपने प्रेमी को फोन करके मिलने के लिए बुलाया और फिर उसके मौत के घाट उतरवा दिया। बीती रात को प्रेमी ने इलाज के दौरान ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में दम तोड़ दिया है। इस मामले में पुलिस ने मृतक युवक के पिता की शिकायत के आधार पर दादरी थाने में प्रेमिका और उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए दो टीमों का गठन किया है।

ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने बताया कि जारचा थाना क्षेत्र अंतर्गत अनंगपुर गांव का रहने वाला गौरव, दनकौर की एक लड़की से प्यार करता था। बीते 23 मई को गौरव की प्रेमिका ने उसको मिलने के लिए बुलाया था। गौरव और उसकी प्रेमिका की मुलाकात ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पल्ला नहर के पास हुई। मिलने के दौरान गौरव और उसकी प्रेमिका के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

गौरव के परिजनों ने बताया कि उसकी प्रेमिका ने उसके साथ धोखा किया है। पहले धोखे से मिलने के लिए बुलाया और फिर पीछे से अपने परिजनों को सूचना दे दी। प्रेमिका के भाई और दोस्त मौके पर पहुंचे। उन्होंने गौरव के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया और गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपियों ने गौरव को अधमरा कर दिया। बीती रात इलाज के दौरान गौरव की मौत हो गई है।

सूचना मिलने के बाद दादरी थाना पुलिस ने कैलाश अस्पताल में पहुंचकर गौरव के शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## भूमाफिया के खिलाफ केस कराया दर्ज

**नोएडा।** थाना सेक्टर 113 में दादरी तहसील में तैनात लेखपाल ने एक भूमाफिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। आरोप है कि आरोपी ने सर्फाबाद और सोरखा गांव सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा है।

थाना प्रभारी ने बताया कि दादरी तहसील में तैनात लेखपाल राकेश कुमार नागर ने थाने में शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि विजय नाम के भूमाफिया ने अपने गांव सर्फाबाद सहित सोरखा गांव के पास सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। कई बार उसे जमीन खाली करने के लिए भी नोटिस भेजा गया, लेकिन उसने अनदेखा कर दिया। कई बार सरकारी अधिकारियों के साथ भी अभद्रता करने का आरोप लगाया।

# आवासीय और व्यवसायिक योजना लाएगा जीडीए

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जीडीए आवासीय व व्यवसायिक योजना लाएगा। इसके लिए जीडीए ने लैंड बैंक बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसमें प्राधिकरण अपनी अवैध कब्जे वाले भूमि को मुक्त कराने के साथ ही किसानों से जमीन खरीदने पर जोर देगा।

पिछले दिनों प्रमुख सचिव नितिन रमेश गोकर्ण ने सभी प्राधिकरणों की समीक्षा बैठक की थी। इस बैठक में प्रमुख सचिव ने प्राधिकरणों को प्राथमिकता पर लैंड बैंक बनाने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के बाद जीडीए ने भी लैंड बैंक बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। इसमें प्राधिकरण के सभी जोन में खाली पड़ी जमीन से लेकर किसानों से अधिग्रहण करने की योजना पर कार्य किया जाएगा। जीडीए अधिकारी बताते हैं कि प्राधिकरण की खाली पड़ी जमीन और अवैध कब्जे वाली भूमि का पूरा रिकार्ड खंगाला जा रहा है। ताकि इस पूरी जमीन के बारे में विस्तार से पता चल सके और इसपर से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की जाए। जीडीए के अधिकारी बताते हैं कि प्राधिकरण की खाली पड़ी 45 फीसदी जमीन पर अवैध कब्जा है। इसमें से ज्यादातर मामले कोर्ट में चल रहे हैं।

# शाफ्ट के भीतर 9वीं मंजिल से बेसमेंट में गिरे दो बच्चे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मंगलवार की देर शाम करीब 6:00 बजे कुछ बच्चे 9वीं मंजिल पर खेल रहे थे, उसी दौरान वहां पर एक खुले शाफ्ट में दो बच्चे गिर गए। दोनों बच्चे 9वीं मंजिल से सीधा बेसमेंट में आकर गिरे। फिलहाल दोनों बच्चों की हालत काफी नाजुक है। इनमें से एक बच्चा आईसीयू में भर्ती है।

दरअसल, सुपरटेक इको विलेज 2 हाउसिंग सोसायटी के बी टावर की 9वीं मंजिल पर कुछ बच्चे खेल रहे थे। यह बच्चे गैलरी एरिया में खेल रहे थे। खेलते हुए 12 साल का सिद्धार्थ और 10 साल का राजे वहां पर मौजूद एक खुले शाफ्ट में गिर गया। उनके साथ अन्य बच्चे भी खेल रहे थे। जिन्होंने घटना के तुरंत बाद दोनों बच्चों के परिजनों को मामले की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पूरी सोसाइटी में हड़कंप मच गया। बेसमेंट से दोनों बच्चों को निकाल कर नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया है।

जहां पर दोनों बच्चों की हालत काफी नाजुक बनी हुई है और एक बच्चे का इलाज आईसीयू में चल रहा है। दोनों बच्चों के सिर में गहरी चोट आई है। वहीं, एक बच्ची की रीड की हड्डी में गंभीर चोट आई है।

# पौधों के नाम पर रखे जाएंगे शहर के 3 सड़क के नाम

## *नोएडा प्राधिकरण ने खास प्रोजेक्ट पर काम किया शुरू, अलग-अलग जगहों पर मॉडल रोड भी बनेंगे*

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



फाइल फोटो

शहर को हरा-भरा बनाने के लिए नोएडा अथॉरिटी ने एक खास प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया है। हरियाली के हिसाब से अलग-अलग स्थानों पर तीन मॉडल रोड बनाई जाएंगी। इन सड़कों को वहां रोपित किए जाने वाले पौधों के नाम से जाना जाएगा।

नोएडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु महेश्वरी ने बताया कि इन सड़कों को जल्दी फाइनल किया जाएगा। इसके बाद जल्द काम शुरू करवाया जाएगा। इसके अलावा तीन जगह एक-एक व्यावसायिक एरिया को उद्यानिक रूप में विकसित किया जाएगा। समीक्षा बैठक के दौरान सीईओ ने यह आदेश दिए हैं। उन्होंने कालिंदी कुंज के पास बनने वाले वेस्ट टू वंडर पार्क का प्रस्ताव प्रस्तुत करने का आदेश भी दिया है।

बैठक में सीईओ ने कहा कि मानसून से पहले पौधारोपण के लिए जो स्थान चिन्हित किए गए हैं, वह उचित नहीं हैं। इसके लिए बड़ी ग्रीन बेल्ट और पार्क चिन्हित किए जाएं। यह काम शुक्रवार तक पूरा कर लिया जाए। इस रिपोर्ट के साथ फोटो देने होंगे। जो कम्पनियां सीएसआर के तहत पौधारोपण करना चाहती हैं, उनको चयनित करके अच्छी जगह उपलब्ध कराई जाए। सीईओ ने कहा कि पौधारोपण में पर्यावरण फ्रेंडली पौधे लगाए जाएं। पौधों का चयन करते वक्त स्थानीय मौसम के अनुसार प्रजातियों का ध्यान रखा जाएगा। अनुपयोगी पौधारोपण नहीं किया जाना चाहिए।

पौधारोपण के मामले में बायोडायवर्सिटी महत्वपूर्ण होती है। शहर के सेक्टर 33 में बन रहे शिवालिक पार्क का काम 30 मई तक और डॉग पार्क का काम 30 जून तक पूरा करने का आदेश मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने दिया है। वेदवन पार्क का काम 15 अगस्त तक पूरा करने के लिए सीईओ ने कहा है।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

आज सितारे बुलंद रहने वाले हैं। धनलाभ होने के योग बन रहे हैं। ऑफिस का काम घर पर ही पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, तो अब अपनी योजयाओं को अमली जामा पहनाना शुरू करिए, कोरोना की परिस्थितियां ठीक होने तक इंतजार न करें। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा। दाम्पत्य जीवन में खुशियां आने से परिवार में उत्सव का माहौल बनेगा।

**भाग्यांक :** 4

**विशेष :** पीले चावल बना कर गरीबों में बांटें।

### वृष

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

लोगों की दखलअंदाजी वैवाहिक जीवन में परेशानी खड़ी कर सकती है। शांत रहना आपके फायदे में साबित होगा। संवेदनशीलता में वृद्धि होगी। पैसा मिल सकता है। ईर्ष्यालु स्वभाव आपको उदास और दु:खी बना सकता है। आप सपने देखने वाले विचारों को देख सकते हैं या आप कुछ ऐसा कर सकते हैं जो आपके पास हो। बिजनेस में नुकसान होने की आशंका है।

**भाग्यांक :** 4

**विशेष :** साबुत हल्दी का दान करें।

### मिथुन

(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

आत्मविश्वास को फिर से हासिल करेंगे और पूरे समर्पण के साथ काम में जुटेंगे जो सकारात्मक विकास को जन्म देगा। एक से अधिक प्रोजेक्ट में शामिल होंगे और समय की कमी भी महसूस कर सकते हैं। वित्तीय स्थिति में सुधार होना तय है। आय का एक अतिरिक्त स्रोत भी मिल सकता है। परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी स्थिति को बढ़ाना चाहते हैं, तो ध्यान और समर्पण न खोएं।

**भाग्यांक :** 2

**विशेष :** पीपल के पेड़ को जल दें।

### कर्क

(ही, हूं, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। प्रिय के प्रति काकी संवेदनशील होंगे। बहन का स्नेह प्रोत्साहन देगा। नए काम मिल सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी बेहतर रहने की संभावना है। जीवनसाथी से भरपूर प्रेम व सहयोग मिलने की उम्मीद आप रख सकते हैं। प्रतिस्पर्धी स्वभाव आपको जीत दिलाने में सहयोग देगा। घर का माहौल हरा भरा रहेगा। साथी के साथ ठीक तरह से व्यवहार करें।

**भाग्यांक :** 5

**विशेष :** बड़ के पेड़ पर दूध मिला जल डालें।

### सिंह

(मा, मी, मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

दिन अनुकूल रहने वाला है भविष्य की रूप रेखा बनाएंगे। जूनियर से सहायता लेनी पड़ेगी। फिजूल के खर्चे कम होने से आर्थिक स्थिति और मजबूत रहेगी। छात्र सवाल का जवाब ऑनलाइन जानने की कोशिश करेंगे। आज का दिन आपको सफलता दिलाता रहेगा। धन की आमद अच्छी रहेगी। खर्च भी अधिक रहेगा। एकल को एक अच्छा विवाह प्रस्ताव मिल सकता है। पारिवारिक सदस्य का बिगड़ता स्वास्थ्य चिंता का विषय हो सकता है।

**भाग्यांक :** 3

**विशेष :** तुलसीदल का सेवन करें।

### कन्या

(टो, पा, पी, पू, ष, श, ण, ठ, पे, पो)

राजनीति से जुड़े हुए हैं, तो दिन शुभ है। यात्रा के लिए भी बेहतर समय है। भाग्य से अधिक कर्म पर भरोसा करें। जुआ-सट्टा आदि से दूर रहें। जीवनसाथी से मतभेद उत्पन्न होने के संकेत लगातार मिल रहे हैं। अत: स्वयं को शांत रखे। घर के साजो-सामान पर व्यय हो सकता है। भाई-बहनों का पूर्ण सहयोग मिलने के प्रबल आसार हैं। पारिवारिक एवं सामाजिक संदर्भ में आप गलती के लिए सवालों के घेरे में आएंगे। छात्रों को विवरणों पर अधिक ध्यान देना होगा।

**भाग्यांक :** 2

**विशेष :** बृहस्पति के मंत्रों का जाप करें।

### तुला

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,)

आज चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। साहस और संगठित कार्य के बल पर आसानी से उन पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। नौकरीपेशा जातकों को अधीनस्थों के कारण आकस्मिक समस्या का सामना करना पड़ सकता है। वरिष्ठों और सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। व्यापारियों के लिए लंबी दूरी की यात्रा लाभदायक साबित होगी। प्रॉपर्टी, कमीशन आदि में लेन-देन करने वालों को वांछित परिणाम मिलेंगे।

**भाग्यांक :** 4

**विशेष :** गुरु का सम्मान करें।

### वृश्चिक

(तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू,)

स्वास्थ्य पर ध्यान दें। जीवन को बेहतर बनाने के लिए मेहनत करनी पड़ेगी। कोई बड़ा फैसला लेने के बारे में आप सोचते हैं। संतान से जुड़ी बड़ी खबरें सामने आ सकते हैं। कार्य में बड़ा प्रोजेक्ट मिलने वाला है। खर्चे आर्थिक बोझ बढ़ा सकते हैं। विशेष ध्यान रखें की आपके फैसले से ऐसी किसी व्यक्ति को दु:ख न हो जो आप पर भावनात्मक रूप से निर्भर है। लवमेटस के संबंधों में मिठास बढ़ेगी।

**भाग्यांक :** 6

**विशेष :** पानी का घड़ा भर कर गरीबों के लिए रखें।

### धनु

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

दिन शानदार रहने वाला है। चुस्त-दुरुस्त महसूस करेंगे। मन में नई चीज़ों को जानने की उत्सुकता बनेगी। ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बीतेगा। दिनचर्या में बदलाव आएगा। घर पर ही कुकिंग का आनंद उठाएंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के मूल्य सम्मत मौलिक विचारों से बहुत प्रभावित होंगे। लवमेटस के लिए दिन बहुत ही शानदार रहने वाला है। भविष्य में अच्छे परिणाम आएंगे।

**भाग्यांक :** 3

**विशेष :** विष्णु मंदिर में पीतल के बर्तन का दान करें।

### मकर

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

आज अपने स्वतन्त्र अस्तित्व को बाजू में रखना होगा। बात को लेकर मन में उत्सुकता भी रहेगी। व्यक्ति के साथ महत्वपूर्ण बातचीत भी हो सकती है। गुस्से को काबू में रखने की पूरी कोशिश करें। घर की अशांति का कारण आप ना भी हों, तो भी मानसिक शांति के लिए अपनी भावनाओं पर काबू रखें। घूमने-फिरने और पैसे ख़र्च करने के मूड में होंगे लेकिन अगर आपने ऐसा किया है तो बाद में आपको पछताना हो सकता है।

**भाग्यांक :** 3

**विशेष :** विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

### कुंभ

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

स्थिति कुछ खराब रह सकती है। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है, कामों को करने में स्वयं को थका हुआ महसूस कर सकते हैं। खान-पान पर संयम रखकर स्वास्थ्य को बेहतर रख सकते हैं। दूर की यात्रा पर जा सकते हैं। कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक लाभ के अवसर मजबूत होंगे। सुख-सुविधाओं की वृद्धि होगी। घरेलू मामलों में सावधानी से काम लें। जीवनसाथी का पूरा साथ मिलेगा। प्रेम-संबंध मजबूत होंगे, स्वास्थ्य शुभ रहेगा।

**भाग्यांक :** 1

**विशेष :** माथे पर केसर का टीका लगाएं।

### मीन

(दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

दिन जीवन में सुनहरे पल लेकर आने वाला वाला है। दाम्पत्य जीवन में आपसी विश्वास के सहारे संबंधों में मजबूती आयेगी। वाणी ही आपका वरदान है। व्यापार को बढ़ाने के लिए घर के सदस्यों के साथ बैठ कर चर्चा करेंगे। साथ ही कुछ अच्छे आइडिया भी मिलेंगे। बुटीक का व्यवसाय करने वाली महिलाओं के लिए दिन राहतपूर्ण रहने वाला है। लवमेटस के लिए दिन सामान्य रहने वाला है।

**भाग्यांक :** 7

**विशेष :** भगवान विष्णु को बेसन के लड्डू का भोग लगाएं।

**नोट :** कुंडलियों व राशियों के ग्रहों के आधार पर जीवन में घटित हो रही घटनाओं में भिन्नता हो सकती है। जानकारी के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।

## मैदा से बने ये तीन खास फेस पैक आपके चेहरे पर लाएंगे इंस्टेंट ग्लो, निखारेंगे रंग और दाग-धब्बों को दूर कर त्वचा को बनाएंगे खूबसूरत और सॉफ्ट।



# त्वचा को खूबसूरत बनाने और ग्लो बढ़ाने में बहुत फायदेमंद है मैदा

### इन तीन तरीकों से फेस पैक बनाकर करें इस्तेमाल

नींबू और मैदे से बना ये फेस पैक आपकी त्वचा के डेड स्किन सेल्स को निकाल देता है और आपके स्किन टोन में निखार लाता है

मैदे को अक्सर सेहत के लिए बुरा मानकर प्रयोग करने से मना किया जाता है। मगर क्या आप जानते हैं कि यही मैदा आपको खूबसूरत बनाने, चेहरे पर ग्लो लाने और बेदाग त्वचा पाने में आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है? जी हां, मैदे से बने फेस पैक को आप अपना ब्यूटी सीक्रेट बना सकते हैं, बशर्ते आप इसका ठीक तरीके से इस्तेमाल करें। दिखने में बेहद सफेद और छूने में चिकना मैदा आपकी त्वचा के लिए कई तरह से फायदेमंद हो सकता है। कुछ अन्य इंग्रीडिएंट्स मिलाकर आप इस मैदे से बेहतरीन फेस पैक बना सकते हैं, जिससे कि आपकी त्वचा से दाग-धब्बे गायब हो जाएंगे और आपकी मिलेगी खूबसूरत, खिलखिलाती, सॉफ्ट और ग्लोइंग त्वचा।

### लेमन-फ्लोर फेस पैक

नींबू एक ऐसा फल है, जिसमें नैचुरल एसिड की मात्रा बहुत अच्छी होती है। ये एसिड आपकी त्वचा के लिए नैचुरल ब्लीच की तरह काम करता है। नींबू और मैदे से बना ये फेस पैक आपकी त्वचा के डेड स्किन सेल्स को निकाल देता है और आपके स्किन टोन में निखार लाता है। इसे बनाना और प्रयोग करना भी बेहद आसान है। इसके लिए आप एक छोटी सी कटोरी में 1 चम्मच मैदा लें। इसमें 2 चम्मच नींबू का रस और 1 चुटकी हल्दी डालकर इसे अच्छी तरह मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और सूखने दें। लगभग 20-25 मिनट के बाद जब फेस पैक सूख जाए, तो चेहरे को गीला करें और हल्के हाथों से रगड़ते हुए फेस पैक को छुड़ाएं। पूरा मुंह साफ हो जाने के बाद सादे पानी से मुंह धोएं और कोई लाइट मॉइश्चराइजर लगा लें। आप पाएंगे कि आपके चेहरे पर तुरंत चमक आ गई है। लगातार प्रयोग से ये फेस पैक चेहरे की रंग को सुधारता है, दाग, धब्बों को दूर करता है और स्किन को टाइट बनाता है।

### एलोवेरा जेल के साथ मैदे का फेस पैक

डेड स्किन सेल्स को निकालने और स्किन पोर्स की अच्छी सफाई के लिए आप मैदा और एलोवेरा जेल से खास फेस पैक बना सकते हैं, जो त्वचा की गहराई में समाकर इसकी सफाई करता है। इस खास फेस पैक में एक्सफोलिटिंग के गुण होते हैं, इसलिए ये चेहरे पर मौजूद मृत त्वचा को निकाल देता है, जिससे नए सेल्स का जन्म होता है। इससे त्वचा हमेशा जवान और खूबसूरत नजर आती रहती है। फेस पैक को बनाने के लिए एक बाउल में 1 चम्मच मैदा लें और इसमें आधा चम्मच के लगभग एलोवेरा जेल डालें। इन्हें आपस में अच्छी तरह मिलाएं। अगर पेस्ट सूखा है, तो आप इसमें थोड़ा सा पानी मिला सकते हैं। गाढ़ा पेस्ट बन जाने पर इसे चेहरे पर लगाएं और सूखने दें। 10-15 मिनट बाद पेस्ट सूख जाए, तो इसे सादे या गुनगुने पानी से हल्के हाथों से रगड़ते हुए छुड़ाएं। पानी बहुत अधिक गर्म नहीं होना चाहिए, वर्ना त्वचा जल जाएगी। एलोवेरा में मौजूद मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स आपकी त्वचा में एब्जॉर्ब हो जाते हैं, जिससे त्वचा में प्राकृतिक कसावट और निखार आता है। त्वचा स्वस्थ रहती है, तो आप जवान और खूबसूरत भी दिखते हैं।



### मैदा और दूध से बनाएं कमाल का फेस पैक

अगर आपके घर में ज्यादा कुछ नहीं है और आपको चेहरे पर तुरंत निखार लाने की जरूरत है, तो आप मैदे और दूध से 15 मिनट के भीतर गजब का निखार पा सकते हैं। जी हां, मैदे और दूध से बना फेस पैक आपके चेहरे की रंगत को निखारने के लिए सबसे बेहतरीन फेस पैक्स में से एक है। इसे बनाने के लिए 1 छोटी सी कटोरी में 1 बड़ा चम्मच मैदा लीजिए और इसमें 4 चम्मच दूध मिला लीजिए। साथ ही 1 चम्मच शहद भी मिला लीजिए। अगर शहद नहीं है, तो थोड़ा सा गुलाबजल मिला लें। इन्हें अच्छी तरह मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को अपने फेस और गर्दन पर लगाएं, तथा 20 मिनट तक इंतजार करें, ताकि दूध और शहद के पोषक तत्व आपकी त्वचा में समा जाएं। इसके बाद सादे पानी से चेहरे को हल्के हाथों से रगड़ते हुए साफ करें और धो लें। थोड़ा सा मॉइश्चराइजर और लाइट सा फेस पाउडर लगा लें। चेहरे पर अपने आप ग्लो आ जाएगा।

# सेहत के साथ सुंदरता भी देती हैं ग्रीन टी, जानें इस्तेमाल करने का तरीका

**आजकल** अच्छी सेहत और इम्युनिटी बढाने के लिए ग्रीन टी का सेवन आम हो चुका हैं। ग्रीन टी की मदद से अच्छी सेहत की चाहत पूरी होती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यही ग्रीन टी चहरे की सुंदरता की चाहत को भी पूरा करने का काम करती हैं। जी हां, ग्रीन टी को चेहरे पर इस्तेमाल कर निखार पाया जा सकता हैं। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह से ग्रीन टी का इस्तेमाल कर अपनी खूबसूरती को बढ़ाया जाए। तो आइए जानते हैं इसके बारे में।

### ड्राई स्किन के लिए

**अगर** आपकी त्वचा भी ड्राई है तो इस पैक का इस्तेमाल जरूर करें। ये आपकी त्वचा को मुलायम और चमकदार बनाएगी। दो चम्मच शहद में एक चम्मच ग्रीन टी मिलाकर पेस्ट बना लें। चेहरे और गर्दन पर इस पैक को लगा लें। सप्ताह में दो बार से ज्यादा इस पैक का इस्तेमाल न करें।

### सामान्य त्वचा के लिए

दो चुटकी हल्दी, एक चम्मच ग्रीन टी और एक चम्मच बेसन को मिलाकर पेस्ट बना लें। चेहरे को अच्छी तरह धोकर साफ करें और पेस्ट को चेहरे पर लगाएं। बीस मिनट के बाद कॉटन में गुलाब जल लगा कर सूख चुके पैक को गीला करें। अब दोनों हाथों से मसाज करते हुए पैक को छुड़ाएं। चेहरे को ताजे पानी से धो लें। ये पैक चेहरे के पिंपल को दूर भगाने में कारगर है।

### ग्रीन टी फेस पैक

कुछ महिलाओं के टी शेप यानि फॉरहेड, नाक और गाल के जगह की त्वचा ज्यादा तैलीय होती है और बाकि स्किन नार्मल रहती है। इस तरह की त्वचा में संतरे के छिलके और ग्रीन टी का फेस पैक फायदेमंद होता है। आधा चम्मच शहद, एक चम्मच ग्रीन टी और एक चम्मच संतरे के छिलके का पाउडर मिक्स गुलाब जल मिलाकर के पेस्ट बना लें। चेहरे पर लगाने के बाद सुखने दें। फिर हल्के हाथों से रगड़ते हुए छुड़ाएं।



# खीरे का फेस मास्क देगा आपको बेदाग और गोरी त्वचा

गर्मियों के इस मौसम में त्वचा को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं, जो कि त्वचा का निखार छिनने का काम करती हैं। लेकिन ऐसे में एंटीऑक्सीडेंट और कई अन्य गुणों से भरपूर खीरा मददगार साबित होता हैं। खीरा अगर आहार में लिया जाए तो यह शरीर को ठंडक पहुंचाता हैं और त्वचा के लिए भी फायदेमंद साबित होता हैं। ऐसे में आज हम आपके लिए खीरे से बने कुछ फेसमास्क लेकर आए हैं जिनकी मदद से बेदाग और गोरी त्वचा को पाने में आसानी होगी। तो आइये जानते है इन फेसमास्क के बारे में।



### खीरे और एलोवेरा का फेस मास्क

रूखी त्वचा के लिए ये फेस मास्क बहुत फायदेमंद रहेगा। खीरे के साथ-साथ एलोवेरा भी स्किन को हाइड्रेट करता है। आधा खीरा लें और उसे छिलकर ब्लेंड कर लें। अब इसे छानकर इसमें से रस निकाल लें। इसमें दो चम्मच एलोवेरा जैल डालें और मिश्रण तैयार कर लें। इस मास्क से चेहरे की हल्के हाथों से मालिश करें। मालिश करने के बाद इसे 15 मिनट तक चेहरे पर ही लगा रहने दें। अब चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।

### खीरे और ओटमील का फेस मास्क

मुंहासों वाली त्वचा के लिए ये मास्क बहुत अच्छा रहता है। खीरे में एस्ट्रिंजेंट गुण होते हैं, जबकि ओटमील स्किन से मृत कोशिकाओं को हटाकर उसे एक्सफोलिएट करने में मदद करता है। शहद त्वचा में बैक्टीरिया को संतुलित करने का काम कर सकता है। आधा खीरा लें और उसे छिलकर ब्लेंड कर लें। अब इसे छानकर इसमें से रस निकाल लें। इसमें एक चम्मच ओटमील मिलाकर मिक्स करें। अब एक चम्मच शहद डालकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे और गर्दन पर लगाएं और अंगुलियों से मसाज करें। इसके बाद इस मास्क को चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगा रहने दें। अब गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

# कहीं आपकी खूबसूरती पर भारी न पड़ जाए ज्यादा देर तक लगा फेसमास्क

चहरे की सुंदरता को पाने के लिए महिलाएं कई जतन करती हैं। खासतौर से इन गर्मियों के दिनों में महिलाएं त्वचा का अच्छे से ख्याल रखती हैं। इसके लिए महिलाएं फेसमास्क का उपयोग भी करती हैं ताकि त्वचा कि गंदगी को दूर किया जा सकें, लेकिन जरा संभलकर कहीं आपका फेसमास्क आपकी खूबसूरती के लिए भारी न पड़ जाए। जी हां, अक्सर महिलाएं सोचती हैं फेसमास्क ज्यादा देर तक लगाए रखेंगी, तो ज्यादा खूबसूरती मिलेगी, लेकिन असल में होता इसका उल्टा है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि कसी तरह ज्यादा देर तक फेसमास्क लगाए रहने से त्वचा को नुकसान होता हैं।

### त्वचा की नमी खो जाती है

हर किसी की त्वचा में कुछ नेचुरल ऑयल होते हैं जो इसे कुदरती रूप से मॉइश्चराइज रखते हैं। यह ऑयल त्वचा को हेल्दी बनाए रखने के लिए जरूरी है, लेकिन आप यदि अधिक देर तक फेसमास्क लगाकर रखती हैं, तो यह नेचुरल ऑयल स्किन से निकल जाते हैं और आपके पोर्स अधिक ऑयल निकावने लगते हैं, जिससे त्वाचा का पीएच बैलेंस बिगड़ जाता है और आपकी त्वचा लाल हो सकती है।

### ड्राई स्किन वालों के लिए नुकसानदायक

जिन लोगों की स्किन ड्राई है यदि वह बहुत देर तक फेसमास्क लगाए रखते हैं तो उसे उतारते समय बहुत खिंचाव और दर्द महसूत होता है साथ ही इससे स्किन भी डैमेज हो सकती है। इसलिए फेसमास्क लगाते समय इस बात का ध्यान रखें कि उसे उतनी ही देर लगाए जितना की बोला गया है।

### एलर्जिक रिएक्शन

जिन लोगों की स्किन सेंसिटिव है उन्हें स्किन के एक छोटे से हिस्से पर मास्क लगाकर पहले टेस्ट कर लेना चाहिए, क्योंकि यदि बिना टेस्ट के आप पूरे चेहरे पर मास्क को लंबे समय तक लगाकर रखती है तो चेहरे पर मुहांसे और रैशेज आ सकते हैं। यदि मास्क का ट्रायल करते समय ही त्वचा में जलन महसूस होने लगे, तो तुरंत उस हिस्से को पानी से धो लें।

### स्किन इरिटेशन

कुछ होममेड फेसमास्क से तो किसी तरह का नुकसान नहीं होता है, लेकिन स्किन पर किस चीज को कितनी देर तक लगाए रखना है इस संबंध में जो मास्क लगाने के नियम है उसका पालन करें। मसलन आपको यदि दही-बेसन मास्क आधे घंटे तक ही लगाने के लिए बोला जा रहा है, तो उसे एक घंटे तक लगाकर न रखें। जहां तक बाजार में मिलने वाले मास्क का सवाल है तो उसमें कई तरह के केमिकल मिक्स होते हैं जिससे अधिक समय तक लगाए रखने से त्वचा में जलन (इरिटेशन) की समस्या हो सकती है।



# गुलाब जल के इन पांच टिप्स से निखारें रूप

मुंहासों की समस्या को दूर करने के लिए गुलाब जल का इस्तेमाल करना बहुत ही फायदेमंद होता है। यह त्वचा को साफ करने के साथ ही अपने एंटी-बैक्टीरियल गुण से संक्रमण भी दूर करता है। ये त्वचा पर मौजूद धूल और दूसरी अशुद्धियों को साफ करने का काम करता है। इसके अलावा, अगर आप नियमित रूप से गुलाब जल का इस्तेमाल करते हैं तो इससे त्वचा में कसावट आती है।

यह त्वचा के प्राकृतिक पीएच स्तर को बनाए रखने में मददगार होता है और मुंहासों के बनने के लिए उत्तरदायी बैक्टीरिया को पनपने से रोकता है। हालांकि यह बेहद धीमी गति से अपना असर दिखाता है, इसलिए अगर आप मुंहासों की समस्या के लिए गुलाब जल का इस्तेमाल कर रहे हैं तो आपको पर्याप्त धैर्य रखने की जरूरत होगी। जिन लोगों की त्वचा अति संवेदनशील है, उनके लिए गुलाब जल के इस्तेमाल से बेहतर कुछ भी नहीं।

गुलाब जल को आप रुई में भिगोकर भी चेहरे पर लगा सकते हैं लेकिन आप चाहें तो गुलाब जल को इन तरीकों से भी इस्तेमाल में ला सकते हैं...

> गुलाब जल को आप रुई में भिगोकर भी चेहरे पर लगा सकते हैं लेकिन आप चाहें तो गुलाब जल को इन तरीकों से भी इस्तेमाल में ला सकते हैं...

### • नींबू के साथ गुलाब जल मिलाकर

नींबू में अम्लीय गुण होता है जबकि गुलाब जल में ठंडक देने का। जब इन दोनों को साथ में मिलाया जाता है तो यह एक बेहतरीन उत्पाद बन जाता है। मुंहासों को बढ़ने से रोकने और उनकी रोकथाम के लिए यह एक बेहतरीन उत्पाद है। नींबू के रस की जितनी भी मात्रा आप लें, गुलाब जल की मात्रा उसकी दोगुनी होनी चाहिए। इस मिश्रण को चेहरे पर पंद्रह मिनट तक लगाकर छोड़ दें और फिर साफ पानी से चेहरा साफ कर लें।

### • संतरे के छिलके के पाउडर को गुलाब जल में मिलाकर लगाएं

संतरे के छिलके को धूप में सुखाकर उसे पीस लें। यह पाउडर त्वचा में निखार लाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसमें पर्याप्त मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है जो मुंहासों की समस्या को दूर करने में मददगार होता है। इस पाउडर में थोड़ी सी मात्रा में गुलाब जल मिलाकर एक पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को प्रभावित जगह पर लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। उसके बाद गुनगुने पानी से चेहरा साफ कर लें।

### • चंदन पाउडर के साथ गुलाब जल मिलाकर लगाना भी है फायदेमंद

चंदन पाउडर के साथ गुलाब जल मिलाकर लगाने से एक ओर जहां चेहरे पर निखार आता है वहीं मुंहासों की समस्या भी दूर हो जाती है। चंदन पाउडर में एंटी-बैक्टीरियल गुण होता है जिससे बैक्टीरिया पनपने नहीं पाते हैं।

### • मुल्तानी मिट्टी के साथ गुलाब जल का मिश्रण

रूप निखारने के लिए मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल सदियों से किया जाता रहा है। इसे गुलाब जल के साथ मिलाकर लगाने से एक ओर जहां त्वचा में निखार आता है वहीं त्वचा से जुड़ी कई समस्याएं भी दूर हो जाती हैं।



### • अदरक के साथ गुलाब जल को मिलाकर लगाना भी है फायदेमंद

अदरक में एंटी-बैक्टीरियल गुण पाया जाता है। यह मुंहासों की समस्या के लिए बेहद कारगर उपाय है। मुंहासों की समस्या को दूर करने के लिए और भविष्य में उन्हें पनपने से रोकने के लिए इस मिश्रण का इस्तेमाल करना बेहद फायदेमंद होता है।

# भारत की नजरें इंडोनेशिया के खिलाफ बड़ी जीत पर

## जापान और पाकिस्तान के मैच के नतीजे का भी इंतजार करना होगा

**हाल ही में हुए मैच में जापान ने भारत को 5-2 से हराया**

एजेंसी। जकार्ता

**गत** चैम्पियन भारत को एशिया कप पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिए गुरुवार को इंडोनेशिया को बड़े अंतर से हराने के साथ पूल ए के दूसरे मैच में जापान की पाकिस्तान पर जीत की दुआ भी करनी होगी।

भारत का काम अब सिर्फ अपना मैच जीतने से नहीं चलेगा। इसके लिए जापान और पाकिस्तान के मैच के नतीजे का भी उसे इंतजार करना होगा। भारत पूल ए में जापान (छह अंक) और पाकिस्तान (चार अंक) के बाद तीसरे स्थान पर है। सरदार सिंह के मार्गदर्शन में भारत ने टूर्नामेंट में युवा टीम उतारी है, जिसमें बीरेंद्र लाकड़ा और एसवी सुनील जैसे दो दिग्गज संन्यास का फैसला वापिस लेकर लौटे थे। दोनों मैचों में हालांकि ये दोनों खिलाड़ी कुछ खास नहीं कर पाए। भारत ने पहले मैच में आखिरी क्षणों में गोल गंवाकर पाकिस्तान से 1-1 से ड्रॉ खेला। इसके बाद जापान ने भारत को 5-2 से हराया। अब भारत के सामने इंडोनेशिया को बड़े अंतर से हराने की चुनौती है। इसके साथ ही दूसरे मैच में जापान की पाकिस्तान पर जीत भी जरूरी है। भारत का गोल औसत माइनस तीन है, जबकि पाकिस्तान का प्लस 13 है। पाकिस्तान अगर जापान से हार जाता है और भारत गोल औसत के अंतर को खत्म करके इंडोनेशिया को हराता है तो ही सुपर चार में उसे जगह मिलेगी।

भारतीय युवा खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन का कारण अनुभवहीनता रही। अंतरराष्ट्रीय हॉकी के दबाव को ये खिलाड़ी झेल नहीं पाए। दो मैचों में भारत तीनों विभागों रक्षण, मिडफील्ड और आक्रमण में जूझता नजर आया।



**एशिया कप 2022**

### टीम के पास सरदार या मनप्रीत जैस प्लेमेकर नहीं

भारत के पास मिडफील्ड में सरदार या मनप्रीत सिंह जैसा प्लेमेकर नहीं है। लाकड़ा डिफेंस में लय के लिए जूझते रहे और निर्णायक क्षणों में भारतीय डिफेंस चरमरा गया। फॉरवर्ड पंक्ति में तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता टीम के सदस्य रहे सिमरनजीत सिंह और युवा उत्तम सिंह कुछ नहीं कर सके। पवन राजभर ने जरूर प्रभावित किया। भारत का पेनल्टी कॉर्नर भी खराब रहा क्योंकि रूपिंदर पाल सिंह के कलाई की चोट के कारण ऐन मौके पर हटने के बाद कोई स्तरीय ड्रैग फ्लिकर टीम के पास नहीं था।

# हॉकी इंडिया : कार्यों के संचालन की जिम्मेदारी सीओए को सौंपी

एजेंसी। नई दिल्ली



**कोर्ट का ये आदेश खिलाड़ी असलम की याचिका पर दिया है**

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने खेल संहिता के उल्लंघन के कारण हॉकी इंडिया के रोजर्मा के कार्यों के संचालन की जिम्मेदारी तीन सदस्यीय प्रशासकों की समिति (सीओए) को सौंपी दी। उच्च न्यायालय का यह आदेश पूर्व भारतीय खिलाड़ी असलम शेर खान की याचिका पर आया है, जिन्होंने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा को हॉकी इंडिया का आजीवन सदस्य नियुक्त किए जाने को चुनौती दी थी।

उच्च न्यायालय ने कहा कि खेल संहिता के अंतर्गत हॉकी इंडिया का बत्रा को आजीवन सदस्य और एलेना नोर्मन को सीईओ नियुक्त करना अवैध था। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से संबंधित उच्चतम न्यायालय के मामले का संदर्भ लेते हुए उच्च न्यायालय ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एआर दवे की अगुआई में प्रशासकों की समिति का गठन किया जिसके सदस्य पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी और भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान जफर इकबाल होंगे।

## गोकुलम केरला और सेतु एफसी के मुकाबले से होगा आईडब्ल्यूएफ विजेता का फैसला

एजेंसी। भुवनेश्वर

**गोकुलम** केरला गुरुवार को कलिंग स्टेडियम में सेतु एफसी के खिलाफ होने वाले मुकाबले में लगातार दूसरा इंडियन वुमेन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) खिताब जीतने की कोशिश करेगा जो वर्चुअल फाइनल की तरह होगा।

गुरुवार को मिली जीत से केरला इतिहास में भारत का एकमात्र ऐसा क्लब बन जाएगा जिसकी पुरुष और महिला टीमों ने लगातार दो दो राष्ट्रीय लीग खिताब जीते हों। साथ ही गोकुलम केरला एक ही सत्र में आई लीग और आईडब्ल्यूएल खिताब जीतने वाला भारत का एकमात्र क्लब भी बन जाएगा। इस महीने के शुरू में गोकुलम केरला की पुरुष टीम ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब को 2021-22 सत्र के अंतिम लीग मैच में 2-1 से हराकर लगातार दूसरा आई लीग खिताब जीता था।

गोकुलम केरला ने 2019-20 सत्र में आईडब्ल्यूएल खिताब जीता था जबकि 2020-21 में कोविड-19 महामारी के कारण टूर्नामेंट रद्द हो गया था। उन्होंने पिछले साल एएफसी महिला क्लब चैम्पियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व किया था और तीसरे स्थान पर रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### आईडब्ल्यूएल : हंस वुमैन ने ओडिशा पुलिस को हराया

**भुवनेश्वर।** हंस वुमैन ने शानदार वापसी करते हुए इंडियन वुमैन लीग फुटबॉल के आखिरी लीग मैच में ओडिशा पुलिस को 3-2 से हरा दिया। हंस वुमैन के लिए चौथे मिनट में वाणी कालूचा ने गोल दागा। ओडिशा पुलिस के लिए शिवानी मुंदरी ने बराबरी का गोल किया। ओडिशा की टीम ने 69वें मिनट में सरोजिनी टिर्की के गोल के दम पर बढत बना ली। इसके बाद दिल्ली की हंस टीम के लिए 89वें मिनट में ज्योति अन बुरेट ने बराबरी का गोल किया। बुरेट ने तीन मिनट बाद एक और गोल करके टीम को जीत दिलाई।

### डायमंड लीग से पहले फिनलैंड में ट्रेनिंग करेंगे नीरज : साइ

**नई दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदकधारी भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा तुर्की से अपना ट्रेनिंग बेस (अभ्यास की जगह) फिनलैंड में करेंगे जो पावो नुर्मी खेलों की मेजबानी करेगा, जिसमें वह 14 जून को जोहानेस वेटर के सामने होंगे। नीरज अभी तुर्की के ग्लोरिया स्पोर्ट्स एरिना में ट्रेनिंग कर रहे हैं। 24 साल का यह भारतीय एथलीट 22 जून तक फिनलैंड के कुओरताने ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर में अभ्यास के लिए गुरूवार को रवाना होगा। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने कहा कि चार हफ्ते के ट्रेनिंग सत्र को सरकार की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) द्वारा मंजूरी दी गई है और इससे खेल मंत्रालय का करीब 9.8 लाख रुपये का खर्चा होगा। साइ ने विज्ञप्ति में कहा, कुओरताने से नीरज तुरकू के लिए रवाना होंगे जहां वह पावो नुर्मी खेलों में हिस्सा लेंगे जिसके बाद कुओरताने खेल और फिर स्टॉकहोम में डायमंड लीग होगी। नीरज का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 88.07 मीटर का है और उन्होंने 87.58 मीटर के थ्रो से तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। वह 10 महीने में पहली बार पावो नुर्मी खेलों में हिस्सा लेंगे जो डायमंड लीग के बाद सबसे बड़े ट्रैक एवं फील्ड टूर्नामेंट में से एक है। वह फिर 18 जून को फिलैंड मे कुओरताने खेलों में हिस्सा लेंगे, जिसमें वह पिछले साल तीसरे स्थान पर रहे थे। वह अमेरिका के यूजेने में 15 से 24 जुलाई तक होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में शिरकत करने से पहले 30 जून को स्टॉकहोम में शीर्ष स्तरीय डायमंड लीग प्रतियोगिता में भी हिस्सा लेने की योजना बना रहे हैं।

### आईपीएल : रजत पाटीदार की धमाकेदार बल्लेबाजी

**मुंबई।** लखनऊ और बेंगलुरु के बीच बुधवार को एलिमिनेटर मुकाबला खेला जा रहा था। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दिनेश कार्तिक और रजत पाटीदार क्रीज पर मौजूद हैं। 17 ओवर तक स्कोर 165/4 रन का था। पहला विकेट जल्दी गिरने के बाद विराट कोहली और रजत पाटीदार ने आरसीबी की पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 46 गेंद में 66 रन की साझेदारी हुई। कोहली 25 गेंद में 24 रन बनाकर आवेश खान की गेंद पर आउट हुए। ग्लेन मैक्सवेल भी ज्यादा देर तक बल्लेबाजी नहीं कर पाए और 10 गेंद में 9 रन बनाकर आउट हो गए।

# चेसेबल मास्टर्स : प्रज्ञानानंदा ने अनीश गिरी को हराया

एजेंसी। चेन्नई

**युवा** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा मेल्टवाटर चैम्पियंस शतरंज टूर चेसेबल मास्टर्स टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को बुधवार को 3.5 . 2.5 से हराया।

चार गेम का ऑनलाइन सेमीफाइनल मैच 2.2 से बराबरी पर था जिसके बाद प्रज्ञानानंदा ने टाइब्रेकर में डच धुरंधर को मात दी। गिरी की यह टूर्नामेंट में पहली हार थी। अब उनका सामना चीन के डिंग लिरेन से होगा जो दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हैं। लिरेन ने दूसरे सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को 2.5 . 1.5 से हराया। सेमीफाइनल में प्रज्ञानानंदा पहला गेम हार गए, लेकिन दूसरे में वापसी की। उन्होंने तीसरा गेम जीतकर स्कोर 2 .1 कर दिया हालांकि गिरी ने अपना पूरा अनुभव लगाकर चौथा गेम जीता और मुकाबले को टाइब्रेकर में ले गए। मैच देर रात खत्म हुआ जिसके बाद प्रज्ञानानंदा ने कहा, मुझे 8. 45 पर स्कूल जाना है और अभी रात के दो बज रहे हैं। शानदार फॉर्म में चल रहे प्रज्ञानानंदा ने प्रारंभिक दौर में कार्लसन को हराया था।



**फाइनल में लिरेन से होगा सामना**

# कोहली, रोहित और अश्विन आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 10 में बरकरार

एजेंसी। दुबई

**बांग्लादेश** के लिटन दास और श्रीलंका के अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज को दोनों टीमों के बीच ड्रॉ हुए पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम पुरुष टेस्ट रैंकिंग में फायदा हुआ है जबकि शीर्ष 10 खिलाड़ियों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

बल्लेबाजों की सूची में मार्नस लाबुशेन शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली आठवें और 10वें स्थान पर बने हुए हैं। गेंदबाजी सूची में पैट कमिंस (901 अंक) ने दूसरे स्थान पर मौजूद रविचंद्रन अश्विन पर 51 अंक की बढ़त बना रखी है जबकि भारत के ही तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह तीसरे स्थान पर हैं। भारत के रविंद्र जडेजा आलराउंडर की सूची में शीर्ष पर बरकरार हैं। पिछली और मौजूदा रैंकिंग के दौरान सिर्फ श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला का मुकाबला हुआ इसलिए सिर्फ इन दो देशों के खिलाड़ियों ने अंक हासिल किए।

पहले टेस्ट में बांग्लादेश की एकमात्र पारी में 88 रन बनाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास तीन स्थान के फायदे के 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस मुकाबले में मैन आफ द मैच रहे मैथ्यूज पहली पारी में 199 रन बनाकर पांच स्थान के फायदे से 21वें पायदान पर हैं।

रैंकिंग के सप्ताहिक अपडेट में पहले टेस्ट में शतक जड़ने वाले बांग्लादेश के मुशफिकुर रहीम और तमीम इकबाल को भी फायदा हुआ है। मुशफिकुर 105 रन की पारी की मदद से चार स्थान आगे बढ़कर 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं। तमीम छह स्थान के फायदे से 27वें पायदान पर हैं।



**भाला फेंक, पैदल चाल, 400 मीटर और लंबी दूरी**

# स्पर्धाओं को लोकप्रिय बनाने पर चर्चा करेगा एएफआई

एजेंसी। चंडीगढ़

**भारतीय** एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) इस सप्ताहांत यहां होने वाली अपनी दो दिवसीय वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान जिला स्तर पर लंबी दूरी की दौड़ के अलावा देश भर में भाला फेंक, पैदल चाल और 400 मीटर स्पर्धाओं को लोकप्रिय बनाने के तरीकों पर चर्चा करेगा।

पारदर्शिता, निष्पक्षता और पेशेवरपन को बढ़ावा देने के लक्ष्य के साथ तैयार हुए मुख्य प्रस्तावों को पेश किया जाएगा। एएफआई आयु धोखाधड़ी रोकने और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में किसी अन्य खिलाड़ी की जगह उतरने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रविष्टियों की ऑनलाइन प्रणाली से जुड़े प्रस्ताव पर चर्चा करेगा और इसे स्वीकृति देगा। एएफआई की एजीएम में ओरेगन में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप और बर्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के अलावा अब स्थगित हो चुके हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल की तैयारी की रिपोर्ट पर चर्चा की जाएगी।

महासंघ इसके अलावा तोक्यो ओलंपिक में भारतीय एथलीटों के प्रदर्शन की समीक्षा करेगा जहां भाला फेंक के खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ट्रैक एवं फील्ड में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में भारत ने चार पदक जीते जबकि विश्व पैदल चाल टीम चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम ने देश को पहला पदक दिलाया।

## रामकुमार की ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में पहली जीत

**पेरिस।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने अमेरिकी खिलाड़ी हंटर रीस के साथ मिलकर बुधवार को यहां फ्रेंच ओपन की पुरुष युगल स्पर्धा में डेनियल अल्टमेयर और ऑस्कर ओटे की जर्मनी जोड़ी को हराकर ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रा में पहली जीत दर्ज की।

रामकुमार ग्रैंडस्लैम के एकल मुख्य ड्रॉ में जीत दर्ज करने के कई प्रयास कर चुके हैं, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली है। पर उन्होंने रीस के साथ मिलकर क्ले कोर्ट मेजर टूर्नामेंट के पुरूष युगल के शुरुआती दौर में अपने प्रतिद्वंद्वियों को 7-6, 6-3 से हरा दिया। सत्ताईस वर्षीय भारतीय ने हमवतन रोहन बोपन्ना के साथ मिलकर एडिलेड में पहला एटीपी टूर खिताब और फिर पुणे में टाटा ओपन महाराष्ट्र में ट्राफी जीतकर इस साल के शुरू में युगल रैंकिंग के शीर्ष 100 में जगह बनाई थी। रोहन बोपन्ना और नीदरलैंड के उनके जोड़ीदार माटवे मिडेलकूप ने मंगलवार को साश्चा गुएमार्ड वेएनबर्ग और लुका वान एश्चे की जोड़ी पर 6-4 6-1 की जीत से दूसरे दौर में जगह बनाई थी।

## अंडर-23 में भारतीय 20 सदस्यीय जूनियर महिला टीम अगुआई करेगी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने 19 से 26 जून तक आयरलैंड के डबलिन में होने वाले पांच देशों के अंडर-23 टूर्नामेंट के लिए भारत की 20 सदस्यीय जूनियर महिला टीम घोषित की जिसकी कमान वैष्णवी फाल्के को सौंपी गई है, जबकि मुमताज खान को उप कप्तान बनाया गया है। जूनियर महिला टीम को टूर्नामेंट में नीदरलैंड, आयरलैंड, अमेरिका और यूक्रेन की टीम से भिड़ना है।

कोच एरिक वोनिंक ने कहा, हमारे पास प्रतिभावान खिलाड़ियों का समूह है जो सीखने और सुधार करने के लिए प्रत्येक दिन कड़ी मेहनत कर रही हैं। यह संतुलित टीम है, इनमें से कुछ खिलाड़ियों ने हाल में जूनियर विश्व कप में काफी अच्छा प्रदर्शन किया, कुछ खिलाड़ियों के लिए हालांकि यह पहला बड़ा टूर्नामेंट होगा। भारतीय टीम अपना पहला मैच मेजबान आयरलैड के खिलाफ 19 जून को खेलेगी। टीम को इसके बाद 20 जून को नीदरलैंड से खेलना है जबकि उसका तीसरा मुकाबला 22 जून को यूक्रेन से होगा।

# फ्रेंच ओपन में हार के साथ जो विलफ्राइड सोंगा ने टेनिस को कहा अलविदा

**डेविस कप विजेता फ्रांस की टीम के सदस्य रहे हैं सोंगा**

एजेंसी। पेरिस

**फ्रेंच** ओपन पुरुष एकल वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड से मिली हार के बाद फ्रांस के जो विलफ्राइड सोंगा ने अश्रुपूरित नेत्रों से टेनिस को अलविदा कह दिया। सोंगा को रूड ने 6.7, 7.6, 6.2, 7.6 से हराया।

अपने कैरियर में विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान तक पहुंचे सोंगा 2008 आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल तक पहुंचे और डेविस कप विजेता फ्रांस की टीम के सदस्य रहे। उनका कैरियर हालांकि चोटों से प्रभावित रहा और पिछले साल 36 वर्ष का होने पर उन्होंने साल में 18 मैच खेलना ही तय किया था।

अपने परिवार और घरेलू दर्शकों के सामने टेनिस को अलविदा कहते हुए उन्होंने कहा, मैने ऐसा माहौल कभी नहीं देखा। इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता था। अगर मैं जीत पाता तो सोने पे सुहागा हो जाता। अन्य मैचों में डेनमार्क के होल्गर रूने ने 14वीं रैंकिंग वाले डेनिस शापोवालोव को 6.3, 6.1, 7.6 से हराया।

वहीं चौथी वरीयता प्राप्त सिटसिपास ने लोरेंजो मुसेटी को 5.7, 4.6, 6.2, 6.3, 6.2 से मात दी। महिला वर्ग में 2017 की चैम्पियन एलेना ओस्टापें को, 2018 की चैम्पियन सिमोना हालेप, सातवीं वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका, नौवीं वरीयता प्राप्त डेनिएले कोलिंस, 11वीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला भी दूसरे दौर में पहुंच गई।



# कई बार अहम को भूलकर टिके रहना होता है : बटलर

**क्वालीफायर में 39 रन बनाने के लिए उन्होंने 38 गेंदें खेलीं**

**जोस बटलर ने 15 मैचों में 718 रन बनाए हैं**

एजेंसी। कोलकाता

**राजस्थान** रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज जोस बटलर को यह स्वीकार करने में कोई हर्ज नहीं है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहले क्वालीफायर में उन्हें दिक्कत पेश आई, लेकिन उन्होंने कहा कि कई बार अपने अहम को भुलाकर हड़बड़ाए बिना डटे रहना होता है।

इस सत्र के आरेंज कैपधारी बटलर के 15 मैचों में 718 रन हैं। पहले क्वालीफायर में शुरू में उन्हें दिक्कतें हुई और 39 रन बनाने के लिए उन्होंने 38 गेदें खेलीं। इसके बाद अगले 50 रन 18 गेंद में बनाकर रॉयल्स को छह विकेट पर 188 रन तक ले गए।

मैच सात विकेट से हारने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा, मैं टिके रहना चाहता था। हमारे लिए यह बड़ा मैच था और मैं बड़ा स्कोर चाहता था। कई बार आपको अपना अहंकार भूलना पड़ता है। अगर दिक्कत आ रही है तो फिर आ रही है। मैं बहुत घबराता या परेशान नहीं होता। उन्होंने कहा, विरोधी टीम चाहती है कि मैं घबराऊं और आउट हो जाऊं, मुझे खुद पर भरोसा था और मुझे पता था कि मैं लय हासिल कर लूंगा। इस पारी में थोड़ी देर से मिली।

रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन की 26 गेंद में 47 रन की पारी से बटलर पर से दबाव हटा। उन्होंने कहा, शुरुआत में परेशानी आई लेकिन फिर संजू ने आकर यह पारी खेली। इससे मुझ पर से दबाव हट दिया। मैं टिककर खेलता रहा और आखिर में तेजी से रन बनाए।



### बेंगलोर या लखनऊ से होगा सामना

अब रॉयल्स को दूसरे क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर या लखनऊ सुपर जाइंट्स से खेलना होगा। बटलर ने कहा, हम अभी भी टूर्नामेंट में बने हुए हैं और एक मौका अभी भी हमारे पास है। हम आज निराश है लेकिन अगले मैच में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

# मेरा नाम हमेशा बिकता है, मुझे कोई दिक्कत नहीं : हार्दिक पंड्या

## राजस्थान को पहले क्वालीफायर में सात विकेट से हराने के बाद कहा

एजेंसी। कोलकाता

**हार्दिक** पंड्या ने अपने संक्षिप्त अंतराष्ट्रीय कैरियर में उतार-चढ़ाव, चोट, सर्जरी, विवाद सब कुछ देख लिया लेकिन उनका कहना है कि हर बात का सामना उन्होंने मुस्कुराकर किया।

इन सभी चीजों को पीछे छोड़कर इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस के पहले सत्र में न सिर्फ वह बतौर हरफनमौला चमके बल्कि एक अच्छे कप्तान के रूप में भी उभरे और टीम को फाइनल में ले आए हैं। राजस्थान रॉयल्स को पहले क्वालीफायर में सात विकेट से हराने के बाद वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा, लोग तो बातें करेंगे ही। यह उनका काम है। मैं कुछ नहीं कर सकता सकता। उन्होंने कहा, हार्दिक पंड्या का नाम हमेशा बिकता है और मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है। मैं मुस्कुराकर इसका सामना करता हूं।

**सत्र में पंड्या ने 45 से अधिक की औसत से 453 रन बनाए थे**

मुंबई इंडियंस के साथ मिली सफलता के बाद 2016 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले पंड्या से काफी उम्मीदें थी और उनकी तुलना विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव से की जाने लगी। फिर 2019 में कॉफी विद करण में महिलाओं के बारे में अपमानजनक टिप्पणी के कारण उन्हें निलंबित कर दिया गया। बाद में उन्होंने बीसीसीआई की जांच समिति से माफी मांग ली थी। भारत के लिए आखिरी मैच वह आठ नवंबर को दुबई में टी20 विश्व कप में नामीबिया के खिलाफ खेले थे। उसके बाद से कमर के ऑपरेशन के कारण गेंदबाजी में जूझते नजर आए। मुंबई इंडियंस से रिलीज होने के बाद आईपीएल सत्र से पहले मेगा नीलामी में गुजरात ने उन्हें 15 करोड़ रुपये में खरीदा। उन्हें कप्तानी दिए जाने पर भी सवाल उठे थे, लेकिन अपने मेंटोर एमएस धोनी की तरह कैप्टन कूल पंड्या ने आलोचकों को अपने प्रदर्शन से जवाब दिया।



### एमएस धोनी की जमकर तारीफ की

उन्होंने कहा, माही भाई ने मेरे जीवन में बड़ी भूमिका निभाई है। वह मेरे लिए भाई, दोस्त और परिवार की तरह है। मैने उनसे काफी अच्छी बातें सीखी। व्यक्तिगत रूप से मजबूत रहकर ही मैं इन सब चीजों का सामना कर सका। इस सत्र में पंड्या ने 45 से अधिक की औसत से 453 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 132.84 का रहा है। उन्होंने 7.73 की इकॉनामी से पांच विकेट लिए हैं। उन्होंने कहा, कप्तानी से पहले भी मैं हर हालात में शांतचित्त रहता था। इस तरह ही बेहतर फैसले लिए जा सकते हैं। अपने कैरियर और जीवन में भी हड़बड़ाने की बजाय मैं दस सेकेंड रूकना पसंद करता हूं। अपने घरेलू मैदान मोटेरा पर रविवार को होने वाले फाइनल के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, यह शानदार होगा। इतना बड़ा स्टेडियम, हमारा घरेलू मैदान, अपना राज्य। उम्मीद है कि स्टेडियम पूरा भरा होगा।

# भारत अंडर-17 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करेगा : अदिति

एजेंसी। कोलकाता

**भारतीय** महिला फुटबॉल टीम की स्टार गोलकीपर अदिति चौहान को लगता है कि देश में 2019 के बाद से सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता की अनुपस्थिति के बावजूद आगामी विश्व कप के लिए अंडर-17 टीम की तैयारियों में कोई कमी नहीं हुई है।

भारत ने अपनी अंतिम अंडर-17 राष्ट्रीय चैम्पियनशिप अप्रैल 2019 में कराई थी, लेकिन इसके बाद कोरोना वायरस के प्रकोप के कारण सारी योजनाएं विफल हो गई थीं। लेकिन अदिति को लगता है कि भारतीय टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है और अंडर-17 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक होगी। अदिति ने कहा, यह ग्रुप पिछले कुछ समय से इसकी तैयारियों में जुटा है। उन्होंने कहा, उन्हें नयमित मैच समय मिल रहा है और अभ्यास भी नियमित रूप से हो रहा है, उम्मीद करते हैं कि उन्हें विश्व कप से पहले और अधिक मैत्री मैच खेलने को मिलेंगे। अदिति ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि खिलाड़ी विश्व कप में घरेलू दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन करेंगे। भारतीय अंडर-17 कोच थॉमस डेनरबी ने पहले ही 33 संभावित खिलाड़ियों को चुन चुके हैं जो इस समय जमशेदपुर में ट्रेनिंग में जुटी हैं।

